CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 17°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 1 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 73 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 | 12 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तराखंड की कानून व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त : राहुल गांधी पेज 2



'सीएसके छोड़ना इमोशनल था': रवींद्र जडेजा खेल टाइम्स



ईरान-इजरायल युद्ध का भारत पर प्रभाव सम्पादकीय



ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार ट्रम्प पेज 12

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर लगेगा टोल, अमेरिका-इजरायल पर तेहरान का कड़ा प्रहार

**तेहरान।** ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने होर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन से जुड़ी एक बड़ी योजना को हरी झंडी दे दी है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, इस योजना के तहत इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते से गुजरने वाले जहाजों से टैक्स (टोल) वसूला जाएगा।

मीडिया के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के एक सदस्य ने बताया कि इस योजना को आधिकारिक तौर पर मंजूरी मिल गई है। इसमें कई मुख्य बातों पर ध्यान दिया गया है। इनमें स्ट्रेट की सुरक्षा व्यवस्था, जहाजों की सुरक्षा, पर्यावरण का बचाव और पैसों के लेन-देन के नियम शामिल हैं। खास बात यह है कि जहाजों को टैक्स का भुगतान ईरान की मुद्रा रियाल में करना होगा। इस नई योजना में अमेरिका और इजरायल के जहाजों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उन देशों के जहाजों को भी यहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिलेगी जो ईरान के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंधों में शामिल हैं। यह योजना इस क्षेत्र में ईरान और उसकी सेना की ताकत को और मजबूत करती है। इस रास्ते के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने में ईरान ओमान की मदद लेगा। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका- इजरायल गठबंधन के बीच संघर्ष चल रहा है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है। दुनिया भर में होने वाली तेल की सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर जाता है। ईरान इस रास्ते पर अपना पूरा नियंत्रण करना चाहता है।



■ ईरानी संसद की सुरक्षा समिति से मिली मंजूरी

### कुवैत के तेल टैंकर पर हमला, ईरान का एमक्यू-9 ड्रोन गिराने का दावा

**तेहरान।** ईरान की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने मंगलवार को इस्फहान के पास एक एमक्यू-9 ड्रोन को निशाना बनाया है। ईरान का दावा है कि ये ड्रोन अमेरिका-इजरायल का है। ईरानी सेना के हवाले से मीडिया ने बताया कि ड्रोन को इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया गया। ईरान ने अमेरिका-इजरायल के अब तक कुल 146 ड्रोन तबाह करने का दावा किया है। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बेहद खास है और इसे आमतौर पर सर्विलांस और हमलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह एक महंगा ड्रोन है और इस एक ड्रोन की कीमत करीब 3 करोड़ डॉलर के करीब है। ईरान ने कुवैत के तेल टैंकर को निशाना बनाया है।

### अमेरिकी हमलों में दिल्ली आने वाला ईरानी विमान क्षतिग्रस्त

**तेल अवीव।** ईरान में महान एयरलाइंस का एक प्लेन अमेरिकी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया। यह विमान मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था और नई दिल्ली आने वाला था। इसका मकसद भारत से दवाइयों और दूसरी जरूरी राहत सामग्री लेकर जाना था। इस हमले से जहाज को ढांचागत नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई, जिससे आसपास के पानी में तेल फैलने की आशंका है।

# मुजफ्फरनगर में पति-पत्नी व दो बच्चों के शव मिलने से सनसनी



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पति द्वारा पत्नी व दोनों बच्चों की हत्या कर जान देने की चर्चा

**मुजफ्फरनगर।** नगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला सरवट में एक घर में इतनी भयावह घटना हुई जहां लोगों के रोंगटे खड़े हो गए और नजारा देखने वालों की रूह कांप उठी। मौके पर पहुंची पुलिस भी काफी देर तक घटना को देखकर आश्चर्यचकित रही, क्योकि सरवट के पेंटर के घर में पेंटर और उसकी पत्नी तथा उसके दो मासूम बच्चों के शव पड़े हुए थे।

मैन गेट की अंदर से कुंडी लगने के कारण यह साफ हो रहा था कि मामला आत्महत्या का है। जिस समय आसपास के लोग मौके पर पहुंचे उस समय घर के मुखिया का शव पंखे में लटक रहा था, जबकि मासूम बच्चों की लाशें बैड पर पड़ी थी और पत्नी का शव फर्श पर पड़ा था। मौके पर पहुंचे जनपद के पुलिस मुखिया और तीनों थानों की फोर्स, विधिविज्ञान प्रयोगशाला की टीम, डॉग स्क्वायड ने गहनता से इस मामले की जांच पड़ताल की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इसके बाद पुलिस ने घर पर सील लगा दी। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला सरवट निवासी 32 वर्षीय इरशाद पुत्र स्व. जरीफ रंगाई पुताई का काम करता था। इरशाद सरवट महमूद नगर के मेम्बर वाजिद का खानदानी भाई भी था। इरशाद के घर में पूरी रात हलचल व विवाद, चिल्लाने और गाली-गलौज की आवाजें आती रही, लेकिन सवेरे जब लोगों की आंख खुली, तो इरशाद उसकी 30 वर्षीय पत्नी नूरीन पुत्री महबूब उर्फ मंगल और दो वर्ष के आहिल और दो माह की अक्शा का शव पड़ा हुआ था। यह मानों की इस घर का पूरी तरह चिराग बुझ गया या यूं कहा जाए कि किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी के बाद पूरा ही परिवार खत्म हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार सवेरे इरशाद के घर से न तो बच्चे बाहर आए और न ही किसी के बोलने की आवाज सुनाई पड़ी। इरशाद के भाई नौशाद ने आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खटखटाने पर भी कोई हलचल नहीं हुई जब नौशाद ने ऊपर जाकर देखा, तो उसके भाई इरशाद का शव पंखे में फांसी पर लटक रहा था और भाभी का शव फर्श पर पड़ा हुआ था, जबकि भतीजे और भतीजी की लाशें बैड पर पड़ी थी। इसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के कुछ देर बाद ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीओ सिटी, तीनों थाने की फोर्स, विधि विज्ञान प्रयोगशाला और डॉग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल शुरू की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वायुसेना के लिए 1950 करोड़ की लागत से खरीदे जाएंगे माउंटेन रडार

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में हवाई निगरानी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय वायुसेना के लिए संबंधित उपकरणों और आवश्यक बुनियादी ढांचे सहित दो 'माउंटेन रडार' की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत से प्रमुख पूंजीगत अधिग्रहण अनुबंध किया है। इस अनुबंध पर (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत मंगलवार को यहां रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इसे आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के तहत भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ गिरे ओले

**नई दिल्ली।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के कारण 5 अप्रैल तक कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट है। सोमवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 राज्यों में बारिश की संभावना है। वहीं दिल्ली में मंगलवार सुबह धुंध छाई रही। राजस्थान के 6 जिलों में सोमवार शाम बारिश हुई, जिससे तापमान में 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मध्य प्रदेश के 8 जिलों में ओले गिरे। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर समेत चार जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में बर्फबारी हुई। जबकि शिमला के कुमारसैन में भारी बारिश से स्टोन फ्रूट की फसल को नुकसान पहुंचा। लद्दाख के द्रास में ताजा बर्फबारी से तापमान गिरा।

### बस्तर में 105 हथियार के साथ 33 नक्सली गिरफ्तार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज के चार जिलों में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 33 कैडर (नक्सलियों) को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने इन अभियानों में भारी मात्रा में हथियार, नकदी और सोना भी बरामद किया है। बीजापुर जिले में 25 कैडर को पकड़ा गया।

# राष्ट्रीय PNG अभियान 30 जून तक बढ़ा

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा: ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया के निरंतर बदलते घटनाक्रम के बीच सरकार निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति, सुरक्षित समुद्री संचालन, पश्चिम एशिया क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों को जरूरी सहायता पहुंचाने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से समन्वित कदम उठा रही है।



■ सरकार ने गैस वितरण कंपनियों से पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने के लिए कहा

■ मार्च में 3.1 लाख से अधिक कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण उपजी स्थिति से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देते हुए कहा कि गैस वितरण कंपनियों से पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को 30 जून तक बढ़ाया गया है। मार्च में 3.1 लाख से अधिक कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई और 2.7 लाख से अधिक नए कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं और गैस आपूर्ति की जा रही है वक्तव्य में कहा गया है कि एक मार्च से प्रतिदिन औसतन 50 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। साथ ही 23 मार्च से अब तक प्रवासी श्रमिकों को 5 किलोग्राम एफटीएल के 3 लाख 20 हजार सिलेंडरों की बिक्री की गई है। अकेले शनिवार को ही 63 हजार सिलेंडर बेचे गए हैं। सरकार ने अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का आग्रह किया है। वक्तव्य के अनुसार अब तक 959 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई और पिछले 24 घंटों में 9 की वापसी हुई है। पूरे भारत में बंदरगाह संचालन सामान्य है और किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ की सूचना नहीं है। पश्चिम एशिया संकट के शुरू होने के दिन 28 फरवरी से अब तक 5.72 लाख से अधिक यात्री भारत लौट चुके हैं। समूचे पश्चिम एशिया क्षेत्र में भारतीय मिशनों की हेल्पलाइन चौबीसों घंटे कार्यरत हैं। वक्तव्य में कहा गया है कि देश में सभी रिफाइनरी उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार बना हुआ है। रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सरकार ने कहा है कि कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी के उदाहरण देखे गए हैं, जिससे खुदरा आउटलेट पर असामान्य रूप से अधिक बिक्री और भीड़भाड़ हुई है। हालांकि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने दोहराया है कि लोग अफवाहों पर विश्वास न करें। अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकारों से भी प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का अनुरोध किया गया है। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन को 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत की 80 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है। संचालित यूरिया संयंत्रों को आपूर्ति अब उनके पिछले 6 महीनों की औसत खपत के लगभग 70.75 प्रतिशत पर स्थिर है। आपूर्ति बनाए रखने और पाइपलाइन संचालन संतुलन के लिए अतिरिक्त एलएनजी कार्गो और पुनर्गैसीकृत एलएनजी (आरएलएनजी) भी जुटाए जा रहे हैं।

# आईएएस रिंकू सिंह राही ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 'काम नहीं, सिर्फ वेतन', सिस्टम पर उठाए गंभीर सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के 2022 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उन्हें कोई जिम्मेदारीपूर्ण पोस्टिंग नहीं दी जा रही थी और न ही कोई सार्थक काम सौंपा जा रहा था।

अपने इस्तीफे में राही ने कहा कि वे उप्र राजस्व परिषद से संबद्ध थे, लेकिन वहां उन्हें केवल वेतन मिल रहा था, जनसेवा का कोई अवसर नहीं। उन्होंने इसे अपना नैतिक निर्णय बताते हुए कहा कि बिना काम के पद पर बने रहना उनके सिद्धांतों के खिलाफ है। राही ने अपने पत्र में दावा किया कि प्रशासनिक व्यवस्था के भीतर एक समानांतर तंत्र काम कर रहा है, जिसमें ईमानदार अधिकारियों को प्रभावी भूमिका नहीं दी जाती।

# नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़, नौ श्रद्धालुओं की मौत

■ मृतकों में आठ महिलाएं भी शामिल

■ आश्रितों को 2-2 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर में भीषण भगदड़ मच गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 8 महिलाएं शामिल हैं, जिनकी भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

बाकी घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। इस हादसे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की ओर मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है। वहीं, घायलों के लिए केंद्र सरकार ने 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। जबकि राज्य सरकार ने घायलों का पूरा इलाज कराने की घोषणा की है। घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बड़ा एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ देहरादून में कुठालगेट चौकी इंचार्ज व उप आबकारी निरीक्षक निलंबित

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में हाल ही में हुई कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोबन सिंह, उप आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मसूरी, जनपद-देहरादून और प्रभारी कुठालगेट चौकी उपनिरीक्षक ना.पु अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### मुख्य सचिव के बार संचालन में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई के निर्देश

मुख्य सचिव ने बार संचालन के नियमों का पालन ना करने वाले बार और अवैध बार संचालकों पर भी कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपनी ड्यूटी को मुस्तैदी से न करने वाले लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शहर के आसपास के क्षेत्रों में खुले होम स्टे पर भी निगरानी किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए होम स्टे की मैपिंग की जाए एवं निगरानी रखी जाए कि ये होम स्टे जो टूरिज्म प्रमोशन के लिए बने थे, कहीं लगातार बार लाइसेंस लेकर इसका दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं। किरायेदारों और पीजी में रहने वालों का भी सघन सत्यापन अभियान चलाया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जाए और सभी अवांछित एवं हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रोड रेज, फायरिंग और देर रात तक चलने वाली अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम जनता की सुरक्षा है और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को पूरी सख्ती और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। देहरादून में हालिया घटना के बाद संबंधित -शेष पृष्ठ दो पर

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsug236@gmail.com
Or Contact: 8937095006

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
B.Sc. (Computer Science)
B.A. (Economics) B.Sc. (Botany)
M.Com. B.Com.
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

## संक्षिप्त समाचार

### युद्ध लंबा चला तो महंगे हो सकते हैं मोबाइल फोन, कंप्यूटर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण मेमोरी और चिपसेट की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने लगी है और युद्ध लंबा चलने की स्थिति में मोबाइल फोन, कंप्यूटर और हर उस डिवास के दाम बढ़ सकते हैं, जिनमें इनका इस्तेमाल होता है। भारत में नोकिया इंडिया की प्रबंधक विभा मेहरा ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी करने के बाद संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि युद्ध के कारण दूसरी चीजों के साथ मेमोरी और चिपसेट की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। अभी डिवाइसों की आपूर्ति को लेकर कोई समस्या नहीं है, क्योंकि पर्याप्त इनवेंटरी उपलब्ध है, लेकिन युद्ध जारी रहा तो मध्यम अवधि (छह महीने से दो साल) में असर दिखने लगेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल मेमोरी और चिपसेट के दाम बढ़ने लगे हैं।


### कांग्रेस सांसद तिवारी ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद एवं राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि देश में नफरत और साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने मंगलवार को बयान जारी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा नफरत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और देश की एकता एवं अखंडता के लिए बलिदान दिया है। तिवारी ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार देश को चलना चाहिए, लेकिन भाजपा समाज में विभाजन पैदा कर रही है। जातिवाद और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रही है, जिससे सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के बयान गैर-जिम्मेदाराना होते हैं और उन्हें अपने शब्दों पर संयम रखना चाहिए।

## सभी किसानों के लिए फार्मर आइडेंटिटी कार्ड जरूरी: शाही

# यूपी में एमएसपी पर होगी रबी फसल की खरीद

शाह टाइम्स ब्यूरो



- किसानों को डीबीटी के माध्यम से होगा सीधा भुगतान
- फसलों की खरीद 2 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक (90 दिनों) की अवधि में की जाएगी, पेट्रोल-डीजल की अफवाह को बताया निराधार

**लखनऊ।** यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोक भवन में प्रेस कांफ्रेंस कर किसानों के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि मूल्य समर्थन योजना (एमएसपी) किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने की केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसे राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत सरकार चना, मसूर, सरसों और तूर (अरहर) की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करेगी, जिनमें चना 5875 प्रति कुंतल, मसूर 7000 प्रति कुंतल, सरसों 6200 प्रति कुंतल, तूर (अरहर) की खरीद 8000 प्रति कुंतल की जाएगी। उन्होंने बताया कि फसलों की खरीद 2 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक (90 दिनों) की अवधि में की जाएगी। मंत्री ने बताया कि खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सभी क्रय केंद्रों पर आधार सक्षम पीओएस मशीनें लगाई गई हैं। इससे किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी और भुगतान सीधे उनके आधार-लिंक्ड खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से किया जाएगा। इस वर्ष करीब 190 क्रय केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव है। गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से 15 जून तक होगी, जबकि सरसों, चना और मसूर की खरीद 30 जून तक चलेगी। आवश्यकता पड़ने पर अरहर की खरीद अवधि भी बढ़ाई जा सकती है। मंत्री ने किसानों से अपील की है किप्रदेश में 25 लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैलाई गई अफवाहों को भी उन्होंने निराधार बताया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक किसानों को 5660.33 करोड़ की क्षतिपूर्ति दी जा चुकी है।उन्होंने बताया कि कि प्रदेश के सभी किसानों के लिए फार्मर आइडेंटिटी कार्ड बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। 50 लाख किसान यह कार्ड नहीं बनवा सके हैं, जिन्हें 30 अप्रैल 26 तक का समय दिया गया है।

### योगी की मां पर टिप्पणी करने वाला मौलाना बिहार में धरा गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर टिप्पणी करने वाले विवादित मौलाना अब्दुल्ला सलीम को उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र के दलमालपुर गांव में छापेमारी कर हिरासत में लिया है। एसटीएफ उसे लेकर यूपी आ रही है। इस बाबत एसटीएफ के अधिकारियों का कहना है कि उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया है, बल्कि एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मौलाना अब्दुल्ला सलीम मूल रूप से बिहार के अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत महलगांव का निवासी है। उस पर आरोप है कि उसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

## मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी योजना धोखा साबित: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



- परियोजना के तहत शहरों के समग्र विकास के बजाय सीमित क्षेत्रों में काम कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए मंगलवार को इसे 'धोखा' करार दिया और कहा कि यह योजना अपने उद्देश्य से भटक गई और आम नागरिकों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचा।

गांधी ने एक बयान में आरोप लगाया कि परियोजना के तहत शहरों के समग्र विकास के बजाय सीमित क्षेत्रों में काम कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया, जबकि जमीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा ष्कोई भी शहर तब तक 'स्मार्ट' नहीं हो सकता, जब तक वह अपने नागरिकों को साफ पानी, स्वच्छ हवा और सुरक्षा जैसी बुनियादी गरिमा उपलब्ध नहीं कराता। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करीब 48 हजार करोड़ रुपये खर्च होने और 97 प्रतिशत परियोजनाओं के पूरे होने का दावा किया गया, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग है। सवाल उठाया कि कितने शहरों में वास्तव में ठोस बदलाव आया और लोगों के जीवन में क्या सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि दूषित पानी, खुले सीवर, गिरते पुल और धंसती सड़कें इस योजना की विफलता को उजागर करती हैं।

## उप्र में पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी पर छापे

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने 17000 से ज्यादा स्थानों पर की कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एलपीजी और पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी पर सख्ती दिखाते हुए 12 मार्च से अब तक पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। सरकार के मुताबिक इस अवधि में 17,581 छापे और निरीक्षण किए गए, जिससे आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में मदद मिली है।

सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार इस कार्रवाई के दौरान 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सचिव के निर्देश पर सभी जिलों में प्रशासन अलर्ट मोड में है और जिला पूर्ति अधिकारी तथा अन्य अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं, ताकि आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर और ईंधन मिल सके। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के खिलाफ 33 एफआईआरकी गई हैं, जबकि अन्य मामलों में 189 एफआईआर, 17 गिरफ्तारियां और 224 लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। करीब 91,000 किलोलीटर पेट्रोल और लगभग 1.15 लाख किलोलीटर डीजल स्टॉक में उपलब्ध है। राज्य में 12,888 पेट्रोल पंप सक्रिय रूप से संचालित हैं। 27 से 29 मार्च के बीच हजारों किलोलीटर ईंधन की बिक्री दर्ज की गई, जिससे सप्लाई चेन मजबूत बनी हुई है। राज्य में 4,107 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## अपराधियों को टिकट नहीं मिलेगा: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जनहित के प्रति सरकारों की उदासीनता से जनता त्रस्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि चुनाव में किसी भी आपराधिक छवि वाले को पार्टी टिकट नहीं देगी। साथ ही उम्मीदवारों के चयन में सर्वसमाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

रविवार को लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की अहम बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को तेज करने पर जोर दिया। बैठक में मायावती ने पार्टी के पिछले दिशा-निर्देशों की समीक्षा करते हुए कहा कि देश और जनहित के प्रति सरकारों की उदासीनता से जनता त्रस्त है और अब वह उम्मीद भरी नजरों से बसपा की ओर देख रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ काम करना होगा, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खासकर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और गरीब राज्य में रोजगार, महंगाई और आजीविका की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। सरकारें इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल वादों और जुमलेबाजी तक सीमित हैं, जिससे आमजन का जीवन और कठिन हो गया है। मायावती ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक तनाव, विशेषकर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मेहनतकश वर्ग पर पड़ा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने आत्मनिर्भरता के मुद्दे पर कहा कि यह केवल नारा नहीं बल्कि इसे वास्तविकता में बदलने की जरूरत है। इसके लिए सरकार को दीर्घकालीन और सर्वसम्मति आधारित नीति बनानी चाहिए। उन्होंने 14 अप्रैल को भीमराव अम्बेडकर जयंती को पूरे प्रदेश में मिशनरी भावना से मनाने का आह्वान किया और लखनऊ स्थित अम्बेडकर स्मारक पर बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि देने की अपील की। आरक्षण व सामाजिक न्याय के मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों पर कहा कि बहुजन समाज के हितों की रक्षा के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी है।

## उत्तराखंड की कानून व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यह अत्यंत चिंता की बात है कि शांति और सुरक्षा की पहचान रखने वाले उत्तराखंड की कानून व्यवस्था भाजपा शासन में ध्वस्त हो गई है और वहां सीमाओं की रक्षा करने वाले सैन्य अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से देहरादून में अपराध बढ़ रहे हैं, उससे साबित हो गया है कि भाजपा शासन में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। उन्होंने लिखा- देहरादून में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर वी के जोशी की दिनदहाड़े निर्मम हत्या साफ बताती है कि उत्तराखंड की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरहद पर देश की रक्षा में जीवन समर्पित करने वाले ही आज अपने शहर में ही असुरक्षित हैं, आम नागरिक और कई समुदाय डर कर जीने को मजबूर हैं। भाजपा राज में सिर्फ अपराधी बेखौफ और महफूज है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कभी शांति और सुरक्षा की पहचान रहा हमारा उत्तराखंड, आज भाजपा के गैर-जिम्मेदार नेतृत्व में हिंसा, हत्या और भय के साए में सिमट कर रह गया है। गौरतलब है कि राजपुर थानाक्षेत्र के जोहड़ी गांव में युवकों के दो गुटों के बीच फायरिग में सुबह की सैर पर निकले सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जोशी की गोली लगने से मौत हो गई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 73583.22
निफ्टी 22819.60



सोना 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 225000
प्रति किलो



# एक महीने में 11 फीसदी लुढ़का सेंसेक्स छह साल में पहली बार सालाना गिरावट

मुंबई, वार्ता



**रुपये के लगातार गिरने से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय पूंजी बाजार से पैसा निकाल रहे, अकेले इक्विटी में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की गई है**

पश्चिम एशिया संकट के कारण मार्च में प्रमुख सूचकांकों में 11 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है और कोरोना काल के बाद छह साल में पहली बार वित्त वर्ष के दौरान इसने नकारात्मक रिटर्न दिया है।

वित्त वर्ष 2025.26 के आखिरी कारोबारी दिवस पर सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। पूरे वित्त वर्ष के दौरान इसमें 5,467.37 अंक यानी 7.06 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। वित्त वर्ष 2019.20 के बाद यह पहला मौका है जब सेंसेक्स ने नकारात्मक रिटर्न दिया है। कोरोना के कारण लॉकडाउन लगने से मार्च 2020 में शेयर बाजारों में भारी गिरावट रही थी और 2019.20 में सेंसेक्स 23.80 प्रतिशत टूटा था। खास बात यह रही कि पहले 11 महीने में फरवरी 2026 तक सेंसेक्स 3,872.27 अंक ऊपर था, लेकिन मार्च में यह 9,339.64 अंक यानी 11.49 प्रतिशत का गोता लगा गया। पश्चिम एशिया संकट के कारण एक तरफ निवेशक बाजार में जोखिम लेने से कतरा रहे हैं, तो दूसरी तरफ रुपया कमजोर होता जा रहा है। रुपये के लगातार गिरने से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय पूंजी बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। अकेले इक्विटी में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। इससे शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक मार्च में 2,847.25 अंक यानी 11.31 प्रतिशत लुढ़ककर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ। पूरे वित्त वर्ष के दौरान इसमें 1,187.95 अंक (5.05 प्रतिशत) की गिरावट रही। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली कंपनियों ने मार्च में बड़ी गिरावट के बावजूद पूरे वित्त वर्ष के दौरान सकारात्मक रिटर्न दिया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 421.75 अंक (2.90 प्रतिशत) की बढ़त से साथ 14,983.35 अंक पर पहुंच गया। मार्च में सूचकांक 10.63 प्रतिशत टूटा है। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 सूचकांक में सालाना 891.90 अंक यानी 5.54 प्रतिशत की गिरावट रही। मार्च में यह 10.19 फीसदी टूटा है। रुपया फिलहाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर है। यह सोमवार को पहली बार 95 रुपये प्रति डॉलर के पार निकल गया।

## ओद्योगिक विकास में यूपी की बड़ी छलांग

### नौ साल में 17 हजार से ज्यादा नए कारखाने, 16 लाख से अधिक रोजगार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बीते नौ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। अप्रैल 2017 से अब तक प्रदेश में 17,841 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है, जो स्वतंत्रता के बाद 70 वर्षों (1947 से मार्च 2017) में पंजीकृत 14,178 कारखानों से भी अधिक है। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार इस तरह प्रदेश में कुल पंजीकृत कारखानों की संख्या बढ़कर 32,019 हो गई है। सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीतियों, पारदर्शी प्रक्रियाओं और मजबूत कानून-व्यवस्था ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। सिगल विडो सिस्टम, ऑनलाइन क्लीयरेंस, भूमि बैंक और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सुविधाओं के चलते देश-विदेश के निवेशकों ने यूपी की ओर रुख किया है। यही वजह है कि सितम्बर 2023 से अब तक 10,194 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में 4,746 इकाइयां जुड़ी हैं। नए पंजीकृत कारखानों में वर्तमान में 16,53,179 लोग कार्यरत हैं। इनमें 15,29,907 पुरुष और 1,23,272 महिलाएं शामिल हैं। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश में सामाजिक आर्थिक बदलाव का संकेत मानी जा रही है। आंकड़ों के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10,895 कारखाने पंजीकृत हुए हैं। इसके अलावा मध्य यूपी में 3,526, पूर्वी यूपी में 3,205 और बुंदेलखंड में 215 कारखाने स्थापित किए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार ने क्षेत्रीय असंतुलन को कम करते हुए सभी क्षेत्रों में उद्योगों को बढ़ावा दिया है। प्रदेश में 14,412 कारखाने ऐसे हैं, जहां 100 तक श्रमिक कार्यरत हैं, जबकि 3,213 कारखानों में 101 से 1000 श्रमिक काम करते हैं। वहीं 118 बड़े कारखानों में 1000 से अधिक श्रमिक कार्यरत हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के साथ-साथ बड़े उद्योगों को भी समान रूप से प्रोत्साहन मिला है। एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, एयरपोर्ट और लॉजिस्टिक हब जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने विकास को गति दी है। अब केवल कृषि आधारित राज्य न रहकर तेजी से औद्योगिक राज्य के रूप में उभर रहा है, जहां उद्योगों के विस्तार से रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूती मिल रही है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अमित शाह पर कांग्रेस का हमला

### जयराम रमेश ने कहा- गृह मंत्री ने लोकसभा में चमत्कार कर दिखाया

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने लोकसभा में एक चमत्कार कर दिखाया, जब वे 90 मिनट तक लगातार बोलते रहे। इस दौरान उन्होंने एक बार भी अपने पसंदीदा गाली वाले शब्द का इस्तेमाल नहीं किया।

विपक्षी पार्टी की यह टिप्पणी शाह के उस बयान के एक दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने घोषणा की थी कि देश अब नक्सलियों से मुक्त हो गया है, क्योंकि माओवादियों की शीर्ष संस्था और केंद्रीय ढांचा लगभग पूरी तरह से खत्म हो चुका है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि उग्रवादियों द्वारा फैलाई गई हिंसा के लंबे दौर को खत्म करने के लिए उसने कुछ भी नहीं किया। लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त कराने के प्रयासों पर हुई बहस का जवाब देते हुए शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कई बार सार्वजनिक रूप से नक्सलियों के हमदर्दों के साथ देखा गया और उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से माओवादियों के प्रति हमदर्दी दिखाने वाले वीडियो भी पोस्ट किए।

## यूपी में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनटीपीसी लिमिटेड ने राज्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। कंपनी ने इसके लिए प्रयागराज, ललितपुर और सोनभद्र को संभावित स्थल के रूप में चिन्हित किया है। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) दिवाकर कौशिक के अनुसार अंतिम निर्णय राज्य सरकार द्वारा व्यवहार्यता अध्ययन और आवश्यक मंजूरियों के बाद लिया जाएगा। परियोजना के लिए भूमि और जल संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा मांग और जलवायु लक्ष्यों को देखते हुए परमाणु ऊर्जा को कोयला आधारित बिजली के विकल्प के रूप में विकसित किया जा रहा है। हालांकि उत्तर प्रदेश जैसे घनी आबादी वाले राज्य में भूमि उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। संयंत्र के लिए बड़े भू-भाग के अधिग्रहण और पुनर्वास की प्रक्रिया परियोजना के क्रियान्वयन में बाधा बन सकती है। यह प्रस्ताव एनटीपीसी की 2032 तक कुल स्थापित क्षमता को 149 गीगावाट तक पहुंचाने की योजना का हिस्सा है, जिसमें 60 गीगावाट गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इस बीच कंपनी के उत्तरी क्षेत्र ने 29 मार्च तक 1,10,992 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया है।

## बच्ची से रेप-हत्या के दोषी को फांसी

### समाज को झकझोरने वाला अपराध: पोक्सो कोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज जिले में विशेष पोक्सो कोर्ट ने एक बहुचर्चित मामले में सख्त फैसला सुनाते हुए आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी मुकेश पटेल को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह घटना प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र की है, जहां दोषी ने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी।

विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह अपराध 'अत्यंत जघन्य' है और 'समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला' है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कठोरतम सजा देना न्यायसंगत है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि मृत्युदंड का अर्थ है दोषी को फांसी पर लटकाकर मृत्यु देना। फैसला सुनाते समय अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों को सुनने के साथ-साथ केस से जुड़े सभी साक्ष्यों और दस्तावेजों का गहन अवलोकन किया। इसके बाद ही दोषी करार देते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई।

### यह था मामला

बता दें कि 3 अक्टूबर 2024 की शाम करीब 6.30 बजे शिवगढ़ चौराहे के पास लगे दुर्गा पूजा पंडाल में गई आठ वर्षीय बच्ची घर लौटते समय लापता हो गई थी। अगले दिन 4 अक्टूबर 2024 को बच्ची का शव गांव के मुन्ना पहलवान के धान के खेत में नग्न अवस्था में मिला। शव पर अत्यधिक क्रूरता के निशान थे, बच्ची के दोनों हाथ-पैर और सारे दांत टूटे थे, मुंह से खून झाग निकल रहा था और निजी अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। पीड़िता की मां ने तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि दोषी मुकेश पटेल ने बच्ची के साथ रेप कर क्रूरता से हत्या कर दी गई। गवाहों के बयानों के आधार पर दोषी मुकेश पटेल की पहचान और गिरफ्तारी हुई। जांच में यह सिद्ध हुआ कि दोषी ने हत्या, रेप और गंभीर यौन उत्पीड़न जैसे जघन्य अपराध किए हैं। जांच में साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर दोषी की गिरफ्तारी हुई और 10 दिसंबर 2024 को आरोप-पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने 21 दिसंबर 2024 को आरोप तय किए और साक्ष्य परीक्षण पूरा होने के बाद 26 मार्च 2026 को दोष सिद्धि सुनाई और 30 मार्च 2026 को दंडादेश पारित किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** अधिकारियों के निलंबन को इसी सख्ती का उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उधर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में शहर में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गृह और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं के बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं रोकने के लिए निगरानी बढ़ाए जाने और हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने देहरादून शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएसपी देहरादून को अपने सभी थानेदारों को पीक आवर में गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डे - नाइट पेट्रोलिंग के साथ ही माह्वनग पेट्रोलिंग को भी बढ़ाया जाए। मुख्य सचिव ने बार और रेस्टोरेंट क्लोजिंग के लिए निर्धारित समय को कठोरता से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत में देहरादून को पार्टी और हुड़दंगियों को अड्डा न बनने दिया जाए, इसके लिए हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।


हमारी राम जी से राम राम कहियो जी हनुमान जी
॥ जय श्री राम ॥
श्री हनुमत्
जन्मोत्सव
RESHU
अनन्त
शुभकामनाएं
बृहस्पतिवार
2 अप्रैल 2026
144 करोड़ भारतीयों के
चहुँमुखी विकास हेतु की गई
शोध की विस्तृत जानकारी
उद्योग-व्यापार में प्रसिद्धि-समृद्धि-ख्याति
RESHU
advertising Pvt. Limited
88-99-120-120
e-mail : marketing@reshuadvertising.com, web.: www.reshuadvertising.com
No. 1 OOH
U.P. West
Uttrakhand
NCR
Reshu Vihar, Reshu Chowk, Muzaffarnagar
रेशू एडवरटाईजिंग क्यों जॉइन करे

# इरशाद का बहन को ईदी देना बन गया चार मौतों का कारण

## मामूली सा विवाद, चार लाशों में हुआ तब्दील, एसएसपी, फॉरेन्सिक टीम, डॉग स्क्वॉयड और सिविल लाइन की टीम पहुंची मौके पर, घर पर लगी सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैसे तो पति-पत्नी के बीच छोटे-मोटे विवाद होते रहते है, लेकिन कभी-कभी छोटी सी बात इतनी बड़ी बन जाती कि पूरा घर तबाह हो जाता है ऐसा ही इरशाद के घर में हुआ। बताया जाता है कि इरशाद की बहन शाहीन भोकाहेडी में शादी हुई है और वह बहुत ही गरीब है। बताया जाता है कुछ दिन से इरशाद की बहन शाहीन का छोटा बच्चा बीमार चल रहा था। शाहीन ने सोचा की वह परिवार से ईद मिल आए और उसके बीमार बच्चे का इलाज शहर में हो जाएगा। ईद मिलने के लिए ही शाहीन अपने भाई इरशाद के घर पहुंची। उसको क्या मालूम था कि उसके यहां पहुंचने पर भाई का घर उजड जाएगा। पूरी तरह तो कहा नहीं जा सकता, लेकिन आसपास के लोगों में यही चर्चा है कि इरशाद की पत्नी नूरीन अपनी नन्द शाहीन का आना नापंसद करती थी, क्योकि इरशाद उसकी गरीबी को देखकर अपनी बहन की मदद कर देता था। इरशाद ने अपनी बहन को ईदी की तौर पर 1700 रूपये दिए थे बस बहन



को ईदी देना इस घर के लिए तबाही बन गया। बताया जाता है कि बहन को ईदी के पैसे देने से इरशाद की पत्नी नूरीन नाराज थी और पति-पत्नी में इस बात को लेकर काफी विवाद हुआ और यह विवाद शाम तक चलता रहा। जैसा की इरशाद के भाई और आस पडौस के लोगों का कहना है कि नूरीन ने



अपने परिवार को अपने घर बुलाया जहां नूरीन की बहनें, भाई और मां यहां पहुंच गई।

जिसके बाद विवाद और बढ़ गया, लेकिन आस पडौस के लोगों ने दोनो पक्षों को समझाकर मामला शांत कर दिया था। नूरीन की मां व बहने अपने घर सुभाष नगर चली गई थी, लेकिन पति-पत्नी के बीच ईदी देने का यह विवाद इतना बड़ा बन गया कि इरशाद और उसके परिवार के शव कमरे में पड़े हुए मिले।

### क्या परिवार को खत्म कर इरशाद ने लगाई फांसी?

सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला सरवट पेंटर 32 वर्षीय इरशाद के घर इरशाद सहित परिवार के चार लोगों की मौत पर पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है वहीं लोग भी चार मौतों को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे है। क्या इरशाद ने पत्नी और बच्चों को सोते हुए उनकी हत्या की और बाद में खुद भी फांसी पर झूल गया। अब सवाल यह भी है कि जब लोगों ने सवेरे चार बजे तक पति-पत्नी के चिल्लाने की आवाजे सुनी तो इरशाद ने पत्नी और बच्चों को किस समय और किस तरह मार डाला, हालांकि मौके पर इकट्ठा भीड और कुछ पुलिसकर्मी यहीं अनुमान लगा रहे है कि पति-पत्नी और बच्चों को जहर देने के बाद इरशाद खुद भी फांसी पर लटक गया। नूरीन व उसके बच्चों की मौत जहर खाने से हुई या फिर गला दबाकर उनकी हत्या की गई यह तो पुलिस जांच का विषय है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह मामला स्पष्ट होगा, लेकिन लोग यह सोचने पर भी मजबूर है कि जब पति-पत्नी में विवाद हो रहा था तो इरशाद के हाथों से नूरीन जहर कैसे पी सकती है और यदि बच्चों की मौत पहले हुई तो नूरीन ने अपने मासूम बच्चों की मौत का विरोध क्यो नहीं किया? कुल मिलाकर इरशाद सहित परिवार के चार लोगों की मौत पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे है। क्या नूरीन और बच्चे सोए हुए थे, लेकिन फिर सवाल यह है कि चार बजे तक पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ तो क्या पहले बच्चों को मारा गया इसके बाद नूरीन की हत्या हुई या फिर उसको जहर दिया गया। कुल मिलाकर इरशाद व उसके परिवार की मौत एक अनसुलझी पहली है, क्योकि एक मां अपनी जान तो दे सकती है, लेकिन मासूम बच्चों की मौत होते नहीं देख सकती। कुल मिलाकर यह तो स्पष्ट है कि इरशाद ने फांसी लगाई, लेकिन नूरीन व दो बच्चों की मौत किस तरह हुई? जैसा की पुलिस अधिकारियों का मानना है कि नूरीन और बच्चों को जहर देकर मारा गया है, हालांकि पूरी तरह पुलिस जहर को स्पष्ट नहीं कर पा रही, लेकिन पति-पत्नी के विवाद में तहस में आई पत्नी ने खुद जहर खाया या फिर उसको इरशाद ने खिलाया, लेकिन बच्चों की मौत कैसे हुई, क्या उनकी हत्या की गई है अब यह पुलिस जांच का विषय है फिलहाल पुलिस कप्तान का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस की कार्यवाही और जांच आगे बढ़ेगी।

### सहारनपुर से चल रहा था इलाज

इरशाद कई वर्ष से बीमार था और बीमारी के साथ वो तंगहाली की जिन्दगी जी रहा था। बीमार और तंगहाली के साथ घर का विवाद ही इन चार मौतों का कारण बन गया। बताया जाता है कि दो वर्ष से इरशाद का फेफडों का इलाज चल रहा था और कुछ दिन पूर्व रिश्तेदारों ने पैसे इकट्ठा कर इरशाद का इलाज कराया था। बीमारी के चलते भी वह अपने परिवार के पालन पोषण के लिए मेहनत मजदूरी करने से नहीं हटता था, हालांकि लोगों काकहना है कि पति-पत्नी में अक्सर विवाद रहता था और कुछ माह पहले इरशाद विवाद के चलते घर से चला गया था।

परिवार के लोगों ने छह दिन तक उसकी तलाश की थी इसके बाद इरशाद को घर लाया गया। अब परिवार व इरशाद का मानना था कि शायदविवाद खत्म हो जाएगा, लेकिन घर की कलेह खत्म नहीं हुई।

> फांसी चादर से लगाई गई, किसी शरीर पर चोट के कोई निशान नही है, चटकनी मुडी हुई थी जिसकी जांच की जाएगी। बच्चे के मुंह से झाग आ रहे थे। गर्दन भी टूटी हुई लगी। उनकी टीम गहनता से जांच पडताल में जुट गई है।........
>
> **संजय कुमार वर्मा**
> **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**

## संक्षिप्त समाचार

### जिला जज, डीएम व एसएसपी ने किया जेल का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** जिला जज विरेन्द्र कुमार सिंह व जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया इस दौरान अधिकारियों ने पुरूष और महिला बैरिक को चैक करते हुए अन्य व्यवस्थाओं का भी गहना से निरीक्षण किया। मंगलवार को जिला जज और डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा जिला कारागार पहुंचे और उन्होने महिला बैरिक में पहुंचकर बंदियों से बातचीत की। इस दौरान अधिकारियों ने उनके अधिकारों और सुरक्षा तथा आत्मनिर्भर के प्रति उनको जागरूक किया। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090,181 की सेवाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने महिला बंदियों को कानूनी अधिकारों और सरकारी योजना की भी जानकारी दी। इस दौरान जेल का अभिलेखों कर रख-रखाव और मुलाकाती रजिस्टर चैक किया गया औरयहां लगा जैमर और सीसीटीवी कैमरों को भी चैक किया गया।

### बैलेंस समाप्त के तीन दिन बाद तक चालू रहेगी बिजली आपूर्ति

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत पुराने बिजली मीटरो को बदलकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं में एक भय का वातावरण बना हुआ है और चारो ओर से स्मार्ट मीटर के खिलाफ आवाज उठ रही है। मंगलवार को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता विनोद कुमार ने एक मीटिंग का आयोजन किया और लोगों को जानकारी दी कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं पर समय पर रिचार्ज करने पर बिजली बिल में दो प्रतिशत की छूट मिलेगी और यह मीटर पूरी तरह आईएसआई द्वारा प्रमाणित है। और इन मीटर में इनबिल्ट सुरक्षा प्रणाली भी उपलब्ध है। उन्होने बताया कि उपभोक्ता को मोबाइल एप व साइट और अन्य डिजीटल माध्यमों से जैसे पेटीएम, जी-पेय आदि से रिचार्ज करने में सुविधा मिलेगी। उन्होने कहा कि बैलेंस समाप्त होने के तीन दिन बाद तक बिजली आपूर्ति जारी रहेगी और यदि बीच में रविवार आता है तो छह बजे से आठ बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी।

### युवती की फोटो वायरल, दी तहरीर

**मुजफ्फरनगर।** लडकी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने वालके खिलाफ पीडित परिवार की ओर खालापार थाने में तहरीर दी गई है। आरोपी युवक ने फोटो पर अपशब्द लिखकर उनको वायरल किया था। बताया जाता है कि सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुआ और लडकी का फोटो वायरल होने और उस पर लिखे अपशब्दों का संज्ञान पुलिस अधिकारियों ने लिया। लडकी के परिजन शिकायत लेकर खालापार थाने पहुंचे और अक्षय नामक युवक के खिलाफ तहरीर दी।

### एसपी व पुलिसकर्मियों को दी विदाई

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस लाइन में रिटायर्ड हुए पुलिसकर्मियों का विदाई समारोह किया गया। वहीं एसपी सिटी का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में रिटायर्ड हुए पुलिसकर्मियों को फुलमाला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसदौरान मुजफ्फरनगर के एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत जिनका जनपद कौशांबी में पुलिस अधीक्षक के पद पर तबादला हुआ है उनको भी विदाई दी गई।

### मिल में लगी भयंकर आग, हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** गर्मी शुरू होते ही आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है मंगलवार को भोपा रोड स्थित भागेश्वरी पेपर मिल में अचानक आग लगने से हडकंप मच गया। मौके पर करीब आठ दस गाडियां पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। भोपा रोड स्थित भोगेश्वरी पेपर मिल में आग लगने की खबर दमकल विभाग को दी गई जिसके बाद फायर बिग्रेड की गाडी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। इस दौरान दमकल विभाग की गाडिया मौके पर थी जबकि मिल प्रबंधन की आग बुझाने में आठ से दस गाडियां मौके पर बताई गई है।

### किशोरी को ले जाने का आरोपी दबोचा

**मोरना।** गांव कम्हेडा में लडकी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने लडकी की बरामदगी होना भी बताया है। कम्हेडा की सपना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि इसकी चौदह वर्षीय पुत्री को कपिल व उसका एक साथी बाइक पर ले गया।

# सास, साले व साली के खिलाफ दी तहरीर

## मृतक के भाई ने ब्लैकमेल व अन्य गंभीर आरोप लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सरवट के पेंटर इरशाद और उसके परिवार की मौत के बाद सिविल लाइन थाने में एक तहरीर दी गई है जिसमें मृतक के भाई नौशाद ने बताया कि तीस मार्च को तीन बजे उसके भाई इरशाद के घर इरशाद कीसास संजीदा, साली अरशी, मंतशा, साला जुनैद पुत्रगण मंगल निवासी सुभाषनगर आए और इरशाद से गाली गलौच व मारपीट करते हुए उसको बेइज्जत किया। तहरीर में यह भी लिखा है कि थुक कर चाटने जैसे शब्द कहे गए और झुठे मुकदमे में फंसाने जैसे आरोप भी लगाए गए है।

आरोप है कि पांच बजे तक इरशाद के साथ गालीगलौच की गई जहां तीस और इक्कत्तीस की रात्रि को इरशाद उसकी पत्नी नूरीन, बेटे आहिल और बेटी अक्शा घर से बाहर नहीं आए। उस रात को सभी सो गए थे आवाज देने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो समीर व सुऐब के फोन से कॉल की गई इस पर भी जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिवार के लोग इरशाद के घर में बने रोशनदान में झांककर देखा तो सोफे से इरशाद का पंखे पर लटक रहा था और बच्चे बैड पर पडे हुए थे और नीचे नूरीन पडी थी।

तहरीर में लिखा कि सब कुछ लोगों ने दरवाजा तोडने की कोशिश की तो अंदर लगी चटकनी टूट गई इसके बाद इरशाद को नीचे उतारा। तहरीर में आरोप लगाया गया कि ससुराल के लोगों के टॉर्चर व मान. सिक तथा शरीरिक उत्पीडन करने और ब्लैकमेल करने के चलते इरशाद ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने नौशाद द्वारा दी गई तहरीर पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सिपाही का शव किया परिजनों के सुपुर्द

**मुजफ्फरनगर।** अलीगढ़ के सिपाही की हुई मौत के बाद पुलिस ने शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। परिवार के लोग मृतक सिपाही के शवको गमगीन माहौल में अपने पैतृक गांव ले गए है। बता दे कि सोमवार को अलीगढ़ पुलिस मुल्जिम अनिल पुत्र जगदीश की उस वकत अचानक हालत बिगड गई थी जब वह पुलिस टीम के साथ बंदियों को पैशी पर अलीगढ से सहारनपुर के लिए ला रहा था और गंभीर हालतमें उनको जिला अस्पताल पहुंचाया था इस समय उनके साथ दरोगा अर्जुन सिंह और पुलिसकर्मी मौ.गुलफाम भी था। कुछ टीम मुल्जिम को सहारनपुर के लिए लेकर रवाना हो गई थी, जबकि नारायण मोहन को यही पर छोड दिया था। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रख दिया था और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अब तक अधिकारियों का मानना है कि हृदय गति रूकने से सिपाही की मौत हुई है। मृतक सिपाही नारायण मोहन मुलरूप से फिरोजाबाद के सिखोहाबाद का निवासी था।

### दो को छह वर्ष की सजा

**मुजफ्फरनगर।** एडीजे-6 की कोर्ट में दो लोगों को छह-छह वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उन पर पन्द्रह-पन्द्रह हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। एडीजे की कोर्ट में छपार थाने से संबंधित एक मामला विचाराधीन था। सूत्रों का कहना है छपार थाने में धारा 308, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज हुआ था। 31 मार्च को कोर्ट ने इस मामले में नामजद विजय पुत्र सतप्रकाश और अरविंद पुत्र राजकुमार निवासीगढ़ कुतुबपुर छपार को दोषी मानते हुए उन्हे छह-छह वर्ष के कारावास कीसजा सुनाते हुए उन पर 15-15 हजार रूपये का जुर्माना भी किया है।

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

### शोभायात्रा को ट्रैफिक की एडवाइजरी

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के श्री बालाजी जन्मोत्सव को लेकर दो अप्रैल 2026 को एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसी के चलते यातायात पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए है। यातायात पुलिस ने इसको लेकर ट्रेफिक के रूट में बदलाव किया है। पुलिस अधीक्षक यातायात ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि परेशानी से बचने के लिए शोभायात्रा के दौरान इन मार्गो का चयन करे। बाला जी की यात्रा श्री बाला जी धाम मंदिर भरतीया कॉलौनी से प्रंगण से सवेरे 9 बजे से शुरू होगी और नवीन मंडी स्थल, कुकडा, मुनीम कॉलौनी, जैन कन्या इण्टर कॉलेज, बडा डाकखाना, गौऊशाला कीओर से गुजरेगी। इसके बाद शोभायात्रा नन्दी स्वीट्स, पुरानी गुड मंडी, पीठ बाजार, चौडी गली, बिंदल बाजार और वकील रोड से होते हुए यात्रा बड़ी धर्मशाला चौराहा पहुंचेगी। यात्रा का कार्यक्रम भोपा पुल, मदन स्वीट्स, मालवीय चौक, मोतीमहल, अंसारी रोड, सर्राफा बाजार, भगत सिंह रोड और शिव चौक से होता हुआ बाला जी चौक थानासिविल लाइन पहुंची थी। यात्रा का अंतिम चरण गांधी कलौनी, लाल द्वारा मंदिर, माता वैष्णों देवी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर और द्वारिकापुरी से होते हुए भोपा पुल पर जाएगी। यातायात पुलिस ने अपील की है कि इस दौरान डायवर्जन रूट लागू रहेगा और वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंद रहेगा।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर।**

विज्ञप्ति संख्या:-332/7/आबकारी / व्यवस्थापन/मु0नगर/2026-27/ दिनांक मार्च 30.2026

**-: विज्ञप्ति :-**

वर्ष 2026-27 हेतु घोषित आबकारी नीति के प्रस्तर-1.1.3 (ख) में प्राविधानित है कि वर्ष 2025-26 में प्रदत्त CL5CC अनुज्ञापनों का नवीनीकरण वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु उसी स्थिति में किया जायेगा, यदि देशी मदिरा दुकान की 03 किमी. की परिधि में कोई कम्पोजिट शॉप अथवा मॉडल शॉप व्यवस्थित नही है, परन्तु CL5CC अनुज्ञापियों को अपने CL5CC अनुज्ञापनों का नवीनीकरण कराये जाने की बाध्यता नही होगी, और न ही नवीनीकरण का अधिकार होगा। जनपद मुजफ्फरनगर की वर्ष 2025-26 हेतु स्वीकृत **CL-5CC** अनुज्ञापन के नवीनीकरण हेतु अर्ह देशी शराब की फुटकर बिक्री की दुकानों का विवरण निम्नवत् है:-

**1-कल्लरपुर, 2-दतियाना, 3-खिन्दडिया, 4-कच्छौली, 5-सिमरथी, 6-पीपलशाह, 7-बढेडी, 8-दूधली, 9-बुड्ढाखेडा, 10-नूनाखेडा, 11-रोहनी हाजीपुर, 12-खेड़ी राजपुताना, 13-मुजाहिदपुर, 14-कासमपुर, 15-कम्हेडा, 16-गंगदासपुर, 17-कुरथल, 18-राजपुर गढ़ी, 19-बिराल, 20-नसीरपुर, 22-बवाना, 23-चन्देहड़ी, 24-कुरालसी, 25-उमरपुर, 26-बिटावदा**

उक्त दुकानों को बीयर की फुटकर बिक्री की अनुज्ञा प्रदान की जा सकती है। उपरोक्त देशी शराब दुकानों के इच्छुक अनुज्ञापी सी.एल.-5 सीसी अनुज्ञापन को वर्ष 2026-27 के लिए नवीनीकरण कराये जाने हेतु जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर व क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से प्राप्त कर सकते है। उक्त विज्ञप्ति में कोई भी लिपिकीय त्रुटि संशोधनीय होगी।

**( राकेश बहादुर सिंह )**
**जिला आबकारी अधिकारी,**
**मुजफ्फरनगर।**

### विवाहिता ने पति सहित छह पर कराया मुकदमा दर्ज

**खतौली।** विवाहिता ने पति सहित छह लोगों पर दहेज उत्पीडन का आरोप का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ऐसे में सवाल यह है कि एक तरफ कोर्ट यह निर्देश कर रही है कि दहेज उत्पीडन के मामले कोर्ट में आने के बाद ही दर्ज किए जाए, लेकिन यहां खतौली पुलिस ने सीधा मुकदमा दर्ज कर लिया है। मौहल्ला बालकराम निवासी नगमा ने शिकायत करते हुए बताया कि दस वर्ष पूर्व उसकी शादी रहमतनगर के सुहैल से हुई थी। पीड़िता ने दी गई तहरीर में दहेज उत्पीडन, मारपीट व अन्य आरोप भी लगाए है। पुलिस ने तहरीर लेकर मुकदमा कर लिया है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमारा छोटा पुत्र शुभम कुमार हमारे कहने-सुनने में नहीं है तथा ग़लत लोगों की संगत में पड़कर हमारे कहने सुनने से बाहर है, जिस कारण समाज में हमें अपमानित होना पड़ रहा है इसकी गलत हरकतों से परेशान होकर हमने इसे दुकान व मकान एवं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं इसके द्वारा किए गए किसी भी अच्छे-बुरे कार्य, लेन-देन या वाद-विवाद की कोई जिम्मेदारी हमारी या परिवार के अन्य सदस्यों की नहीं होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**जोगेन्द्र पुत्र शीशराम**
**ममता पत्नि जोगेन्द्र**
**निवासी-ग्राम शाहबुद्दीनपुर**
**थाना कोतवाली तहसील सदर**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
फीस 100/- रूपये मात्र
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लैंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरू
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662



आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एंव अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करे।
M. : 9368215210

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR.- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.

# ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के नाम पर 43 हज़ार की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

**मीरापुर।** कस्बे में ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में बाइक सवार दो ठगों ने एक व्यापारी से 43 हजार रुपये की ठगी कर ली और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला कमलियान निवासी व्यापारी नीरज अग्रवाल की शादी के सामान की दुकान है। रविवार शाम बाइक पर सवार दो युवक उनकी दुकान पर पहुंचे और 22 हजार रुपये की नए नोटों की गढी तथा 21 हजार रुपये की नोटों की माला खरीदने की बात कही। भुगतान के लिए उन्होंने अक्नलाइन ट्रांजैक्शन का तरीका अपनाने की बात कही। इस पर व्यापारी ने पड़ोसी दुक. ानदार के फोनपे में भुगतान करने को कहा।ठगों ने 18 हजार रुपये भेजने का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाया और शेष 25 हजार रुपये व्यापारी के फोनपे में भेजने की बात कही। इसी बीच मौका पाकर दोनों युवक बाइक से फरार हो गए। जब तक व्यापारी को ठगी का अहसास हुआ, तब तक आरोपी दूर जा चुके थे।पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और थाने में शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि कस्बे में इस तरह की ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे पहले भी ठग एक अन्य दुकानदार को इसी तरह निशाना बना चुके हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मेहमानों के साथ में की मारपीट

**बुढ़ाना।** दबंगों ने पड़ोसी के घर पर आए मेहमानो के साथ मारपीट व गाली गलौज की। ग्राम कुरथल निवासी एक महिला ने बताया कि उसका जेठ रामकुमार पुत्र राजपाल उससे रंजिश रखता है। हर वक्त उसके परिवार से लड़ाई करता है। पहले भी कई बार उसके जेठ ने उसे अकेली पाकर उसके साथ बदसलूकी की। जिसमें बुढ़ाना पुलिस ने कई बार जेठ को धमकाया किन्तु वो बाज नहीं आया। जिससे वह बेहद तंग है। बीते 29 मार्च की सुबह उसके घर पर उसकी बहन बहनोई आये हुए थे। उसे व उसके रिस्तेदारों को शादी में जाना था। जिस कारण उक्त रिस्तेदार उसे उसके घर पर लेने के लिए आए हुए थे। तभी जेठ रामकुमार पुत्र राजपाल, जेठानी ममतेश, गौरव पुत्र रामकुमार, खुशी पुत्री रामकुमार, ससुर राजपाल पुत्र सदवो मकान में घुस गये और आते ही उसके व उसके रिश्तेदारो के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की।

## वाहन के विद्युत तार तोड़ने से कई घंटे की बिजली गुल

**बुढ़ाना।** मंगलवार की देर सायं किसी अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा एक विद्युत खम्भे में वाहन की जोरदार टक्कर मारकर हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूट जाने से जौला विद्युत ग्रह क्षेत्र के साथ साथ बुढ़ाना क्षेत्र की सप्लाई लगभग कई घंटे तक बाधित रही। इस दौरान हजारों उपभोक्ता परेशान रहे। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र के जौला बिजलीघर के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने बड़ी लाइन के 33 केवी तार को तोड़ दिया है जिससे गांवों और नगर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। बिजली विभाग के अधिका. रियों के अनुसार तार को ठीक करने में लगभग 1 या 2 घंटे का समय लग सकता है। इस घटना के कारण नगर व गांव के कई हिस्सों में बिजली पूरी तरह से गायब रही और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई ती और टूटे हुए तार को ठीक करने का काम शुरू कर दिया

# कासमपुर गांव में दबंगों का तांडव, जानलेवा हमला

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर खोला में पुरानी रंजिश के चलते हुए एक विवाहिता, उसके पति और देवर पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।ग्राम कासमपुर खोला निवासी पीड़िता सविता पत्नी अशोक ने थाना मीरापुर में दी गई तहरीर में बताया की गांव के ही सुरेश का परिवार उनसे पुरानी रंजिश रखता है जिसके चलते अक्सर गाली-गलौज और विवाद होता रहता था। कुछ दिन पूर्व सविता और उनके पति अशोक अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गुलाब, गौतम, वंश, शिवा, सिया और हरवीरी जबरन उनके घर में घुस आए और फावड़ा, हथौड़ी व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। दोनों के साथ मारपीट की गई और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया।शोर सुनकर सविता का देवर बिजेंद्र मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। आसपास के लोगों संतोष और रणपाल ने बीच-बचाव कर किसी तरह तीनों की जान बचाई। हमलावर जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी देकर फरार हो गए। हमले में सविता के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके चलते उन्हें दस टांके लगे हैं, जबकि उनके पति अशोक के सिर में पच्चीस टांके आए हैं। बिजेंद्र को भी कई चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## मोरना में किड्स जैन कैम्पस का शुभारम्भ

**मोरना।** सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल द्वारा मोरना में मुज़फ्फरनगर मार्ग पर स्थापित नए विंग किड्स जैन नामक दूसरे कैंपस का शुभारंभ मंगलवार को हवन पूजन के उपरांत भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी द्वारा फीता काटकर किया गया।उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों व अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित राठी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के प्रयास समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने बताया कि नया कैंपस विशेष रूप से मोरना एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है।अब इन क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। हकिड्स जैन्ड कैंपस में प्रारंभिक कक्षाओं के लिए आधुनिक सुविधाओं, प्रशिक्षित शिक्षकों और एक सुरक्षित एवं प्रेरणादायक वातावरण की व्यवस्था की गई है, ताकि छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके। विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास पर भी विशेष ध्यान देना है।तालोद विधानसभा अध्यक्ष डॉ.अमित ठाकरान ने इसे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। इस दौरान गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की गयी।

## मुख्यमंत्री से सम्मानित होंगी प्रधान सलमा

**मीरापुर।** ग्राम पंचायत कुतुबपुर की ग्राम प्रधान सलमा को ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट विकास कार्यों के लिए जनपद मुजफ्फरनगर में प्रथम स्थान के पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। इस उपलब्धि के तहत उन्हें माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा, साथ ही गांव के समग्र विकास के लिए 35 लाख रुपये की धनराशि भी प्रदान की जाएगी। यह चयन ग्राम पंचायतों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर किया गया है। इनमें गरीबी मुक्त एवं आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी वातावरण, पर्याप्त जल उपलब्धता, स्वच्छ एवं हरित गांव, मजबूत बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित माहौल, सुशासन तथा महिला हितैषी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन शामिल है। ग्राम पंचायत कुतुबपुर में कराए गए प्रमुख विकास कार्यों में आधुनिक पंचायत सचिवालय का निर्माण, स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्थापना, प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील शेड और मुख्य द्वार का निर्माण, विद्यालय में कायाकल्प, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था शामिल है। इसके अतिरिक्त गांव में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा साफ-सफाई और कूड़ा-कचरा निस्तारण के लिए आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया गया है। इन सभी कार्यों में ग्राम सचिव विनय शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सलमा को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। वहीं ग्राम प्रधान सलमा ने इस सफलता का श्रेय ग्रामवासियों के सहयोग को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी विकास कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

## मोटरसाइकिल टक्कर के बाद मारपीट

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी स्थित बाजार में बाइक की टक्कर के बाद विवाद बढ़ने पर मारपीट हो गयी।जिसमें दो युवक घायल हो गये।एक घायल को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला लोकुपुरा उत्तरी निवासी गजेन्द्र पुत्र जयपाल सिंह ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि बीते शनिवार को उसका पुत्र अक्षराज अपने साथी कपिल के साथ बाजार से सामान लेकर बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। जैसे ही वह एक दुकान के पास मोड़ पर पहुंचे, सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उनकी बाइक में तेज टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर के बाद जब अक्षराज ने बाइक रोकी तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। घटना के बाद आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की जिसमें कपिल व अक्षय घायल हो गए।घायल कपिल का जिला चिकित्सालय पर उपचार किया गया। पीड़ित की तहरीर पर संज्ञान लेकर पुलिस ने दो बाल अपचारियों सहित पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कर एक आरोपी अकरम का मंगलवार को चालान कर दिया।

## ट्रैक्टर की बैटरी चुराने वाले दो आरोपी अरेस्ट

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने ईंटों के भठे से ट्रेक्टर की दो बैटरियां चोरी करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बुढ़ाना पुलिस ने बीती 30 मार्च को बड़ौत रोड पर चेकिंग के दौरान दोनों आरोपियों को चोरी की दो बैटरियों के साथ पकड़ा। यह चोरी बीती 29 मार्च की प्रथम रात को हुई थी। मदीनपुर गांव निवासी अर्जुन कुमार पुत्र सुभाष सिंह ने बुढ़ाना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि हिंद ब्रिक फील्ड सठेड़ी बायवाला चौराहे के पास स्थित उनके ईंट भट्टे की बाउंड्री वॉल तोड़कर अज्ञात चोरों ने दो ट्रैक्टरों से दो बैटरी चोरी कर ली थी। शिकायत के आधार पर तत्काल मामला दर्ज कर जांच के लिए एक टीम गठित की गई थी। बीते दिन पुलिस बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित बड़कता पुलिया पर वाहनों की जांच कर रही थी कि मुखबिर की सूचना पर बड़कता की ओर से आ रही एक प्लैटिना मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा पुलिस द्वारा किया गया। मोटरसाइकिल सवारों ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने बैरियर लगाकर उन्हें बुढ़ाना कस्बे की ओर जाने वाले रास्ते पर रोक लिया। पुलिस ने मोटर साइकिल पर सवार दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। उनके पास से दो चोरी की बैटरियां भी बरामद हुई। जिन्हें उन्होंने मोटरसाइकिल पर बीच में रखा हुआ था। आरोपी आसि पुत्र मुइनुद्दीन निवासी मोहल्ला चमारान और इन्तजार पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला स्फीपुर पटी बुढ़ाना हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने भट्टे की दीवार तोड़कर दोनों बैटरियां चोरी की। वे अब उनको किसी को बैंचने के लिए जा रहे थे।

# वेदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज में एलुमनाई मीट का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** वेदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज में एक भावनात्मक और यादगार एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 30 वर्षों के अंत. राल के बाद पूर्व छात्राएँ एक साथ एकत्रित हुईं।

पूर्व सहपाठियों ने वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर अपनी पुरानी यादों को साझा किया पूरे परिसर में अपनत्व, उल्लास और स्मृतियों की मधुर छाया देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व छात्राओं एवं आदरणीय शिक्षिकाओं के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य मीरा गुप्ता, मिस निरुपमा तथा वर्तमान प्रधानाचार्य राजेश कुमारी उपस्थित रहीं।

साथ ही विद्यालय की शिक्षिकाएँ वीना कुमार, इला, प्रभा, सीमा, इंदु गुप्ता, मंजू शर्मा, विभूति, शशिबाला एवं वंदना जी विशेष अतिथि पूर्व अभिभावक अध्यक्ष योगेन्द्र सोम आदि शामिल रहे। उपस्थितजनो को शॉल एवं उपहार से सम्मानित किया गया और विद्यालय अनुदान हेतु प्राचार्य को 16 000 रुपए की भेंट दी गई। पूर्व छात्राओं ने अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और शिक्षाओं ने उनके जीवन को दिशा प्रदान की है।

इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नृत्य, संगीत एवं मनोरंजक गतिविधियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही, खेल एवं सहभागिता गतिविधियों ने कार्यक्रम में और भी उत्साह का संचार किया।

इस सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति में शिवाली, संगीता, रीना सोम, शैली, रुची अंजली, गज़ाला, राजी और भावना का विशेष योगदान रहा, जिनकी मेहनत और समर्पण से यह कार्यक्रम इतनी सुंदरता से संपन्न हुआ।

यह एलुमनाई मीट केवल एक पुनर्मिलन नहीं, बल्कि भावनाओं, संबंधों और स्मृतियों का उत्सव बन गया।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 385 मरीजों की आंखों की जांच

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमद्धाम में आयोजित श्री हनुमत जयंती महोत्सव के पांचवें दिन रोटरी सुंदर लाल नेत्र चिकित्सालय, चंदौसी (संभल) द्वारा यहां नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 385 मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां व चश्मे वितरित किए गए, जबकि 55 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई।

शिविर के शुभारंभ पर महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद महाराज ने कहा कि आंखों की रोशनी के बिना मनुष्य का जीवन अंधकारमय हो जाता है। आंखें ईश्वर की अनमोल देन हैं, इसलिए इनके प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने नेत्रदान महादान का संदेश देते हुए लोगों से मृत्यु उपरांत नेत्रदान करने का आह्वान किया, ताकि किसी जरूरतमंद के जीवन में रोशनी लाई जा सके। चिकित्सा टीम के डा. लवकेश सिंह चंदेल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने क्षेत्र के छछरौली, वजी. राबाद, मोरना, इलाहाबास, फिरोजपुर, शुक्रतारी, भोपा, मलपुरा, कादीपुर, रहकडा आदि विभिन्न गांवों से आए 385 मरीजों की आंखों की जांच कर 55 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। शिविर के सफल आयोजन में प्रमोद अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुमित यादव, नवीन जायसवाल का विशेष योगदान रहा।

## भाभी ने जेठ पर लगाया गालियां देने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक महिला ने अपने जेठ पर गाली गलोज करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरथल निवासी एक महिला ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 28 मार्च की देर रात वह अपने कमरे में बच्चो के साथ बैठी हुई थी। उसके जैठ ब्रहम सिंह पुत्र नैन सिंह और सोनू कुमार उर्फ भवानी पुत्र रामधन उसके साथ गाली गलौच करने लगा। उसने गाली गलौच करने से मना किया तो उसके साथ छेडछाड करने लगा तो उसने उसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की और उसे लाठी डन्डों व धारदार हथियारों से उसको मारा पीटा। जिससे उसको काफी गुम चोटें आई। उसके सिर व पेट में लातों मुक्कों से वार किया जिससे उसको काफी पीडा हुई। उसका जेठ उस पर बुरी नीयत रखता है। वह उसके साथ पहले भी कई बार छेडछाड कर चुका है तथा उसको कहता है कि तुम मेरी दिली ख्वाईश पूरी कर दो मैं तुम्हें मालामाल कर दूंगा। उक्त व्यक्ति उस पर बुरी नीयत रखता है। उसे तंग और परेशान करता रहता हैघ् उक्त व्यक्ति बदमाश व दबंग किस्म का है तथा अपनी मुठमर्दी दिखाकर उससे अवैध संबंध बनाना चाहता है। वहीं दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने उक्त पीड़ित महिला की ओर से दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## शूटिंग चैंपियनशिप में शिखर शिक्षा सदन का शानदार जलवा

**मीरापुर।** आर्य इंटरनेशनल शूटिंग अकैडमी में आयोजित दो दिवसीय शूटिंग चौंपियनशिप में शिखर शिक्षा सदन के शूटरों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच खिलाड़ियों ने बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। पीप साइट राइफल इवेंट में वीरभद्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि रुद्रवीर ने ब्रान्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की।वहीं ओपन साइट राइफल इवेंट में शौर्य राणा और मनवजीत ने बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीते। युवराज और रिहान ने सिल्वर मेडल, जबकि जितेश और पृथ्वी ने ब्रान्ज मेडल प्राप्त किए। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर, बालियान शूटिंग अकैडमी, एकलव्य शूटिंग रेंज, द रेंज आफ फायर अकैडमी सहित कई प्रतिष्ठित स्कूलों और अकैडमियों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे मुकाबला और भी रोमांचक बन गया।

## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को लगाया कैंप

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार के दिन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए लगभग 9 वर्ष से लेकर 14 वर्ष के बीच की आयु की लड़कियों के लिए एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी, विशिष्ठ अतिथि बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व सभासद और भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के महामंत्री मुकेश शर्मा और बुढ़ाना भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया गया और टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। भूमि विकास बैंक के चेयरमैन विनोद सेनी और मण्डल महामंत्री मुकेश शर्मा के द्वारा इस अभियान के लिए डॉक्टर के कार्यो की सराहना की गई और साथ ही भाजपा मंडल महामंत्री मुकेश शर्मा ने कहा कि इस अभियान को आम जनता तक पहुंचाना ये हम सबकी जिम्मेदारी है और इस कार्य को धरातल पर जीवित करने का हम सबको संकल्प लेना होगा। भूमि विकास बैंक के चेयरमैन विनोद सैनी ने बताया की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जो स्वास्थ्य को लेकर आम जनता के लिए बहुत से अभियान चलाए जा रहे हैं इन अभियानों को आम जनमानस में जागरूक करना और स्वस्थ्य केसे रहें इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि टीकाकरण में अपना योगदान दें।

## घायल विदेशी नागरिक के बारे में पुलिस ने दी जानकारी

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** थाना रतनपुरी में तैनात उप निरीक्षक अजय सोलंकी ने बताया कि बीती 9 मार्च को में अपने उच्चधिकारियों के निर्दश पर एक्सीडेन्ट की सूचना पर सठेडी नहर पुल नहर पटरी पर पुल अंडर पास पहुंचा तो देखा कि एक ट्रक के चालक द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये एक बाइक पर सवार विदेशी नागरिक इजराइल को टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया तथा वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जिसमें बाइक भी काफी क्षतिग्रस्त हो गयी। घायल विदेशी नागरिक इजराइल को मौके से एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी खतौली में उपचार के लिए पहुंचाया गया। बाद उपचार उक्त घायल विदेशी नागरिक को मेरठ रेफर कर दिया गया तथा मेरठ से भी उक्त घायल विदेशी नागरिक को ऐम्स दिल्ली इलाज हेतु भेजा गया।

# लंबे वक्त के बाद फिर लेकर आ रहे पार्टी किंग एंटरटेनमेंट का तड़का

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज से अप्रैल का महीना शुरु हो गया है और गर्मियां भी आ चुकी हैं। इस मौसम में दिल्ली में पार्टी किंग साहिल सौंधी की पार्टी ना हो भला ऐसा भी हो सकता है क्या। युवाओं के लिए साहिल सौंधी और उनकी हमसफ़र गोलू जल्दी ही पार्टी की सौगात दिल्ली एनसीआर में लेकर आ रही हैं। जिसमें हसीनाओं का जबरदस्त जलवा देखने को मिलेगा। यह पार्टी रात भर तक चलेगी। जिसमें आप खूब इंजाए कर सकते हैं। इस पार्टी में डीजे म्यूजिक, ड्रिंक स्नैक्स, ढोल के धमाके भी होंगे। इस क्लबिंग आल नाइट पार्टी में लडकियो के लिए प्रवेश निशुल्क होगा। प्राइवेट टेबल कपल्स के लिए होगा। जिसमें आप दिल्ली शहर की चकाचौंध रात का फुल मजा ले सकेंगे। हाई क्लास नाइट क्लब और लाउंज में दिल्ली एनसीआर के जाने माने पार्टी आयोजक साहिल सोंधी इस




पार्टी को होस्ट करेंगे। मुंबई, बैंग्लोर और उत्तर प्रदेश के व्यक्ति भी इस पार्टी में शिरकत करेंगे। इस बार इस पार्टी में मुंबई से डीके, भोजपुरी एक्ट्रेस मोना, हरियाणवी एक्ट्रेस मुस्कान बेबी, एक्ट्रैस मोहिनी गुप्ता, भाजपा नेत्री, इंफ्लूएंसर और वेब सीरिज फेस सना शा, दुबई से जरीन खान, पेज थ्री फेस गुलफ्शा कुरैशी, माडल शिल्पा कठैत व लखनऊ से माडल प्रिया पीहू सहित अन्य कई माडल भी शामिल होंगी। इस पार्टी की सबसे खासियत ये हैं इसमें कोई अश्लीलता नहीं होती। एक साथ पूरी फैमिली इसमें आ सकती है। ये पार्टी किस डेट में इसकी घोषणा सौंधी जल्द करेंगे।

## सड़क हादसे में ट्रक चालक घायल

**बुढ़ाना।** मेरठ वाया करनाल हाइवे पर आगे पीछे जा रहे ट्रक एक दूसरे से टकरा गया। इस घटना में पीछे जा रहे ट्रक का चालक घायल हो गया। घायल अवस्था में चालक को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ-करनाल हाइवे पर मंगलवार को थाना फुगाना के पास शामली की ओर आगे पीछे जा रहे ट्रक आपस में टकरा गए। इस घटना में पीछे वाले ट्रक का चालक कुलदीप घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल अवस्था में चालक को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। पुलिस का कहना है कि घटना की तहरीर नही मिली है। दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। घटना की तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## जानसठ रोड को मिलेगी नई रफ्तार

**खतौली।** नगर के व्यस्त जानसठ रोड पर लगने वाले जाम से अब राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। क्षेत्रीय विधायक मदन भैया के प्रयासों से खतौली-मीरापुर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 40 करोड़ 39 लाख 82 हजार रुपये की स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना के तहत सड़क को पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ा किया जाएगा, जिससे यातायात अधिक सुगम और सुरक्षित बनेगा। लंबे समय से भूड़ क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण यह मार्ग जाम की समस्या से जूझ रहा था। सड़क के दोनों किनारों पर स्थायी और अस्थायी कब्जों की वजह से दिनभर आवागमन प्रभावित रहता था। योजना के अनुसार, सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा और किनारों से अतिक्रमण हटाकर मार्ग को व्यवस्थित किया जाएगा। इससे न केवल जाम से राहत मिलेगी, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आने की संभावना है।

# नोएडा एयरपोर्ट की तर्ज पर रेशू विहार में हनुमत् भंडारा

**मुजफ्फरनगर।** 2 अप्रैल को हनुमत् जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर रेशू विहार में भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें आम भक्तों से लेकर खास भक्त तक भाग लेंगे। सत्यप्रकाश रेशू ने बताया कि राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर पूरा रेशू स्टाफ अपने सहयोग से कढ़ी चावल व हलवे का प्रसाद वितरण करेगा।

इस भंडारे का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉव वीरपाल निरवाल पूजा - पाठ व आम भक्तो के साथ करेंगे। पूजा - पाठ, भोग-प्रसाद का काम विद्वान पंडित राजेश कुमार अपनी टीम की साथ दोपहर 12 बजे करेंगे। साथ ही भंडारे के आयोजन में कुछ विशिष्ट लोग भी आमंत्रित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जिस तर्ज पर नोएडा एयरपोर्ट का शुभारंभ आम जनों ने मोबाइल की लाइट जलाकर किया ठीक उसी प्रकार रेशू विहार में हनुमत् जन्मोत्सव के भंडारे का शुभारंभ पूजा - पाठ के साथ आम व खास लोगों द्वारा किया जाएगा। भंडारे के प्रसाद वितरण से पूर्व पूजा, भोग, सत्संग व भगवन के गुणगान की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर 144 करोड़ भारतीयों के चहुंमुखी विकास के लिए किए गए शोधों को भी वास्तविक स्वरूप देने के लिए पूजन किया जाएगा।भंडारे से पहले व भंडारे के बाद साफ-सफाई आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई है। जिससे किसी भी हनुमान भक्त को किसी भी प्रकार की भीड़ व गंदगी का सामना न करना पड़े। कली, सजावट, ठंडा पानी, बैठने की व्यवस्था, सुचारू यातायात के लिए सभी रेशू विहार क्षेत्रवासियों का सहयोग मिल रहा है। जिससे रेशू विहार क्षेत्र में खुशी की लहर दिख रही है। सभी भक्तजन अपने-अपने स्तर से भंडारे में चार चाँद लगाने की कोशिश कर रहे हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस की व्यवस्था हो चुकी है।

## खतौली में लगा रक्तदान शिविर, 70 यूनिट रक्त संग्रहित

**खतौली।** नगर के तिलक नगर स्थित चौधरी तिलक राम इंटर कॉलेज परिसर में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए सामा. जिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। शिविर का शुभारंभ लोक जन शक्ति पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्य अहलावत ने किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकती है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील भी की। इस शिविर का आयोजन लोक जन शक्ति पार्टी के नगर अध्यक्ष बिजेंद्र सोम के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अभिषेक अहलावत और प्रबंधक डॉ. सुरेन्द्र सिंह अहलावत का विशेष योगदान रहा। शिविर में युवाओं, महिलाओं और विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मोहित चौधरी, सूरज चौधरी, रोहित कोरी और प्रीति देवी सहित कई लोगों ने रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया। शिविर के दौरान कुल 70 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो मरीजों के लिए बेहद उपयोगी रहेगा।कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया और भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्यों में सहयोग की अपील की।

# टैक्स बार एसोसिऐशन के चुनाव में सलिल वत्स अध्यक्ष, ब्रजमोहन महासचिव, अमित तायल कोषाध्यक्ष बने

**मुजफ्फरनगर।** गोल्डन एरा पार्टी हॉल जानसठ रोड पर टैक्स बार एसोसिएशन की साधारण सभा (जनरल हाउस) सम्पन्न हुई। जिसमें महासचिव असगर मेंहदी द्वारा वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया गया और अध्यक्ष शलभ कौशिक जी द्वारा सभा को संबोधित किया गया और नई कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। वित्त सचिव दीपक शर्मा द्वारा वर्ष भर का आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। चुनाव अधिकारी आर.के. शर्मा द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गयी, जिसमें अध्यक्ष सलिल वत्स, उपाध्यक्ष आयकर अभिलाष कुमार, उपाध्यक्ष जीएसटी राजीव गुप्ता और महासचिव ब्रजमोहन, सचिव आयकर शलभ गर्ग, सचिव जीएसटी हर्षित गर्ग, सचिव वित्त अमित तायल, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप गोयल, प्रभात कुमार, दीपक



कुमार, नमन मित्तल, निधीश गुप्ता, सचिन गुप्ता व अनुज सैनी को सतीश अनेजा एडवोकेट द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। तत्पश्चात् बार की ओर से डा. श्वेता कौशिक धर्मपत्नी शलभ कौशिक को जिला उपाध्यक्ष भाजपा बनने पर सम्मान किया गया। सतीश अनेजा और शहजाद आलम के द्वारा बार की ओर से नव गठित कार्यकारिणी को और डा. श्वेता कौशिक को बधाई और शुभकामनायें दी गयी। अंत में प्रीतिभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सभा में नीरज पाल, अंकुर मैनी, रविशंकर अग्रवाल, वंशिका शर्मा, प्रवीण गुप्ता, विजय जैनी, सुधीर तायल, मुकेश ढींगडा, अभिषेक खन्ना, अजय सैनी, महेश शर्मा, मनीष कुमार गुप्ता, राजकुमार शर्मा, मौ. तसलीम, रजनीश कुमार, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की मौजूदगी में ताहिर कुरैशी को पगड़ी व शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**मीरापुर।** जानसठ ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय चुडियाला में सेवा निवृत शिक्षक मौ. ताहिर कुरैशी के सम्मान में विद्यालय स्टाफ द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी, ए.आर.पी., एन.पी. आर.सी. सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने मौ. ताहिर कुरैशी के लंबे शैक्षिक योगदान की सराहना करते हुए उनके कार्यकाल को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार, कलीम त्यागी, मास्टर शहजाद अली, हाजी औसाफ अंसारी, दिलशाद अली, अजब सिंह, सुमन कुमारी, जोगेंद्र कुमार सहित कई शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में धूमधाम से आयोजित हुई फेयरवेल पार्टी

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में बी.फार्मा एवं डी.फार्मा के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में इस वर्ष भी भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।जिसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को खुशनुमा बना दिया।

इस अवसर पर छात्रों के लिए अनेक मनोरंजक एवं प्रतिभा प्रदर्शन से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिंगिंग, डांसिंग, फन गेम्स, ड्रामा, टैलेंट शो, रैंप वॉक तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्रों ने रैंप वॉक में भाग लिया, जिसे निर्णायक मंडल द्वारा आत्मविश्वास, व्यक्तित्व एवं प्रस्तुति के आधार पर परखा गया।

फेयरवेल समारोह में बी.फार्मा से खुशी कोमिस फेयरवेलतथा सिमोन कोमिस्टर फेयरवेलचुना गया। वहीं डी.फार्मा से दीपांशी को. मिस फेयरवेलऔर साहिल कोमिस्टर फेयरवेलका खिताब प्रदान किया गया। विजेताओं को ताज पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में सीनियर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और कॉलेज में बिताए गए पलों को याद करते हुए भावुक हो गए। जूनियर छात्रों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## मौसम ने अचानक से बदला अपना मिजाज

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में अचानक से सायं के समय मौसम ने अपना मिजाज बदल दिया। आसमान के काले बादल घिर आए और मामूली सी बूंदा बांदी भी हुई। हल्की सी हवा ने मौसम में ठंडक पैदा कर दी। मंगलवार को यहां के मौसम में मामूली सी तब्दीली सी आई। अचानक से मौसम ने करवट ली और लोगों को हल्की सी गमह्र से राहत मिली। वैसे सुबह से ही आसमान साफ था लेकिन देर सायं के आसपास बादलों ने सूरज को ढक लिया और हल्की सी हवाएं चली। कुल मिलाकर वातावरण सुहावना सा हो गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी इस तरह के मौसम बदलाव देखने को मिल सकते हैं और मध्यम श्रेणी की बारिश की भी संभावना है।

# मंत्री कपिल देव ने विजयपाल के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मंगलवार को गांव छपार पहुंचकर भाजपा नेता विजयपाल त्यागी के छोटे भाई टीटू त्यागी की धर्मपत्नी वरिष्ठ पत्रकार दीपक त्यागी की चाची स्वर्गीय पवन देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

उन्होंने शोक संतप्त परिवार के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और इस दुख की घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि पवन देवी का गत 24 मार्च को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। वह कैंसर से पीड़ित थीं। उनके निधन से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, खाद्य विभाग के पूर्व निदेशक मुनीश त्यागी के साथ उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से



प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मंत्री ने परिजनों के साथ समय बिताकर उनका दुख साझा किया और हर संभव सहायता का आश्वा. सन भी दिया।इस अवसर पर पुरका. जी ब्लॉक प्रमुख पति डॉ. धनप्रक. ाश, विपुल बहेड़ी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सचिन शर्मा, शिवांक त्यागी (रोहाना), विकास त्यागी, ज्ञानेन्द्र सिंह मांडला, सुनील त्यागी (खुड्डा), सियानन्द त्यागी, कटार सिंह (छपरा), ऋषिपाल एमडी, रवि डीलर, संजीव काला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत पवन देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।





# एक जनपद एक उत्पाद में टूलकिट हुई वितरित

## युवाओं को प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाने का हो रहा प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आज एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) टूलकिट्स एवं प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर कौशल विकास को बढ़ावा देना तथा बेरा. ेजगार एवं अकुशल व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद शामली को 350 अकुशल व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें टूलकिट्स उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत यह पहल की जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शामली विधायक प्रसन्न चौधरी तथा मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने लाभार्थियों को टूलकिट्स वितरित किए। इस अवसर पर विशेष रूप से लौहकला (आयरन वर्क) ट्रेड से जुड़े लाभार्थियों को टूलकिट्स प्रदान की गईं, ताकि वे अपने सीखे हुए कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बन सकें और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। मुख्य अतिथि प्रसन्न चौधरी ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ओडीओपी योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो न केवल स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि रोजगार सृजन में भी अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने लाभार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने कौशल का पूर्ण उपयोग करें और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं। साथ ही उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की भी अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ी अधिक सशक्त और शिक्षित बन सके। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों और टूलकिट्स वितरण के माध्यम से युवाओं को न केवल तकनीकी दक्षता प्रदान की जा रही है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग ने जानकारी दी कि जनपद में ओडीओपी योजना के अंतर्गत नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना और उनकी आजीविका को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग रतिका गुप्ता, सहायक आयुक्त उद्योग रविन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान लाभार्थियों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इस पहल के लिए सरकार व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# नशामुक्ति को लेकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर आमजनमानस को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आहवान किया गया।

पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर पूरे जनपद में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर उन्हें नशे की बुराइयों से अवगत कराना और एक जागरूक व जिम्मेदार समाज का निर्माण करना है। मंगलवार को भी पुलिस टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। यह न केवल शरीर को कमजोर करता है, बल्कि मानसिक संतुलन को भी प्रभावित करता है। इसके साथ ही नशे की लत व्यक्ति के पारिवारिक, सामाजिक और शैक्षिक जीवन पर भी नकारात्मक असर डालती है। कई बार नशे की वजह से व्यक्ति गलत रास्तों पर चल पड़ता है, जिससे अपराध की घटनाएं भी बढ़ती हैं। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोगों को समझाया गया कि नशे से दूर रहकर ही एक स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जिया जा सकता है। पुलिस ने युवाओं को विशेष रूप से प्रेरित किया कि वे नशे जैसी बुरी आदतों से बचें और अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेलकूद तथा अन्य सकारात्मक गतिविधियों में लगाएं। इससे न केवल उनका भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि समाज भी मजबूत बनेगा। इसके अलावा पुलिस ने आमजन से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे का कारोबार करता है या इसमें लिप्त है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें नशे के खिलाफ जागरूक किया और समाज में इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संदेश दिया। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि जनपद को नशामुक्त बनाकर एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण तैयार किया जा सके।

## धेखाधड़ी से प्लॉट बेचने में दो महिलाओं सहित सात नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** झिंझाना के मोहल्ला ब्राह्मणान, झिंझाना निवासी मनोज कुमार मित्तल ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह वर्तमान में शामली शहर की शिव विहार कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी जमीन बलवा गांव में स्थित है, जिस पर वह लंबे समय से काबिज हैं। पीड़ित का आरोप है कि कुछ लोगों ने उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश की और धोखाधड़ी करते हुए उस जमीन के कुछ प्लॉट अन्य लोगों को बेच दिए। मनोज कुमार मित्तल के अनुसार, कोर्ट द्वारा पहले ही उक्त जमीन को उनकी संपत्ति मानते हुए किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप पर रोक लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद आरोपियों ने न्यायालय के आदेशों की अनदेखी करते हुए जमीन का सौदा कर दिया। जब पीड़ित ने इस धोखाधड़ी का विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इससे पीड़ित और उनका परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बलवा निवासी जयपाल, दयानंद नगर निवासी सोनू, करण, भारती, मितलेश, सुरेश, खेड़ी निवासी लोकेश कुमार तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## महिला को फोन पर दिया तीन तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नौनागली गांव की रहने वाली एक विवाहिता को उसके पति ने फोन पर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने एसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को शुरू कर दिया है।

पीड़िता मुस्कान ने बताया कि उसकी शादी मुजफ्फरनगर जनपद के लोई गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट करते थे और कई बार उसे प्रताड़ित किया गया। दंपति के तीन बच्चे भी हैं। महिला का आरोप है कि दो दिन पूर्व उसके पति ने फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। उसने बताया कि इस बात. चीत की रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है, जिसे वह सबूत के तौर पर पेश कर सकती है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में कहा कि तीन तलाक देने के बाद पति और ससुराल वाले उसे धमकी भी दे रहे हैं। उसने आरोप लगाया कि पति ने दहेज की मांग को लेकर भी उसे परेशान किया। मुस्कान ने पति और ससुरालियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इधर, पुलिस का कहना है कि मामले की शिकायत मिली है। एसपी ने संबंधित थाना पुलिस को मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पीड़िता ने सबूतों के साथ न्याय की गुहार लगाई है।

# दबंगों ने युवक को जमकर पीटा, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक पर कुछ लोगों ने मिलकर रास्ते में मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी घायल अवस्था में छोड़कर युवक को फरार हो गए। परिजनों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी प्रदीप सैनी के पुत्र लवी सैनी ने बताया कि वह दुकान से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान कस्बे के मोहल्ला खेल में रास्ते में कुछ युवकों ने उसे रंजिश के कारण रोक लिया और घेरकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट के दौरान पीड़ित युवक



गंभीर रूप से घायल हो गया।मारपीट के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसे देखकर आरोपी फरार हो गए।सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक बताते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।पीड़ित परिजनों ने हमलावरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्दी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# कार्रवाई न होने पर लगाए पलायन पोस्टर

## पीड़ितों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर की टंकी क ॉलोनी में मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने से आक्रोशित एक महिला ने अपने घर पर पलायन के पोस्टर चिपका दिए। पीड़िता ने पुलिस पर मामले में उदासीनता बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

टंकी कॉलोनी निवासी करुणा देवी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में बताया कि 18 मार्च को वह अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान मोहल्ले के चार युवक वहां पहुंच गए और उन्हें गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे




उनके पति पंकज के साथ भी आरो. पियों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन अब तक आरो. पियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि उल्टा आरोपी लगातार उन्हें धमकी दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार भय के साये में जीने को मजबूर है। आरोपियों की दहशत से तंग आकर करुणा देवी ने अपने घर की दीवारों पर पलायन के पोस्टर लगा दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह अपने परिवार के साथ पलायन करने को मजबूर हो जाएंगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने संज्ञान लिया है। उन्होंने संबंधित पुलिस कर्मियों को मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसपी ने स्पष्ट किया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पीड़िता द्वारा यह अनोखा तरीका अपनाकर प्रशासन का ध्यान खींचने का प्रयास चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सामान लेने गए युवक से मारपीट, दो नामजद पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला रेत्तेवाला में सामान लेने गए युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रेतेवाला निवासी मौ. वसीम पुत्र अय्यूब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 मार्च को वह मेहताब की दुकान पर सामान लेने गया था। आरोप है कि इसी दौरान मेहताब और सहादत ने उससे गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। वही आरोपी उसे घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए थे।

पीड़ित ने 30 मार्च को थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर दोनों नामजद युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों की अधिकता पर दो स्कूली वैन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने अभिभावकों और प्रशासन दोनों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में संचालित स्कूल वैन में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाने की शिकायतों के बाद आरटीओ विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए एक सप्ताह तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर दो स्कूल वैन को सीज कर दिया गया, जिससे अन्य स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, पांथूपुरा स्थित गोल्ड की स्कूल और मंगलोरा स्थित गुरु वरिष्ठ स्कूल की वैन पर आरटीओ टीम ने कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि इन वाहनों के जरूरी कागजात या तो समाप्त हो चुके थे या फिर वे निर्धारित सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतर रहे थे। इसके अलावा, वाहनों की हालत भी संतोषजनक नहीं पाई गई, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। चेि. कंग अभियान के दौरान एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ। कई स्कूल वैन में निर्धारित क्षमता से कहीं




अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा था। एक-एक वैन में करीब 50 बच्चों को ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा था, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इस तरह की लाप. रवाही न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों के जीवन के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। हैरानी की बात यह है कि स्कूल प्रबंधन अभिभावकों से परिवहन सुविधा के नाम पर मोटी फीस वसूल रहा है, लेकिन बदले में बच्चों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध नहीं कराई जा रही। इससे अभिभावकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि जब वे बच्चों की सुरक्षा के लिए शुल्क दे रहे हैं, तो स्कूलों की जिम्मेदारी बनती है कि वे सभी सुरक्षा मानकों का पालन करें। क्षेत्र के कई गांवों में अब भी ऐसी स्कूल वैन संचा. लित हो रही हैं, जो या तो पूरी तरह जर्जर हैं या फिर उनकी वैधता समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन नियमों की अनदेखी करते हुए इन वाहनों का संचालन कर रहा है। इस स्थिति ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आरटीओ रोहित राजपूत ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर यह अभियान चलाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की चेकिंग जारी रहेगी। उन्होंने स्कूल संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में भी लापरवाही पाई गई तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और इस तरह की लापरवाही पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

> क्षेत्र के कई स्कूलों की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते अभियान चलाया गया, जिसमें दो वैन को सीज किया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी लगातार चेकिंग अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **रोहित राजपूत**
> **आरटीओ शामली**

# व्यापारियों की बात नहीं सुनी तो होगा आंदोलन:घनश्याम दास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के शामली स्थित सुभाष चौक प्रांतीय मुख्यालय पर आयोजित बैठक में व्यापारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग पिछले तीन वर्षों से लगातार अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, सांसदों, विधायकों, जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन देता आ रहा है, लेकिन अब तक एक भी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे व्यापारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है और वे अब धरना-प्रदर्शन के माध्यम से अपनी आवाज उठाने के लिए तैयार हैं। बैठक में व्यापारियों ने कुल 11 मांगों को लेकर सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रमुख मांगों



में 60 वर्ष की आयु के बाद व्यापारियों को 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन लागू करना, व्यापारियों के स्टॉक का सरकारी स्तर पर बीमा कराना तथा दुर्घटना बीमा राशि को वर्तमान 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करना शामिल है। इसके अलावा कॉमर्शियल बिजली दरों को कम करके घरेलू दरों के बराबर करने, व्यापारियों को आयुष्मान योजना का लाभ देने तथा मंडी समिति को समाप्त करने की मांग भी उठाई गई। व्यापार मंडल ने सचल दल प्रणाली खत्म करने, जीएसटी की एसआईबी टीम और खाद्य विभाग द्वारा व्यापारियों के कथित उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग भी रखी है। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि यदि जल्द ही इन सभी 11 मांगों पर सरकार ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो व्यापारी सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करेंगे और आंदोलन को प्रदेश स्तर पर विस्तार दिया जाएगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संगठन आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापारियों को मैदान में उतारने का निर्णय ले चुका है, जिससे सरकार को भविष्य में इस वर्ग की उपेक्षा का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, रवि संगल, महेश धीमान, अनुज गोयल, ;षभ जैन, आशु बत्रा, शिवांग गर्ग, राजीव गर्ग, गौरव गर्ग, गौरव बंसल, संजय बंसल और नवीन गर्ग सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में तीन मौतों पर प्राथमिकी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत के मामलों में पुलिस ने संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इन हादसों में अज्ञात वाहन चालकों की लापरवाही सामने आई है, जिसके चलते तीन परिवारों ने अपने अपनों को खो दिया। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

पहला मामला आदर्श मंडी थाना क्षेत्र का है। मुजफ्फरनगर के बलवाखेड़ी निवासी दीपक शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 मार्च को उसका भाई टिंकू जलालपुर गांव में अपनी बहन से मिलने आया था। रात करीब आठ बजे वह जलाल. पुर से बनत की ओर जा रहा था। इसी दौरान जलालपुर कट के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा हादसा भी आदर्श मंडी थाना क्षेत्र में हुआ।

शहर के गौशाला रोड निवासी सोनिया ने तहरीर देते हुए बताया कि 25 मार्च की शाम करीब सात बजे उसके पति अनिल कुमार अपने साथी नीटू के साथ बाइक से महरमपुर स्थित एक ईंट भट्टे पर गए थे। जब वे सिलावर रोड पर पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए पानीपत के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले में भी पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

तीसरा मामला बाबरी थाना क्षेत्र का है। हिरनवाड़ा निवासी नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई सुरेश कुमार 22 मार्च को बाइक से बंतीखेड़ा पुल के पास जा रहा था। तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत नाजुक होने पर उसे मेरठ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। जनपद में आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जहां पुलिस प्रशासन द्वारा नो हेलमेट नो फ्यूल, यातायात जागरूकता अभियान सहित अन्य तरीकों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वही जनता की खुद की लापरवाही ही मौत का सबब बनी हुई है। अधिकतर दुर्घटनाओं में वाहन चालक हेलमेट नही लगाते है।

# 179 मुकदमों के अवैध हथियार नष्ट

## ऑपरेशन क्लीन के तहत की गई कार्रवाई

**☐ 1983 से 2010 तक के मामलों से जुड़े 130 अवैध शस्त्र और 49 चाकू-छुरियां तोड़ी गईं, पूरी प्रक्रिया की कराई गई वीडियोग्राफी।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत थाना पुलिस ने शस्त्र अधिनियम से जुड़े मुकदमों के माल के विनिष्टीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान वर्षों से मालखाने में रखे अवैध हथियारों को नियमों के तहत नष्ट किया गया। इस मौके पर पुलिस व तहसील प्रशासन मौजूद रहा।मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान और पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में उपजिलाधिकारी कैराना के निर्देशन में गठित टीम की मौजूदगी में थाने के मालखाने में रखे मुकदमाती माल का विनिष्टीकरण कराया गया।

इस दौरान तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार, अभियोजन अधिकारी श्रीचंद तथा प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार मौजूद रहे। टीम की निगरानी में वर्ष 1983 से 2010 तक दर्ज कुल 179 अभियोगों से संबंधित माल को नष्ट किया गया।कार्रवाई के दौरान कुल 49 चाकू और छुरियां तथा 130 अवैध शस्त्र,सीएमपी .315 बोर व 12 बोर,को नष्ट किया गया। इसके लिए प्राइवेट कारीगर जावेद पुत्र शाहदीन और सदाशिव पुत्र राजीव निवासी ग्राम तीतरवाड़ा थाना कैराना को बुलाया गया, जिन्होंने हथौड़ा, छेनी और ग्राइंडर मशीन की मदद से



हथियारों को काटकर और तोड़कर पूरी तरह नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की गई। विनिष्टीकरण के दौरान फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई तथा कार्रवाई नियमानुसार और विधिक प्रावधानों के तहत संपन्न की गई।

# एमपी से लाई जा रही अस्लेह की खेप सहित तस्कर दबोचा

## पुलिस ने दस अवैध पिस्टल व पांच तमंचे किए बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद की कैराना पुलिस को अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर हथियार तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी के पास से दस अवैध पिस्टल, पांच तमंचे, कारतूस, एक मोबाइल फोन और तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की गई है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जनपद में अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कैराना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शोएब पुत्र महताब निवासी गांव तितरवाड़ा, थाना कैराना बताया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार तस्कर के पास से बरामद हथियारों में दस अवैध पिस्टल और पांच तमंचे शामिल हैं, जो किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते थे। इसके अलावा कुछ कारतूस, एक मोबाइल फोन और एक बाइक भी बरामद की गई है, जिसका उपयोग वह हथियारों की तस्करी में करता था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कई अहम खुलासे किए। उसने बताया कि वह अवैध हथियार खरीदने के लिए अकरम नामक व्यक्ति से व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क करता था। अकरम मध्यप्रदेश के बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पर उससे मिलता था और बैग में रखकर हथियार उसे सौंप देता था। इसके बदले शोएब नकद भुगतान करता था। इस तरह यह अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा था। आरोपी ने यह भी बताया कि वह इन हथियारों को बाइक के माध्यम से अपने गांव तितरवाड़ा निवासी कादिर पुत्र आबिद को बेचने जा रहा था। कादिर इन हथियारों को अपने पास रखता था और पहले भी शोएब उससे कई बार पिस्टल और तमंचे की सप्लाई कर चुका है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### ट्रेन के माध्यम से लाए जाते थे हथियार

एसपी ने बताया कि चेकिंग से बचने के लिए हथियारों को ट्रेन के माध्यम से शामली लाया जाता था। यहां से गिरोह के अन्य सदस्य इन हथियारों को पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के अपराधियों को सप्लाई करते थे। उन्होंने बताया कि यह गिरोह काफी समय से सक्रिय था और इसमें कई अन्य स्थानीय व बाहरी लोग शामिल हैं। पुलिस ने गिरोह के बाकी सदस्यों को चिन्हित कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि बरामद हथियारों की खेप आगामी दिनों में किस बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए मंगवाई गई थी।

# कैराना में लंबे समय से सक्रिय रहा अवैध हथियार तस्करी का नेटवर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण कैराना लंबे समय से अवैध हथियारों की तस्करी के लिए संवेदनशील माना जाता रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा से सटे इस इलाके में पूर्व में भी कई बार पुलिस द्वारा हथियारों की बड़ी खेप पकड़ी जा चुकी है। ताजा मामले में मध्य प्रदेश से पिस्टल और तमंचे लाकर कैराना में सप्लाई करने वाले तस्कर की गिरफ्तारी ने एक बार फिर इस अवैध नेटवर्क की सक्रियता को उजागर कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कैराना और आसपास के इलाकों में अवैध हथियारों की मांग लंबे समय से बनी रहती है। इसी मांग को पूरा करने के लिए तस्कर मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों से सस्ते दामों में हथियार खरीदकर यहां ऊंचे दामों पर बेचते हैं। आमतौर पर ये हथियार अपराधियों, गैंग के सदस्यों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों तक पहुंचाए जाते हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि तस्कर आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर अपने नेटवर्क को संचालित करते हैं।

व्हाट्सऐप कॉल और सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर सौदे तय किए जाते हैं, जिससे पुलिस की नजर से बचना आसान हो जाता है। कई मामलों में तस्कर रेलवे स्टेशनों या सुनसान स्थानों पर हथियारों की डिलीवरी लेते हैं और फिर अलग-अलग माध्यमों से उन्हें गंतव्य तक पहुंचाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कैराना पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के कई मामलों का खुलासा करते हुए दर्जनों पिस्टल और तमंचे बरामद किए हैं। इसके बावजूद तस्कर नए-नए तरीकों से इस धंधे को जारी रखने की कोशिश करते रहते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हालिया गिरफ्तारी से इस अवैध नेटवर्क की कई अहम कड़ियां सामने आई हैं। फरार सप्लायर और उससे जुड़े अन्य लोगों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। अधिकारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की संभावना है, जिससे अवैध हथियार तस्करी के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है।

# गोकशी कांड का मुख्य आरोपी शमीम गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र के गांव मवी में हुए गौकशी कांड का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही एक अन्य अभियुक्त को जेल भेज चुकी है, जबकि अब मुख्य वांछित आरोपी भी पुलिस गिरफ्त में आ गया है।

जानकारी के अनुसार, विगत 8 दिसंबर 2025 को गांव मवी स्थित वाटर प्लांट के पास नाले में लगे जाल में गौवंश के अवशेष फंसे होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची थाना कैराना पुलिस ने अवशेषों को बाहर निकलवाया और पशु चिकित्सक को बुलाकर नियमानुसार कार्रवाई कराई। घटना के संबंध में थाना कैराना पर मुकदमा संख्या 774/2025 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने प्रभारी निरीक्षक को शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए थे, जिसके बाद पुलिस टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इसी क्रम में विगत 9 दिसंबर 2025 को पुलिस ने चांद पुत्र शाहिद निवासी मोहल्ला रेत्तेवाला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, मंगलवार को चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी शमीम पुत्र कालू उर्फ नफीस निवासी मोहल्ला रेत्तेवाला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी शमीम के खिलाफ गौवध निवारण अधिनियम के अलावा बीएनएस की धारा 109(1) तथा आर्म्स एक्ट की धाराओं में भी मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव चौहान, कांस्टेबल उधम सिंह और कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे।

## चाकू सहित युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना थानाभवन पुलिस ने मंगलवार को चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस ने आबिद पुत्र भूरा, निवासी मोहल्ला सै"यदान, कस्बा एवं थाना थानाभवन, जनपद शामली को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध रोकने के लिए लगातार संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पुलिस ने आमजन से अपील की कि यदि किसी के पास किसी अवैध हथियार की जानकारी हो, तो तुरंत थाना पुलिस को सूचित करें, ताकि अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके और जिले में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# पुलिस ने वाहन चालकों को किया जागरूक

## हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिए किया जागरूक, उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों एवं (नो हेलमेट नो फ्यूल) अभियान को लेकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को भी यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

जनपद में शासन के निर्देश पर श्नो हेलमेट नो फ्यूलश अभियान के साथ-साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत यातायात पुलिस वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व को समझाते हुए इनके अनिवार्य प्रयोग के लिए जागरूक कर रही है। मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि बिना हेलमेट आने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। उन्होंने पंप संचालकों को भी हिदायत दी कि वे बिना हेलमेट आने वाले किसी भी वाहन चालक को पेट्रोल न दें। साथ ही पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा यातायात पुलिस ने विभिन्न प्रमुख एवं व्यस्त स्थानों जैसे बनत चौराहा, विजय चौक, टिकैत तिराहा, अंजता चौक, गुरुद्वारा तिराहा सहित अन्य मुख्य चौराहों पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों, पेट्रोल पंप संचालकों, वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने बताया कि हेलमेट न पहनने की स्थिति में सड़क दुर्घटना होने पर चालक को गंभीर चोटें आ सकती हैं, जो जानलेवा भी हो सकती है। सीट बेल्ट भी चार पहिया वाहन चालकों के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दुर्घटना के समय चालक एवं यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करता है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

# मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने मंगलवार को भी जनपद में महिलाओं व युवतियों को सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइनों के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने कहा कि यदि महिलाओं को कोई समस्या या असुरक्षा महसूस हो तो तुरंत कॉल करें, उन्हें तत्काल सहायता मिलेगी।

जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइनों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। मंगलवार को शामली सहित कैराना, झिझाना, कांधला आदि क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी संकोच के 112, 1090 और 181 जैसे हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क करना चाहिए। टीम ने इन नंबरों के सही उपयोग और त्वरित सहायता प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने बताया कि 112 नंबर आपातकालीन सेवा के लिए है, जहां कॉल करते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंचेगी। वहीं 1090 महिला हेल्पलाइन है, जो महिलाओं से संबंधित मामलों में त्वरित सहायता प्रदान करती है। 181 नंबर महिला पावर लाइन है, जो परामर्श एवं सहायता के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, संदिग्ध लिंक, अनजान कॉल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति भी सतर्क किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी अज्ञात व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करें। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए हमेशा सतर्क रहने की आवश्यकता है। टीम ने बताया कि कई बार महिलाएं छोटी-मोटी घटनाओं को अनदेखा कर देती हैं, जो बाद में बड़ी समस्या बन जाती है। इसलिए किसी भी तरह की परेशानी या उत्पीड़न होने पर तुरंत इन हेल्पलाइनों पर सूचना दें। पुलिस का दावा है कि इस अभियान के माध्यम से महिलाओं में जागरूकता बढ़ी है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर अधिक सजग हुई हैं। पुलिस ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत यह जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं और छात्राएं सरकारी हेल्पलाइनों के बारे में जान सकें और जरूरत पड़ने पर इनका लाभ उठा सकें।

# सेवानिवृत्ति पर उपनिरीक्षक किए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस विभाग में वर्षों तक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे उप निरीक्षकों को मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे दो उप निरीक्षकों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले उप निरीक्षकों में उप निरीक्षक फतेह सिंह और उप निरीक्षक रामेन्द्र सिंह शामिल रहे। दोनों अधिकारियों ने लंबे समय तक पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दीं और अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यों को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं होती, बल्कि यह समाज और जनता के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे दोनों उप निरीक्षकों ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, जो अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने दोनों अधिकारियों के उज्ज्वल, स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका अनुभव हमेशा विभाग के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों सेवानिवृत्त उप निरीक्षकों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर दोनों अधिकारी भावुक नजर आए और उन्होंने अपने सेवाकाल से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पुलिस सेवा के दौरान बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने वर्तमान में कार्यरत पुलिसकर्मियों को ईमानदारी, अनुशासन और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह के दौरान मौजूद अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त हो रहे उप निरीक्षकों के साथ बिताए पलों को याद किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम का माहौल भावुकता से भरा रहा, जहां एक ओर साथियों के बिछड़ने का दुख था, वहीं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई। समारोह का समापन सभी के सुखद और स्वस्थ जीवन की कामना के साथ किया गया। इस अवसर ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि पुलिस विभाग में सेवाएं देने वाले कर्मियों का सम्मान और उनके योगदान को सदैव याद रखा जाता है।

## बाइक और ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत में अधेड़ की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बीरेन्द्र पुत्र भंवर सिंह निवासी चंदेनामाल के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बीरेन्द्र किसी कार्य से जलालाबाद गए हुए थे। वहां से वह अपनी बाइक पर सवार होकर वापस चंदेनामाल लौट रहे थे। देर शाम के समय जब वह अपने गांव के नजदीक पहुंचे, तभी एक ट्रैक्टर-ट्राली से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बीरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में शोक की लहर है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# आवेदन में फर्जी डिग्री पाए जाने पर हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में स्वास्थ्य विभाग की जांच के दौरान एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीकरण आवेदन में फर्जी डॉक्टर का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय की जांच में सामने आया कि आवेदन में दर्शाए गए चिकित्सक के सभी शैक्षिक प्रमाणपत्र जाली हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएमओ कार्यालय द्वारा थाना कैराना को भेजे गए पत्र के अनुसार, ग्राम कंडेला निवासी अमित कुमार ने एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इस आवेदन में डॉ. अवतार सिंह मेहरा को सेवा प्रदाता चिकित्सक के रूप में दर्शाया गया था। चूंकि अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत सख्त नियमों के अंतर्गत होता है, इसलिए आवेदन की जांच के लिए इसे जनपदीय सलाहकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति की बैठक में चिकित्सक के शैक्षिक प्रमाणपत्रों की सत्यता पर संदेह होने पर उनका सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया। इसके बाद संबंधित अभिलेखों को उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल, लखनऊ भेजा गया। मेडिकल काउंसिल की ओर से 20 मार्च को भेजी गई रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया कि डॉ. अवतार सिंह मेहरा के नाम से प्रस्तुत एमबीबीएस, डीएमआरडी सहित सभी शैक्षिक प्रमाणपत्र पूरी तरह कूटरचित, जाली और असत्य हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि इन प्रमाणपत्रों का काउंसिल के आधिकारिक अभिलेखों से कोई संबंध नहीं है। जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि संबंधित व्यक्ति फर्जी डिग्री के आधार पर चिकित्सा कार्य कर रहा था। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है। ऐसे मामलों से मरीजों की जान को खतरा हो सकता है और चिकित्सा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े होते हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. अतुल बंसल ने थाना कैराना पुलिस को पत्र भेजकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नेशनल मेडिकल कमीशन एक्ट 2019 की धारा 34(2) तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4), 61(2)सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और अन्य सेंटरों की भी जांच की संभावना जताई जा रही है।

# बच्चों की मौत पर हंगामे के बाद सीएचसी बंद

## मंगलवार को दिनभर बंद रहा अस्पताल, नहीं हुई कोई विभागीय कार्रवाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के सरवर रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रसव के दौरान दो बच्चों की मौत के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। घटना के बाद परिजनों और क्षेत्रीय लोगों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और स्टाफ पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाने के मामले में मंगलवार को अस्पताल बंद रहा।

सोमवार को प्रसव के दौरान दो नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना के विरोध में मंगलवार को पूरे दिन अस्पताल बंद रहा, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दूर-दराज से इलाज के लिए आए मरीज बिना उपचार के ही लौटने को मजबूर हो गए। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग की ओर से किसी भी प्रकार की ठोस या विभागीय कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में और अधिक नाराजगी देखने को मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन लोग जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बच्चों की मौत स्टाफ की लापरवाही और चिकित्सा प्रक्रिया में कमी के कारण हुई है। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, लोगों का कहना है कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

## पुलिस की प्रभावी पैरवी से दो को तीन-तीन वर्ष की कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करते हुए एक मामले में दो अभियुक्तों को सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की है। माननीय न्यायालय ने दोनों को तीन-तीन वर्ष के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में अभियुक्तगण अजीत पुत्र वीरेंद्र सिंह और मोनू उर्फ अमित पुत्र वीरेंद्र सिंह, जो मोहल्ला सुभाष नगर रेलपार, थाना आदर्श मंडी शामली के निवासी हैं, के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा संख्या 1628/2019 धारा 323, 506, 34 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 3(1) एससी/एसटी एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया था। शामली पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई। पुलिस ने साक्ष्यों और गवाहों के माध्यम से अभियुक्तों के खिलाफ मजबूत मामला पेश किया। इसी का परिणाम रहा कि आज 31 मार्च 2026 को माननीय न्यायालय एडीजे स्पेशल एससी/एसटी कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही न्यायालय ने दोनों पर कुल 12,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने इस सफलता पर कहा कि शासन की मंशा के अनुसार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और प्रभावी पैरवी जारी रहेगी, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके।

# श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी मेले का उद्घाटन राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नगर पालिका परिषद देव. बंद के तत्वावधान में श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी शक्तिपीठ पर लगने वाले वार्षिक मेले का मंगलवार को लोनिवी राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने फीता काटकर व गुब्बारे उड़ाकर उद्घाटन किया। शक्तिपीठ पर चतुर्दशी तिथि पर बुधवार की सुबह से हजारों लोग प्रसाद चढ़ाकर मन्नते मांगेगे।

मेले के उद्घाटन के उपरांत लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक मेलों का आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता, समाज और अर्थव्यवस्था का संगम है। मेलों से आपसी एकता व भाईचारे की भावना भी सुदृढ़ होती है। इसके उपरांत राज्य मंत्री ने माँता के दरबार में पहुंच माथा टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ



पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन, एडीएम प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, पालि. काध्यक्ष विपिन गर्ग, मेला चेयरमैन विपिन त्यागी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय त्यागी, अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, वैभव अग्रवाल, आदि शामिल रहे।

## बच्चों को शिक्षित बनाना सरकार की मंशा है: सिंह

**देवबन्द।** बीआरसी गुनारसा में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जनप्रतिनिधियों से नए शिक्षण सत्र में परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षित बनाना सरकार की मंशा है। इसलिए ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय निकाय सदस्यों समेत जनप्रतिनिधि विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराएं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए पात्रों को उनका लाभ दिलाने का भी आह्वान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल कुमारी ने एआरपी द्वारा विभाग में चल रही योजनाओं



जैसे डीबीटी, कायाकल्प, निपुण भारत मिशन के बारे में बताया। खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने परिषदीय स्कूलों में विद्यालय परिवेश परिवर्तन, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों ने रंगोली व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। संचालन रफल सिंह ने किया। बीडीओ अमित नारंग, एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, सहकारी गन्ना समिति के चेयरमैन डा. उपेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष चौधरी अर्जुन सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, सुमित चौधरी, प्रमोद राणा आदि शामिल रहे।

## विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को विक. सित उत्तर प्रदेश विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डा. संदीप गुप्ता ने कहा कि मोबाइल की लत हमारे विकास में अवरोधक है। वर्तमान में हमें पुरानी लेखन प्रक्रिया को अपनाना होगा। मेला चेयरमैन विपिन त्यागी ने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक व्यक्ति अपने अंदर सुधार करेगा। कृषक पीजी कालेज मवाना के डा. तनुज कुमार, महाराज सिंह कालेज सहारनपुर के डा. रामकुमार आदि ने भी विचार रखें। प्राचार्य डा. गौरव बालियान ने सभी का आभार जताया। संचालन डा. टीना ने किया।

# उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** द दून वैली स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं वर्षभर के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वावा प्रस्तुत कृत्य एवं गीतों ने अभिभावकों का मन मोह लिया।

द दून वैली स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा नौ तथा 11 तक के विद्यार्थियों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं वर्षभर के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने कहा कि नियमित उपरिक्षेति विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं अनुशासन का विकास करती है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता क श्रेय अभिभावकों, शिक्षकों एवं उनके स्वयं के परिश्रन को दिया। साथ ही कहा कि विद्यार्थिय की इस सफलता



के लिए शिक्षक व अभिभावक बधाई के पात्र है। कार्यक्रम का शुभारंभ क्वालिटी हेड अर्चना शर्मा, उपप्रधानाचार्य तनुज कपिल, हरदीप सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस दौरान छात्रों द्वारा प्रस्तुत कृत्य एवं गीतों ने अभिभावकों का मन मोह लिया। **वही,** आरके पब्लिक स्कूल में भी वार्षिक परीक्षाफल घोषित करते हुए



मेधावियों का सम्मान किया गया। चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल तल्हेड़ी बुजुर्ग का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित हुआ। प्रबंधक प्रमोद त्यागी व प्रधानाचार्य रेनू शर्मा ने रिजल्ट की घोषणा करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चों को बधाई दी।

## सड़क पर कूड़ा फैंकने वाले लोगों को चिन्हित कर जुर्माना वसूलने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** दिन भर कूड़े के ढेर और उससे उठती बदबू से मोहल्ला छोटी खानकाह के लोग परेशान है। मोहल्ले के जागरुक लोगों ने सडक पर कूड़ा फैंकने वाले लोगों को चिन्हित कर उनसे जुर्माना वसूले जाने की मांग पालिका प्रशासन से की है।

मोहल्ला छोटी खानकाह में रहने वाले मौलाना कासिम, डा. नौशाद, मौलाना अब्दुल राजिक, मौलाना मो. इनुद्दीन कासमी, मौलवी सईद आदि का कहना है कि मोहल्ले की सडके कोई कूड़ेदान नहीं हैं लेकिन अफसोस की बात है कि कुछ लोग इसे कूड़ेदान समझ बैठे हैं और बिना हिचकिचाएं अपने घर का कूड़ा सडक पर फेंक देते हैं। आलम यह हे कि सफाई कर्मचारियों द्वारा कूड़ा उठा लिए जाने के बाद सडकों पर घरों का कूड़ा फैंका जाता है जो फिर पूरे दिन वहीं पड़ा रहता है और उससे उठने वाली बदबू से लोगों को बेहद परेशानी होती है। कहा कि अपने घर के साथ



साथ आस पास व मोहल्ले में साफ सफाई रखना हर एक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कहा कि इस समस्या से सख्ती से निपटना होगा तभी ऐसे लोग सडकों पर कूड़ा फैंकने से बाज आ सकते हैं। लोगों द्वारा बिना कुछ सोचे समझे सडक किनारे कूड़ा फैंक देने के कारण सिर्फ मोहल्ला छोटी खानकाह के लोग ही नहीं बल्कि बड़ी खानकाह, मोहल्ला दीवान, शाहविलायत समेत दारुल उलूम क्षेत्र में रहने वाले सभी लोग इस समस्या से परेशान हैं। क्षेत्र के जागरुक लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से विशेषकर दारुल उलूम देवबंद क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने और सडक पर कूड़ा डालने वालों पर जुर्माना लगाए जाने की मांग की है।

## डीएम एवं एसएसपी ने किया उपकारागार का निरीक्षण

**देवबन्द।** जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपकारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई की गहनता से जांच करते हुए सुरक्षा मानको का कड़ाई से पालन करने को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने संयुक्त रुप से मंगलवार को देवबंद स्थित उपकारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में सतर्कता बनाए रखने, नियमित चे. कंग और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय स्टॉफ को सुरक्षा एंव मानकों का कड़ाई से पालन करने एवं व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृड़ बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में साफ-सफाई बंदियों की सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान जेलर सुरेशपाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संतुष्टी जताई। इस दौरान समस्त स्थानीय स्टॉफ अलर्ट मोड पर रहा।

**देवबन्द।** अबुलमाली मुहल्ला निवासी गुलअफशां ने कोतवाली में तहरीर में बताया कि पड़ोस का एक व्यक्ति उसके पति से रुपये की मांग करता रहता है। वह घर आया और फिर से रुपये मांगने लगा। इंकार करने पर उक्त व्यक्ति ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसके पति को चोटें आई।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो


**देवबन्द।** कार की टक्कर से साइकिल सवार अब्दुल कय्यूम घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

मोहल्ला गुज्जरवाडा निवासी कय्यूम मंगलवार को साइकिल पर किसी काम से सांपला मार्ग पर गए थे। पेट्रोल पंप के समीप पीछे से आई तेज गति कार ने साइकिल को टक्कर मार दी। इसमे वह घायल हो गए। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। पुलिस का कहना है, तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एसडी मैनेजमेंट में टैगलाइन पहचान प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ सेल एवं ब्रेनिक्स क्लब के तत्वावधान में लोगो एवं टैगलाइन पहचान विषय पर एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ब्रांड जागरूकता, रचनात्मक सोच एवं मार्केटिंग से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान को विकसित करना था। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विभिन्न कंपनियों के लोगो और टैगलाइन उपभोक्ताओं को आकर्षित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस गति. विधि को अत्यंत रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे विद्यार्थियों ने सीखने के साथ-साथ आनंद भी लिया। इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजक पूर्वी संगल रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांड्स के लोगों और टैगलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे एक छोटा सा लोगो किसी कंपनी की पहचान बन जाता है और एक प्रभावशाली टैगलाइन ग्राहकों के मन में स्थाई स्थान बना लेती है। उनके द्वारा दिए गए उदाहरणों ने विद्यार्थियों को मार्केटिंग की बारीकियों को समझने में सहायता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न लोगो दिखाए गए और उनसे संबंधित टैगलाइन पहचानने के लिए कहा गया। इसी प्रकार, कुछ टैगलाइन दी गई जिनसे संबंधित ब्रांड का नाम बताना था। इस इंटरैक्टिव गतिविधि में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समझ एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान उत्साह और प्रतिस्पर्धा का वातावरण देखने योग्य था। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने समूह में मिलकर भी विचार-विमर्श किया, जिससे उनकी टीमवर्क क्षमता में वृद्धि हुई।

कार्यक्रम ने विद्यार्थियों की त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और ब्रांड पहचान की समझ को और अधिक मजबूत बनाया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की गई, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। इस अवसर पर बीबीए विभाग के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से, मोहम्मद अंजर, सो. निका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी,




प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान, लवी वर्मा एवं दीपक गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल ज्ञानवर्धक होती हैं बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रस्तुतीकरण कौशल को भी बढ़ाती हैं।

उन्होंने Brainioo क्लब एवं प्फ सेल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में मार्केटिंग और ब्रांडिंग का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है और इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा गया। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया तथा उन्हें सीखने का एक नया . ष्टिकोण प्रदान किया। इस सफल आयोजन के लिए ब्रेनॉक्स क्लब, सेल, समस्त बीबीए संकाय एवं विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय रहा।

## विश्व संकट के बीच भारत सुरक्षित भाजपा सरकार की नीतियां बनीं मजबूती का आधार : अरुण कुमार वर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि वर्तमान में अमेरिका ईरान और इजरायल के बीच चल रहे अंतर्राष्ट्रीय तनाव एवं युद्ध के हालातों से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश की जनता सुरक्षित एवं स्थिर माहौल में जीवन यापन कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के दौर में कई देशों में महंगाई आर्थिक अस्थिरता और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बढ़ी हैं। जबकि भारत सरकार की दूरदर्शी विदेश नीति मजबूत आर्थिक प्रबंधन और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था के कारण देश की अर्थव्यवस्था संतुलित बनी हुई है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत होने से व्यापार उद्योग और आम जनजीवन सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, व्यापारी, युवा और महिलाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। जिनका सीधा लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की समन्वित कार्यशैली के कारण विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं और जनता में विश्वास का वातावरण बना है। उन्होंने आग कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साख लगातार मजबूत हुई है तथा विश्व मंच पर देश की भूमिका प्रभावशाली बनी है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास सुरक्षा और निवेश के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर रहा है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना के साथ देश और प्रदेश को आगे बढ़ाना है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि विकास और स्थिरता की इस यात्रा में सभी नागरिक सकारात्मक सोच के साथ देशहित में सहयोग करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मजबूत नेतृत्व प्रभावी नीतियों और जनभागीदारी के बल पर भारत हर वैश्विक चुनौती का सामना करते हुए निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा।

## पदाधिकारियों की घोषणा

**हल्दौर।** नगर में सामाजिक एकता और जनसेवा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महाराजा हरिश्चंद्र वंशीय समिति का गठन किया गया। बैठक में समिति के पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। बैठक की अध्यक्षता डा. संदीप और देवेंद्र ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और समा. जहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से सुधीर को अध्यक्ष, प्रवीण को महामंत्री, अभिषेक को कोषाध्यक्ष, संजीव को उपाध्यक्ष तथा सतीश को उपमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## किसानों ने दिया देर शाम थाने में धरना

**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता की उड़ीसा में गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र के किसानों में आक्रोश देखने को मिला। बीती देर शाम स्थानीय किसानों ने विरोध दर्ज कराते हुए थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ता थाने पहुंचे और दरी बिछाकर शांतिपूर्ण धरना शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि यदि उनके नेता को तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। धरने पर मौजूद किसानों ने इसे किसान हितों पर हमला बताते हुए कहा कि किसान नेताओं की आवाज दबाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की और एकजुटता का प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने बताया कि उड़ीसा में राकेश टिकैत को हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलने के बाद किसानों ने विरोध स्वरूप धरना शुरू किया था, हालांकि कुछ ही देर बाद उनके रिहा होने की सूचना प्राप्त हो गई।

# हनुमान जन्म महोत्सव का भव्य आगाज



**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति एवं बाबा नींब करौरी कृपा कुंज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान जन्म महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इस दौरान पूरा नगर जयकारों और भक्ति रस में सराबोर नजर आया। उद्घाटन समारोह शुभम मंडप में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी अशोक कटारिया सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का पगड़ी व राम-नाम अंकित पटका पहनाकर सम्मान किया गया। अशोक कटारिया ने धार्मिक संस्थाओं द्वारा समाज में जागरुकता फैलाने के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सनातन संस्कृति के लिए प्रेरणादायक बताया। इसके पश्चात निकाली गई विशाल कलश शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में राम दरबार की आकर्षक झांकियां, सुसज्जित घोड़ा-बग्गी पर विराजमान बजरंगबली के स्वरूप और पीत वस्त्रों में सजे श्रद्धालु मंगल कलश व ध्वज लेकर चलते रहे। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा, मिष्ठान वितरण और जल सेवा के साथ शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बिजनौर से आए भजन प्रवाहक संदीप शर्मा बिजनौरी व अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं काशीपुर से आए बॉबी किंग ढोली के निर्देशन में ढोल वादकों ने अपनी प्रस्तुति से पूरे नगर में उत्साह भर दिया। शोभायात्रा का नगर में करीब 87 स्थानों पर स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि आगामी दो दिनों तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## दीप सर्जन कांवेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**धामपुर।** दीप सर्जन कांवेंट स्कूल में शैक्षिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र सिंह चौहान ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और अनुशासन में



रहकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी लगन के साथ पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के घोषित परिणाम में प्रथम स्थान अल्बीना, नैंसी, अंजलि, विष्णु, प्रियांशी, वंशिका, अलिया एवं ईशा ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर अवनी, प्रिंस, मयंक, अब्दुल हादी, इल्म, अक्षत, तस्वीर और रितिक रहे। तृतीय स्थान चाहत, माफ़िया, उर्वशी, प्रतीक, आर्यन, आहिल, शिवराज, आयुष एवं हर्षित ने हासिल किया।

**सूचना**

मैंने अपना नाम ZAKIRAH KHATOON से बदलकर ZAKIRA KHATOON रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

Zakira Khatoon W/O
Mohammed Khalid Siddiqui
R/O Mohalla Kasmi Colony
Near Wakph Darul uloom
Deoband

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मनव्वर मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा उसके गलत व्यवहार के कारण मैं इससे अपने संबंध विच्छेद करते हुए उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

आबिदा विधवा शराफत
निवासी मोहल्ला कोहला बस्ती
रविदास मार्ग थाना देवबंद
जिला सहारनपुर

# IPL: गुजरात ने पंजाब को 163 का टारगेट दिया

## शुभमन गिल ने 39, बटलर ने 38 रन बनाए, विजय कुमार वैशाख ने 3 विकेट लिए

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल के चौथे मैच में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 163 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर में पंजाब ने बालिंग चुनी। गुजरात ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 39 और जोस बटलर ने 38 रन बनाए। पंजाब से विजयकुमार वैशाख ने 3 और युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए।

अर्शदीप सिंह ने 20वें ओवर में 11 गेंदें फेंकी। ओवर में 4 वाइड और 1 नो-बाल शामिल रहीं। यह आईपीएल के किसी एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें फेंकने के रिकार्ड की बराबरी रही। 19वें ओवर में विजयकुमार वैशाख ने 2 विकेट लिए। ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने शाहरुख खान को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच कराया। शाहरुख 4 रन ही बना सके। वैशाख ने वाशिंगटन सुंदर और ग्लेन फिलिप्स को भी पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में गुजरात ने पांचवां विकेट गंवाया।



ओवर की पहली बाल विजयकुमार वैशाख ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। वाशिंगटन सुंदर ने शाट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच हो गए। वे 18 रन ही बना सके। 18 ओवर के बाद गुजरात ने 4 विकेट खोकर 144 रन बना लिए। टीम से वाशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान पिच पर मौजूद रहे। 16वें ओवर में गुजरात ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फेंकी। जोस बटलर ने आगे निकलकर बड़ा शाट खेला, लेकिन लान्ग आन पर जैवियर बार्टलेट के हाथों कैच हो गए। बटलर ने 38 रन बनाए। 14वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बाल विजयकुमार वैशाख ने फुलर लेंथ फेंकी। ग्लेन फिलिप्स ने सामने की ओर शाट खेला, लेकिन लान्ग आफ पर मार्को यानसन के हाथों कैच हो गए। फिलिप्स ने 17 गेंद पर 25 रन बनाए। 12वें ओवर में गुजरात टाइटंस ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। ग्लेन फिलिप्स ने युजवेंद्र चहल के खिलाफ चौका लगाया और टीम के 100 रन पूरे करा दिए। 10वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। शुभमन गिल ने स्लाग स्वीप खेला, लेकिन डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। शुभमन ने 39 रन बनाए। युजवेंद्र चहल ने मिडिल ओवर्स में पंजाब को पहला विकेट दिलाया। गुजरात टाइटंस ने 7वें ओवर में पारी का पहला छक्का लगाया। जोस बटलर ने विजयकुमार वैशाख की स्लोअर गेंद को सामने की दिशा में बाउंड्री के बाहर भेज दिया। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। टीम ने 6 ओवर में एक भी छक्का लगाए बिना 54 रन बना लिए। जोस बटलर और कप्तान शुभमन गिल पिच पर मौजूद रहे। वहीं साई सुदर्शन 13 रन बनाकर आउट हुए। चौथे ओवर में पहली बार बालिंग करने आए मार्को यानसन ने पंजाब को पहला विकेट दिलाया। ओवर की चौथी बाल उन्होंने गुड लेंथ पर फेंकी। साई सुदर्शन हवा में शाट खेलने गए, लेकिन मिड आफ पर कैच हो गए। उन्होंने 11 गेंद पर 13 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 3 ओवर में 35 रन बना लिए। शुभमन गिल और साई सुदर्शन हर ओवर में औसतन 12 रन बना रहे हैं। गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ पहले ओवर में 9 रन बनाए।

# फखर पर बॉल टैंपरिंग के लिए लगा दो मैच का बैन

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि टूर्नामेंट के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 3 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद फखर जमान को पीएसएल 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। यह आरोप आर्टिकल 2-14 के उल्लंघन से जुड़ा है, जो 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के मैच के दौरान गेंद की हालत बदलने से जुड़ा है।

यह घटना मैच के आखिरी समय में हुई जब ऑन-फील्ड अंपायरों ने लाहौर कलंदर्स पर पांच रन की पेनल्टी लगाई और कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले गेंद बदलने का आदेश दिया। फखर पर ऑन-फील्ड अंपायर शाहिद सैकत और फैसल खान आफरीदी के साथ-साथ टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद ने आरोप लगाए। उन्होंने गलती से इनकार किया और आरोप का विरोध करने का विकल्प चुना,

जिसके कारण पूरी डिसिप्लिनरी सुनवाई हुई। सुनवाई करने वाले मैच रेफरी रोशन महानामा ने सबूतों की समीक्षा करने और फखर की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया। लाहौर कलंदर के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, टीम डायरेक्टर समीन राणा और मैनेजर फारूक अनवर कार्रवाई के दौरान मौजूद थे। लेवल 3 के नियम तोड़ने पर कम से कम एक मैच का बैन से लेकर ज्यादा से ज्यादा दो मैच का बैन लग सकता है, जिसमें फखर को पेनल्टी की ऊपरी लिमिट दी जाती है। अब वह 3 अप्रैल को लाहौर में मुल्तान सुल्तांस के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के आने वाले मैच और 9 अप्रैल को कराची में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ मैच नहीं खेल पाएंगे।

# आज पावरप्ले का फायदा उठाने का मौका था: वैभव सूर्यवंशी

**गुवाहाटी, वार्ता।** अपने 15वें जन्मदिन के तीन दिन बाद वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत 15 गेंदों में अर्धशतक से की, जो इसलिए भी खास था क्योंकि उसी पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स सिर्फ 127 रन पर ऑलआउट हो गई थी। सूर्यवंशी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स की योजना पावरप्ले का पूरा फायदा उठाने की थी, इसलिए उन्होंने आक्रामक अंदाज अपनाया।

राजस्थान की आठ विकेट की जीत के बाद सूर्यवंशी ने कहा कि हमारी योजना थी कि हम पावरप्ले को अच्छी तरह एगजिक्यूट करें। शुरुआत में विकेट थोड़ा धीमा लग रहा था, लेकिन बाद में गेंद पुरानी होने पर बल्ले पर अच्छे से आने लगी। मैं डिफेंस के बारे में भी सोचता हूं, लेकिन आज हमारा प्लान पावरप्ले में खेलने का था। छोटे टारगेट में मैच पावरप्ले में ही तय हो जाता है। अगर बॉलिंग टीम पावरप्ले में अच्छा करती, तो मैच उनके पक्ष में जा सकता था। लेकिन हम सभी ने पूरी तरह अटैक किया और हमारा पावरप्ले अच्छा गया। सूर्यवंशी को पहली ही गेंद पर सीएसके के डेब्यू खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने



कैच छोड़ दिया था, जो डीप मिडविकेट पर एक मुश्किल मौका था। उन्होंने पावरप्ले खत्म होने तक 16 गेंदों में 52 रन बना लिए, जिसमें पांच छक्के और चार चौके शामिल थे। आरआर का स्कोर 6 ओवर में 70 रन था। उन्होंने कहा कि आरआर मैनेजमेंट ने उन्हें अपना नेचुरल गेम खेलने की आजादी दी और सीजन से पहले उनकी तैयारी भी अच्छी रही। उन्होंने बस कहा कि हम तुम्हें सपोर्ट कर रहे हैं, तुम अपना नेचुरल गेम खेलो।

# ऋषभ पंत-केएल राहुल में होगी दिलचस्प जंग

### IPL 2026: लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आज हाई-इंटेंसिटी मुकाबला

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल 2026 में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाला मुक. ाबला एक हाई-इंटेंसिटी मुकाबला होगा, जिसमें स्टार्स का रीयूनियन, इंडिविजुअल मैचअप और अलग-अलग टैक्टिकल अप्रोच होंगे। दोनों टीमों में मजबूत इंटरनेशनल प्लेयर्स और डायनामिक इंडियन टैलेंट होने के कारण, कल का मैच आम इकाना कंडीशंस में काफी करीबी होने की उम्मीद है,

जो अक्सर स्पिन और डिसिप्लिन्ड बॉलिंग के लिए फायदेमंद होती हैं। एक बड़ी स्टोरीलाइन उन खास प्लेयर्स के रीयूनियन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने पहले ड्रेसिंग रूम शेयर किया है। ऋषभ पंत, जो अब लखनऊ सुपर जायंट्स को



लीड कर रहे हैं,

अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेंगे, जबकि केएल राहुल, जो एलएसजी के पुराने खिलाड़ी थे, अब दिल्ली कैपिटल्स को रिप्रेजेंट करेंगे। इससे मुकाबले में एक इमोशनल पहलू जुड़ जाता है, क्योंकि दोनों प्लेयर्स लीडरशिप की जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और एक-दूसरे के गेम प्लान से अच्छी तरह वाकिफ हैं। एक और मेन थीम एग्रेसिव बैटिंग और स्पिन डॉमिनेंस के बीच की लड़ाई है। निकोलस पूरन से बीच के ओवरों में अपने अटैकिग स्ट्रोक प्ले से एलएसजी के लिए अहम रोल निभाने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स अपने मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव के साथ मुकाबला करेगी, जिनकी वैरिएशन और विकेट लेने की काबिलियत उस पिच पर अहम साबित हो सकती है, जो आमतौर पर धीमे गेंदबाजों को मदद देती है। लखनऊ एक टॉप-हैवी टीम लगती है, जिसके ऊपरी ऑर्डर में काफी फायरपावर है। मिचेल मार्श, एडेन मार्करम, पंत और पूरन का कॉम्बिनेशन धमाकेदार पोटेंशियल देता है। अनुभवी पेसर मोहम्मद शमी और एनरिक नोर्त्जे को शामिल करने से उनका बॉलिंग अटैक मजबूत हुआ है, जो पेस, एक्यूरेसी और डेथ ओवर में एक्सपर्ट हैं। दूसरी ओर, दिल्ली टॉप और मिडिल ऑर्डर दोनों में डेप्थ के साथ ज्यादा बैलेंस्ड बैटिग यूनिट देती है। नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर स्टेबिलिटी और फिनिशिग स्ट्रेंथ देते हैं, जो टॉप पर केएल राहुल की कंसिस्टेंसी को पूरा करते हैं। अक्षर पटेल के ऑलराउंड योगदान से बैटिग और बॉलिंग दोनों डिपार्टमेंट में उनकी फ्लेक्सिबिलिटी और बढ़ जाती है।

### खेल विशेष

#### क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में नामीबिया के कप्तान होंगे स्मिट

**विडहोक, वार्ता।** क्रिकेट नामीबिया ने कन्फर्म किया है कि ऑलराउंडर जोहान्स जोनाथन स्मिट आने वाली आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में नेशनल टीम के कप्तान होंगे, जो 2 से 12 अप्रैल तक यहां होगी। नामीबिया वनडे इंटरनेशनल सीरीज में ओमान और स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा, जो वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन का एक अहम रास्ता है। स्मिट, जो वाइस-कैप्टन के तौर पर काम कर रहे थे, यह रोल तब संभालेंगे जब लंबे समय से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस कप्तानी की ड्यूटी से ब्रेक लेंगे। स्मिट ने कहा कि मैं बस मैदान पर जाकर अपने क्रिकेट का मजा लेना चाहता हूं, और मुझे उम्मीद है कि यह आराम मेरी सबसे ज्यादा काबिलियत को बाहर निकाल पाएगा। मेरा टैक्टिकल इनपुट अभी भी उपलब्ध रहेगा, और मैं टीम को सपोर्ट करने के लिए वहां रहूंगा।

#### वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप में चीन ने 13 गोल्ड जीते

**तियानजिन, वार्ता।** 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप छह दिन के कॉम्पिटिशन के बाद यहां खत्म हुई, जिसमें चीन ने 13 गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर मेडल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। हांगकांग,13 गोल्ड, सात सिल्वर और छह ब्रॉन्ज मेडल के साथ टेबल में टॉप पर रहा, जबकि इंडोनेशिया नौ गोल्ड, 11 सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस साल के इवेंट में 78 देशों और क्षेत्रों के कुल 1,179 पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया, जो इसे टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा बनाता है। 16 डेलीगेशन्स ने गोल्ड मेडल जीते, जबकि 29 पोडियम पर पहुंचे, जो इस खेल की बढ़ती ग्लोबल पहुंच और बढ़ते कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है। इंटरनेशनल वुशु फेडरेशन के सेक्रेटरी-जनरल झांग यूपिग ने कहा कि दुनिया भर के युवाओं के बीच वुशु की पॉपुलैरिटी और असर एक नए लेवल पर पहुंच गया है।

# 'सीएसके छोड़ना इमोशनल था': जडेजा

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2026 के अपने पहले गेम में आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जियो हॉटस्टार के 'गूगल सर्च एआई मोड मैच सेंटर लाइव ' पर बात करते हुए, आरआर के रवींद्र जडेजा ने जियो स्टार एक्सपर्ट अनिल कुंबले और सुरेश रैना से सीएसके से बाहर होने, आरआर की शुरुआती बॉलिंग और टीम की ऑलराउंड ताकत पर अपने विचार साझा किए।

जडेजा ने सीएसके से अपने इमोशनल जाने के बारे में कहा, ष्मुझे पिक कलर पसंद आ रहा है। पीला रंग थोड़ा पुराना लगने लगा था, लेकिन मैं बस मजाक कर रहा हूं। जाहिर है, सीएसके जैसी फेंच. इजी छोड़ना, जहां मैंने 12-13 साल खेला था, शुरू में थोड़ा मुश्किल था। यह बहुत इमोशनल था। लेकिन मैंने खुद से कहा कि इस तरह के बदलाव भी सफर का हिस्सा हैं। अच्छी बात यह थी कि



मैं अब उस टीम के साथ हूं जहां मैंने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता था। वह याद हमेशा मेरे साथ रही है, कि अंडर-19 वर्ल्ड कप के बाद, मैंने अपना आईपीएल करियर वहीं से शुरू किया था और अपने पहले ही सीजन में टाइटल जीता था। मैंने उन यादों को एक पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़ाया है, और मेरा मकसद नए ग्रुप के साथ जितना हो सके उतना सीखना और टीम के साथ अपना एक्सपीरियंस शेयर करना है। गुवाहाटी के विकेट पर और शिवम दुबे का बड़ा विकेट लेने के लिए अपनी लाइन को एडजस्ट करने पर जडेजा ने कहा, षविकेट थोड़ा चिपचिपा था, इसलिए यह मेरी तरह की बॉलिंग के लिए सही था। मेरा काम बस सही एरिया में बॉलिंग करना था। जब आप थोड़ी सी मजबूत विकेट पर सही एरिया में बॉलिंग करते हैं, तो बॉल पकड़ती है और धीमी आती है, जो एक बॉलर के तौर पर अच्छा लगता है। पहले ही मैच में बॉलिंग के लिए ऐसी सतह मिलने से एक बॉलर के तौर पर आपका कॉन्फिडेंस बढ़ता है। मैं स्टंप्स पर बॉलिंग करने के बारे में सोच रहा था, क्योंकि मैं चांस लेना चाहता था कि अगर वह मिडिल में न जाए। लेकिन जब उसने मुझे छक्का मारा, तो मैंने तुरंत अपनी स्ट्रेटेजी बदलकर वाइड बॉलिंग कर ली, क्योंकि वह मुझे सीधी लाइन पर मारता रहता। इसलिए, मैंने पांचवें-छठे स्टंप की लाइन पर फिनिश करने का फैसला किया, यह सोचकर कि अगर वह क्रॉस गया, तो शायद उसकी टाइमिग सही न हो, और वही हुआ, यह हमारे लिए एक बड़ा विकेट था। जडेजा ने शिवम दुबे को आउट करने के बाद अपने जबरदस्त सेलिब्रेशन पर कहा, ष्जब मैं सीएसके के लिए खेलता था।

# सूर्यवंशी भारतीय टी 20 टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं: चावला

**गुवाहाटी, वार्ता।** रियान पराग, गुवाहाटी में वैभव सूर्यवंशी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए देख रहे थे और बस यही सोच रहे थे, वाह, ए कैसे करता है? वहीं दूसरी ओर पीयूष चावला और अंबाती रायुडू - ईएसपीएन क्रिकइंफो स्टूडियो से मैच देखते हुए सोच रहे थे कि 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के इस बल्लेबाज के लिए भारतीय टीम का बुलावा अब ज्यादा दूर नहीं है। चावला ने कहा कि वह सूर्यवंशी को जल्दी ही ऊपर के स्तर पर देखना चाहेंगे,

जबकि रायुडू थोड़ा सावधान रहे लेकिन बोले कि यह युवा षनिश्चित रूप से दौड़ में शामिल है।ष आईपीएल के बाद भारत को अफग़ानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलना है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट हिदी शो में रायुडू ने कहा कि सूर्यवंशी, देश के कई युवा खिलाड़ियों से एक स्तर ऊपर दिखते हैं और ऐसी प्रतिभा हैं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए जरूर कमाल करेगा। हालांकि कब करेगा, यह नहीं कहा जा सकता, लेकिन भविष्य में जरूर ऐसा होगा। जिस तरह वह बल्लेबाजी कर रहे हैं और जिस आजादी के साथ खेल रहे हैं, यह इस बात का सबूत है कि आरआर मैनेजमेंट ने शानदार काम किया है और उनके लिए चीजों को जिटल नहीं बनाया है। उनकी शॉट-मेकिग और जिस आसानी से वह गेंदबाजों पर आक्रमण करते हैं, इस उम्र में अविश्वसनीय है। रायुडू ने कहा, ष्मेरे हिंसाब से टी20 में उनका पहला बुलावा आ सकता है, बशर्ते अगर उनका आईपीएल बहुत अच्छा जाता है और वह दिखाते हैं कि वह दबाव में भी शांत रह सकते हैं। मत भूलिए, हमारी भारतीय टीम अभी विश्व चैंपियन है और हाल ही में टीम ने टी20 विश्व कप जीता है। इसलिए टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। मेरे हिंसाब से अभी कुछ खिलाड़ी उनसे आगे हैं, क्योंकि टीमें अगले आईसीसी टूर्नामेंट को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। कई खिलाड़ी हैं जो पिछले दो-तीन साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह निश्चित रूप से रेस में होते। लेकिन अभी कई खिलाड़ी उनसे आगे हैं। अगर सूर्यवंशी अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचते हैं, तो चावला मानते हैं कि वह आसानी से ढल जाएंगे। उन्होंने कहा कि यही आईपीएल की खूबसूरती है। 15 साल की उम्र में वह विश्व स्तरीय गेंदबाजों का सामना कर रहे हैं। जब वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे, तो यह उनके लिए नया नहीं होगा। वह पहले ही 140 की गति वाली गेंदबाजी का सामना कर रहे हैं।

# सुरक्षा प्रोटोकॉल उल्लंघन: शाहीन अफरीदी पर लगा जुर्माना

**लाहौर, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स ने 28 मार्च को टीम होटल में सुरक्षा प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन की अंदरूनी जांच के बाद शाहीन शाह अफरीदी पर 1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया है।

हालांकि, टीम ने इस घटना को ष्पब्लिक बातचीत में असल संदर्भ से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया बताया। इस घटना की रिपोर्ट सामने आने के तुरंत बाद फ्रेंचाइजी ने जांच शुरू की, जिसमें यह पता लगाया गया कि क्या किसी काम ने पाकिस्तान सुपर लीग को चलाने वाले नियमों का उल्लंघन किया है। फ्रेंचाइजी ने कहा कि यह जुर्माना, जिसे अपनी मर्जी से और पहले से किया गया, कदम बताया गया, अनुशासन को मजबूत करने और जवाबदेही दिखाने के लिए लगाया गया था। कलंदर्स की एक रिलीज में कहा गया, 'डिसिप्लिन बनाए रखने और जिम्मेदारी दिखाने के लिए, फ्रेंचाइजी ने शाहीन शाह अफरीदी पर उनकी संलिप्तता के लिए 1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाकर अपनी मर्जी से और प्रोएक्टिव कदम उठाया है। लाहौर कलंदर्स ने इस मामले पर अपनी राय के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को औपचारिक रूप से एक विस्तृत जवाब भी दिया है।

बयान में आगे कहा गया, फ्रेंचाइजी ने सिक्योरिटी कर्मचारियों की कोशिशों की दिल से तारीफ की, खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए एक सुरक्षित माहौल पक्का करने में उनकी जरूरी भूमिका को पहचाना।

### कनाडा सुपर 60 सीजन 2,29 सितम्बर से 4 अक्टूबर के बीच वैंकूवर में खेला जाएगा

**वैंकूवर।** कनाडा सुपर 60 लीग, जो दुनिया भर के क्रिकेट जगत में सबसे रोमांचक नई चीजों में से एक है, अपने दूसरे सीजन के लिए 29 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक यहां के मशहूर बीसी प्लेस स्टेडियम में लौटने के लिए तैयार है, जिसका बेसब्री से इंतजार था। एक जबरदस्त डेब्यू सीजन के बाद, जिसने दुनिया भर के फैंस का ध्यान खींचा, कनाडा सुपर 60 इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर में एक बड़ा इवेंट बनने की अपनी यात्रा जारी रखे हुए है। लीग पार्टनर युवराज सिंह ने कहा कि पिछले साल के पहले सीजन की सफलता के बाद, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कनाडा सुपर 60 सीजन 2 के लिए लौट रहा है। फैंस, खिलाड़ियों और दुनिया भर की क्रिकेट कम्युनिटी से मिला रिस्पॉन्स बहुत अच्छा था, और यह साफ था कि दुनिया ने इस बात पर ध्यान दिया।

# मनिका बत्रा ने लिली झांग को हराकर ग्रुप स्टेज में जीत हासिल की

**मकाओ, वार्ता।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने मंगलवार को यहां आईटीटीएफ वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे दिन अलग-अलग नतीजे दिए। महिला सिगल्स के लिए टेबल टेनिस वर्ल्ड रैंकिग में 47वें नम्बर पर मौजूद मनिका बत्रा ने अमेरिका की दुनिया की 42वें नम्बर की खिलाड़ी लिली झांग पर 3-2 (11-7, 11-2, 14-16, 5-11, 11-6) से जीत दर्ज की।

30 साल की मनिका बत्रा सीधे गेम में मुकाबला अपने नाम करने के लिए तैयार दिख रही थीं, उन्होंने तीसरे गेम में 5-2 की बढ़त बना ली और दो मैच पॉइंट हासिल किए। हालांकि, पूर्व पैन अमेरिकन सिगल्स चैंपियन लिली झांग ने जबरदस्त वापसी की और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया,



फिर गेम जीत लिया। इसी मोमेंटम के साथ, झांग ने चौथा गेम जीत कर मैच को डिसाइडर तक पहुंचा दिया। हालांकि, तीन बार की ओलंपियन बत्रा ने दबाव में वापसी की और अपने आखिरी ग्रुप मैच में जीत हासिल की। आईटीटीएफ वर्ल्ड कप में सभी ग्रुप स्टेज मैच बेस्ट-ऑफ-फाइव गेम्स फॉर्मेट में होते हैं, जिसके बाद नॉकआउट राउंड के लिए बेस्ट-ऑफ-सेवन में बदल जाते हैं। मनिका बत्रा आईटीटीएफ वर्ल्ड कप के पहले दिन ग्रुप 4 में जापान की दुनिया की नम्बर 5 मिवा हरिमोटो से टूर्नामेंट का अपना पहला मैच हार गई थीं। सिर्फ टॉप 16 ग्रुप टॉपर्स ही राउंड ऑफ 16 स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगे। मिवा हरिमोटो और लिली झांग बुधवार को आमने-सामने होंगी, जिसके बाद ग्रुप 4 की विनर का फैसला होगा। महिलाओं के ड्रॉ में भारत की दूसरी खिलाड़ी, श्रीजा अकुला, जो दुनिया में 44वें नम्बर पर हैं, ने ग्रुप 2 में अपने टूर्नामेंट के पहले मैच में पुर्तगाल की ओलंपियन फू यू के खिलाफ पहला गेम जीतकर अच्छी शुरुआत की। हालांकि, श्रीजा अकुला आखिरकार दुनिया की 48वें नम्बर की खिलाड़ी फू यू से 3-1 (8-11, 11-9, 15-13, 11-8) से हार गईं। श्रीजा अकुला बुधवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में दुनिया की नम्बर 2 और ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की वांग मन्यु का सामना करेंगी।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत

## छह अप्रैल से शुरू होने वाले पार्टी स्थापना दिवस के कार्यक्रमों पर भी हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा की जिला कार्यकारिणी में घोषित किये गये पदाधिकारियों का पार्टी कार्यालय पर स्वागत किया गया साथ ही छह अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रमों को लेकर चर्चा भी की गई।

दिल्ली रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर मुख्य अतिथि चैयरमेन यूपी सिडको एव महानगर प्रभारी वाई पी सिंह रहे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बताया कि 5 से 7 अप्रैल को किस प्रकार के कार्यक्रम होने है कार्यालय की सजावट सजा का काम करना है जिससे भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जो 6 अप्रैल 1980 है वह भी याद रहे। पार्टी के इतिहास और बलिदान पर भी हमे कार्यक्रमों में चर्चा करनी है आप सभी कार्यकर्ताओं बीच जा करके बताये और उनसे चर्चा करें और कार्यकर्ताओं को जानकारी दे कि पार्टी के सिद्धांत पर आगे बढ़ना चाहिए।



इस दौरान जिला अध्यक्ष अजीत सिहं राणा, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, नकुड विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक नरेश सैनी, पिछडा आयोग के सदस्य मेलाराम पंवार, जिला महामंत्री विपिन चौधरी, पवन सवई, राकेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, सन्दीप शर्मा, चन्द्रपाल राणा, किशोर चौधरी, अनुज राठी, रक्षा नामदेव, रूचि यादव, जिला मंत्री, जिला मीडिया प्रभारी सन्नी देव आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** ग्राम मंहगी में एक ही समुदाय के दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक चाट की दुकान पर मोमोज लेने गए युवक पर उसी समाज के एक युवक ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुई इस मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ा।

बताया गया कि ग्राम महंगी निवासी अमित गांव में स्थित चाट की दुकान पर मोमोज लेने गया था। उसी समय किसी बात को लेकर उसी समाज के एक युवक से उसका विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी युवक ने अमित पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में अमित के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

परिजनों और स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# नोडल अधिकारी का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपर गन्ना आयुक्त (समितियों) एवं नोडल अधिकारी डा.वी.बी.सिंह ने परिक्षेत्र की चीनी मिलों के ग्रामों का औचक भ्रमण कर किसानों से वार्ता करते उन्हें अनेक सुझाव दिए ओर उनके अनुभव भी साझा किए।

नोडल अधिकारी के द्वारा चीनी मिल खतौली के ग्राम बसायच, वाजि. दपुर कवाली में गन्ना बुआई का निरीक्षण किया गया। ग्राम बसायत एवं वाजिदपुर कवाली में गन्ना प्रजाति को. 0118, को.शा. 17231 एवं को.शा. 13235 के प्लाट का निरीक्षण किया गया तथा गन्ने के खेत में रैटून मेनमेन्ट डिवाईस का प्रयोग करने वाले प्लाटो का निरीक्षण किया गया तथा कृषकों से वार्ता की गई एवं चीनी मिल के द्वारा आरक्षित बीज के प्लाट का निरीक्षण किया गया। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी के द्वारा चीनी मिल मन्सूरपुर के ग्राम मदौड में गन्ना बुआई का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण में गन्ना प्रजाति को. 0118 एवं को. शा. 13235 के गन्ने के प्लाट चौक किये गये।

प्रगतिशील कृषक ओमकार त्यागी के गन्ना बीज प्लाट का निरीक्षण किया गया एवं कृषकों से वार्ता की गई। इसके उपरान्त चीनी मिल थानाभवन के ग्राम रसीदगढ में कृषक दिनेश कुमार के खेत पर भ्रमण किया गया। इसके उपरान्त चीनी मिल नानौता के ग्राम ओलरा में गन्ना बुआई का निरीक्षण किया गया तथा कृषकों से नवीन प्रजातियों के गन्ने की बुआई करने की अपील की गई तथा गन्ने के साथ पापूलर की रोपाई खेत में नही करने हेतु जागरूक किया गया साथ ही ग्राम में सहफसली की खेती का भी निरीक्षण किया गया।

नोडल अधिकारी के साथ भ्रमण में उप गन्ना आयुक्त ओ.पी. सिंह, सभी जिला गन्ना अधिकारी एवं गन्ने विभाग के अधिकारी चीनी मिलो के अधिकारी और फील्ड स्टाफ साथ रहें।

# धूमधाम के साथ मनाई जन्म जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज के तत्वाधान में जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की 2625वी जन्म जयंती बड़ी धूमधाम से मनायी गयी।

प्रातः मंदिर में आचार्य श्री 108 नयन सागर जी महाराज के सानिध्य से पाण्डुकशिला पर भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को विराजमान कर 108 कलशों से अभिषेक और शांतिधारा की गई।दोपहर के समय पालकी यात्रा निकाली गयी।यात्रा बड़े जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर महाजनान, कायस्थान, बाजार कला, पंसारी बाजार, मेन बाजार, मोहल्ला इकराम होते हुए बड़े जैन मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल बैंड बाजे ने वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा।



महिलाओं द्वारा मंदिर जी में कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें भजनों पर महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।भगवान को पालना झुलाया गया।शाम के समय महावीर भगवान की आरती की गयी।नमोकार मंत्र का पाठ किया गया।भगवान महावीर स्वामी पर प्रतियोगिता कराई गई।सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, शशांक जैन, विजय जैन, आर्जव जैन, अमित जैन, पुष्पेंद्र जैन, भूपेंद्र जैन, संजय जैन, शुभम जैन, अभिषेक जैन, पवन कुमार जैन, ललित जैन सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

# मुख्य अभियंता से मिले द्रोणपुरी क्षेत्र के निर्यातक-उद्यमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** द्रोणपुरी मिनी औद्योगिक क्षेत्र के एमएसएमई निर्यातक उद्यमियों ने पीवीवीएनएल के मुख्य अभियंता राजेश कुमार से उनके कार्यालय में मिलकर ट्रांसफार्मर पर विभागीय नियमों के विपरीत अवैध रूप से अतिरिक्त विद्युत भार जोड़े जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

उद्यमी दीप नारायण ओझा ने मुख्य अभियंता को अवगत कराया कि द्रोणपुरी मिनी औद्योगिक क्षेत्र के लगभग 10 एमएसएमई उद्यमियों ने आपसी सहयोग एवं अपने निजी व्यय से क्षेत्र में अर्बन बिजली कनेक्शन की व्यवस्था कराई थी, जिसके लिए 63 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया था। वर्तमान में इस ट्रांसफार्मर पर लगभग 66 केवीए का भार संचालित हो रहा है, जो कि इसकी निर्धारित क्षमता से अधिक है। इस संबंध में उद्यमियों द्वारा समय-समय पर विभाग को अवगत भी कराया जाता रहा है। इसके बावजूद 'दिनांक 30 मार्च को रात्रि लगभग 9:30 बजे विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से एक 5 किलोवाट का विद्युत कनेक्शन ग्रामीण लाइन से हटाकर उक्त 63 केवीए अर्बन ट्रांसफार्मर से जोड़ दिया गया। जिससे ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त भार और बढ़ गया है। उद्यमियों ने आशंका व्यक्त की कि लगातार बढ़ते ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर के फुंकने या क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो सकती है और औद्योगिक इकाइयों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उद्यमियों ने मुख्य अभियंता से मामले की गंभीरता को देखते हुए अवैध रूप से जोड़े गए अतिरिक्त विद्युत भार को तत्काल हटवाये जाने तथा प्रकरण की जांच कर संबंधित दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की मांग की। मुख्य अभियंता राजेश कुमार ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।



प्रतिनिधि मंडल नवीन सैनी, राजीव शर्मा, राहुल मल्होत्रा, नबील अंसारी, अब्दुल फहाद, मुकररम, नितिन, श्रवण सैनी आदि शामिल रहे।

# थाना मंडी पुलिस के हत्थे चढ़े दो वारंटी आरोपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटील व उपनिरीक्षक जगपाल सिंह के नेतृत्व में दो वारंटी आरोपियों मौसम पुत्र अमीर अहमद निवासी पुराना चिल. काना बस अड्डा व गुफरान पुत्र इनाम निवासी निसार रोड नयाबांस थाना मंडी को उनके घरों से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपी अलग-अलग मामलों में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# अवैध खनन से भरे ओवरलोड ट्रक सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने अवैध खनन से भरे तीन ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर सीज कर दिया। साथ ही पांच आरोपियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना चिलकाना पुलिस व राजस्व विभाग की टीम सहायक पुलिस अधीक्षक सिमरन के निर्देश पर उपनिरीक्षक रविकुमार व संग्रह अमीन यशवंत सिंह के नेतृत्व में अवैध खनन सामग्री के परिवहन की रोकथाम के लिए सघन चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान पठेड़ चौक पोस्ट पर अवैध खनन से भरे तीन ओवरलोड ट्रकों को चौकिंग के लिए रोका। ट्रकों के चालकों द्वारा कोई वैध कागजात न दिखाने पर पुलिस ने इन ट्रकों को सीज कर थाना परिसर में



खड़ा कर लिया। ट्रकों के पकड़े जाने पर दो पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे पर वाहन पकड़वाने का आरोप लगा रहे थे तथा आमादा फसाद हो गए। इस पर पुलिस ने तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए दोनों पक्षों के पांच आरो. पियों को शाति भंग की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया। दबोचे गए आरोपियों में शमशाद पुत्र जिंदा निवासी ग्राम सुचेला देवा थाना चिल. काना, समून पुत्र इनाम व आजम पुत्र नाजिम निवासीगण ग्राम दभेड़ा कला थाना चिलकाना, जुबैर पुत्र नाजिम व आमित पुत्र तैय्यब निवासीग्रण ग्राम चको थाना बेहट को शामिल हैं।

# भाजपा राष्ट्रीय विचारधारा: वाई.पी.सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यूपी सिडको के चेयरमैन व सहारनपुर प्रभारी वाई पी सिंह ने भाजपा महानगर कार्यकर्ताओं को पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

दिल्ली रोड स्थित कार्यालय पर कार्यशाला का शुभ आरंभ में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि के उपरांत वंदे मातरम गीत का गायन किया गया। उसके बाद प्रभारी वाई पी सिंह द्वारा 6 अप्रैल से शुरू होकर 12 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमें जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा कोई राजनीतिक दल नहीं है बल्कि ये राष्ट्रीय विचार धारा




है इसलिए नए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी अपनी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाते हुए भाजपा के जनाधार को बढ़ाना और मजबूत करना है।

महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुएं बताया कि हमारे पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ बनाया जाएगा। न गर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि हम सब अपने उत्सवों को बड़ी धूमधाम से मनाते है, कार्यकर्ता स्थापना दिवस को महापर्व के रूप में मनाते है।

महापौर अजय सिंह द्वारा बताया गया कि हमे हर बूथ स्तर के कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा के साथ करना है। पूर्व महापौर संजीव वालिया, के एल अरोड़ा, अमित गगनेजा, हेमंत अरोड़ा, अनुसूचित आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मिकी, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने भी विचार रखे।

कार्यशाला में महानगर महामंत्री किशोर शर्मा, ललित कटारिया, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, दुष्यंत यादव, योग चुग, अमित गर्ग, डॉ नीलू राणा, जिला मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता, मंत्री नीरज ठकराल, ठाठ सिंह, आरती शर्मा, बबीता सैनी, सोनम कश्यप, नितिन परमार, राजेश जौहरी, विपिन सैनी, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा, मनुज तायल, गोपाल मेंहदीरत्ता, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री सरदार सुपनीत सिंह जी द्वारा किया गया।

# महिला चेलना मंडल ने प्रस्तुत की भव्य सांस्कृतिक झांकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भगवान महावीर जयंती के अवसर पर हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में जैन मिलन महिला मंडल, चेलना ने सजीव सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। महिलाओं की टीम ने महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक की प्रमुख घटनाओं को क्रमबद्ध रूप से मंच पर जीवंत किया।

जैन बाग स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में माता त्रिशला के 16 स्वप्न, राजा सिद्धार्थ द्वारा उनके फलकथन तथा 56 कुमारियों द्वारा माता की सेवा और गोद भराई का दृश्य दिखाया गया। श्रावक-श्राविकाओं ने भक्तिभाव से गोद भराई की रस्म निभाई। समाज अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने महिला मंडल के परिश्रम और समर्पण की



सराहना की। मंगल आरती नवीन जैन व अनामिका जैन ने की, अतिथियों का स्वागत विपिन जैन व पायल जैन ने किया, चित्र अनावरण महावीर जैन व रेखा जैन ने किया और दीप प्रज्ज्वलन अनिल जैन ने किया। उद्घाटन विनोद जैन व आदित्य जैन ने किया।

भगवान के माता-पिता की भूमिका भरत जैन व रितिका जैन, इंद्र-इंद्राणी की भूमिका दीपक जैन व दीपिका जैन और कुबेर की भूमिका अमित जैन ने निभाई। पालने का उद्घाटन नगर विधायक राजीव गुंबर, अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, संरक्षक राकेश जैन और चौधरी अनुज जैन ने संयुक्त रूप से किया। प्रथम पालना राजीव जैन व नीलम जैन ने झुलाया और कार्यक्रम का संच. ालन मनीषा जैन व संध्या जैन ने किया। चेलना मंडल की अध्यक्ष चारू जैन और मंत्री मितुल जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अरुण जैन, सीए अनिल जैन, चौधरी अनुज जैन, संदीप जैन, नवीन जैन, अजय जैन, आदित्य जैन, विपिन जैन, नितिन जैन, दीपक जैन, पार्षद गौरव जैन, मीडिया प्रभारी आयुष, जैन राजा निखिल जैन, पंकज जैन, संजय जैन, विभोर जैन, पूर्व पार्षद मानसिंह जैन, मनोज जैन सहित चेलना मंडल समिति की अध्यक्ष चारू जैन, मंत्री मितुल जैन, कोषाध्यक्ष शिप्रा जैन, नूतन जैन, बाला जैन, रजनी जैन, रीना जैन, सीमा जैन, रूपाली जैन, सारिका जैन, सुनिता जैन, प्रेक्षा जैन, दीपिका जैन, रूची जैन, रूबी जैन आदि उपस्थित रहे।

# गिरफ्तारी के विरोध में किसानों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के कार्यकर्ताओं ने उड़ीसा में किसान नेता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में रामपुर मनिहारान थाने पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। जिसमें बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी शामिल हुए।

चौधरी धर्मवीर गुर्जर ने कहा कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत को तुरंत रिहा किया जाए,अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द रिहाई नहीं हुई तो दिल्लीख्रयमुनोत्री नेशनल हाईवे को जाम कर दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी उड़ीसा प्रशासन की होगी।गौरतलब है कि उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में राकेश टिकैत



की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही भाकियू कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कार्यकर्ता रामपुर मनिहारान थाने पर एकत्र हुए और धरने पर बैठ गए। किसानों ने साफ कहा कि जब तक टिकैत की रिहाई नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा और वे वापस नहीं लौटेंगे। धरने के दौरान किसानों ने पुलिस प्रशासन और उड़ीसा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान प्रदीप पँवार, सरवर प्रधान, मांगेराम,किरतपाल चौधरी, मांगेराम आदि मौजूद रहे।

# सामान लेने गए युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** रात के समय दुकान पर सामान लेने गए युवक के साथ मारपीट की गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

गांव महंगी निवासी अमित गांव की ही एक दुकान पर मोमोज लेने गया था। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक के साथ उसकी कहासुनी हो गई जो बाद में मारपीट में बदल गई। मारपीट के दौरान अमित गंभीर रूप से घायल है गया जिसे चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है लेकिन हालत ज्यादा खराब होने पर युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

मारपीट के दौरान डंडा ले जाते हुए एक युवक सीसीटीवी में कैद हो गया है। सीसीटीवी पास की दुकान में ही लगा था। थाना प्रभारी विकास ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हो गई है। इसके बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# बालाजी धाम से निकाली ध्वज यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बाला जी संकट मोचन सेवा समिति द्वारा मंगलवार को बाला जी धाम से ध्वज यात्रा निकाली। यात्रा में भारी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने वातावरण को धार्मिक बनाकर रख दिया।

राम बाग मार्ग पर बाला जी धाम से ध्वज यात्रा का आरंभ किया गया। आदेश गर्ग ने धर्मध्वजा पूजन किया तथा महंत सुशील शर्मा व राकेश आर्य ने पवित्र ज्योति



प्रज्जवलित की। अरविंद कपूर ने रथों पर विराजमान प्रभु श्रीराम एवं श्री बालाजी की आरती की। पूजन कार्य पंडित रोहित शर्मा द्वारा सम्पंन कराया गया। यात्रा का शुभारंभ राकेश आर्य ने फीता काट कर किया।घ यहां से यात्रा प्रमुख मार्गो से होकर निकली। ध्वज यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सैंकड़ों ध्वज अपने हाथों में उठा रखे थे।

रास्ते में भजनों ने ऐसा भक्ति पूर्ण वातावरण बना दिया कि श्रद्धालु रास्ते में ही नाचने लगे। ध्वज यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही। राम बाग रोड पर बाला जी धाम पर गुरुवार को जागरण का भी आयोजन होगा जिसमें अनेक स्थानों से आए गायक बाबा का गुणगान करेंगे।

यात्रा में बाला जी धाम के महंत सुशील शर्मा के अलावा सुनील, बिजेंद्र, बलवंत मलिक, मुकेश, भारत गर्ग, राजेश, जितेंद्र नामदेव, मुकेश, प्रदीप, अनिरूद्ध एडवोकेट, आशू गर्ग, दीपांशु, बृजमोहन वर्मा समेत अनेक श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल रहे।

# खुद को दीन के रास्ते पर चलाएं: सूफी शमशाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारन।** हजरत सूफी शमशाद ने कहा कि जिस तरह जिस्म को आराम सुकून चाहिए उसी तरह रूह को दीन के रास्ते पर चलने से सुकून मिलता है।

चर्रोह स्थित मदरसा जामिया दावत-उल-हक मुइनिया में तालीमी साल की शुरूआत पर दुआ की गई। हजरत सूफी मुहम्मद शमशाद ने कहा कि जिस तरह जिस्म को आराम और सुकून की जरूरत होती है वैसे ही रूह को भी आराम और सुकून की जरूरत होती है और यह अल्लाह तआला के दीन पर चलने से मिलता है। इंसान का अल्लाह तआला से रिश्ता जितना मजबूत होगा, उसकी रूह को उतनी ही सुकून मिलेगा।

मुफ्ती मुकर्रम हुसैन कासमी ने कहा कि मदरसे दीन के मजबूत किले हैं और आज के समाज में जो दीनी काम और रौनक है वह इन्हीं दीनी



मदारिस की वजह से है। उन्होंने कहा कि दीनी तालीम हासिल करने वालों को अंग्रेजी और दूसरी जरूरी साइंस भी सीखनी चाहिए क्योंकि इसके बिना वे दुनिया तक खुदा के दीन को पहुंचाने की अपनी ड्यूटी को असरदार तरीके से पूरा नहीं कर पाएंगे। जमीयत उलेमा ए हिन्द के जिला उपाध्यक्ष मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि दीनी तालीम हर मुसलमान के लिए जरूरी है ताकि हम सब मुसलमान के तौर पर अच्छी जिंदगी जी सकें और अपने हक और फर्ज के बारे में पूरी तरह से जागरूक हो सकें। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में ईमान और कामयाबी के लिए दीनी माहौल का होना बहुत जरूरी है। बिगड़ते माहौल ने युवा पीढ़ी को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया है।

इस दौरान मौलाना हुसैन मजा. हिरी, कारी मुहम्मद सलमान, कारी जीशान, अरशद, नजाकत,अनस मजाहिरी आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

**सम्पादकीय**

बुधवार, 1 अप्रैल 2026

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# पैचीदा होते हालात

ईरान के साथ अमेरिका-इस्राईल युद्ध अब बेहद खतरनाक मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। यह युद्ध कैसे खत्म होगा, आज की तारीख में इसे बताने के लिए कोई भी सक्षम व्यक्ति इस धरती पर मौजूद दिखाई नहीं दे रहा है। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। भले ही यह युद्ध ईरान-अमेरिका/इस्राईल के बीच दिखाई दे रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि इस युद्ध की आग में पूरी दुनिया झुलसती दिखाई दे रही है। इसलिए कोई भी मुल्क यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकता कि इस संघर्ष से उसका कोई लेना-देना नहीं है। यह बेहद अफसोसजनक बात है कि विश्व स्तर पर इस समय कोई भी ऐसा नेता नहीं है, जो आगे बढ़कर सभी पक्षों को शांति की मेज पर लाए। इक्का-दुक्का कोशिशें हो रही हैं, लेकिन वह वास्तव में शांति के लिए कम दिखावे के लिए ज्यादा होती दिखाई दे रही हैं। हाल ही में हुई पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक भी कोई रंग लाती दिखाई नहीं दे रही है, लेकिन इस अवसर पर मिस्र के विदेश मंत्री ने जो कहा था वह काफी ध्यान देने योग्य है। उनका कहना था कि इस जंग को केवल ट्रम्प ही रोक सकते हैं। असल में इस जंग में जो सबसे बड़ी रुकावट है वह जंग शुरू करने वाले देश ही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर कोई भरोसा करने के लिए तैयार नहीं है और जब तक भरोसा नहीं होगा किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता और न ही किसी से कोई बातचीत का मतलब है। यह बात इस आधार पर की जा रही है कि बातचीत का भरोसा ट्रम्प ने ही तोड़ा है। ईरान का कहना तर्कसगत है कि जब बातचीत हुई है तब-तब अमे. रिका ने उस पर हमला किया है। जब 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया गया तब भी बातचीत का सिलसिला जारी था और खुद ट्रम्प कह रहे थे कि बातचीत सही दिशा में जा रही है। ईरान की तरफ से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही थी। लोगों को भी उम्मीद थी कि यह संकट आराम से टल जाएगा, लेकिन अचानक अमेरिका-इस्राईल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला, बल्कि उसके धार्मिक शीर्ष नेता आयातुल्ला अली खामेनेई समेत दर्जनों टॉप सैन्य कमांडर मार दिए गए। यह हमला कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता। यही कारण है कि आज अमेरिका पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ता दिखाई दे रहा है। कठिन परिस्थितियों में उसका साथ देने वाला नाटो संगठन भी उससे न सिर्फ दूरी बना रहा है, बल्कि उसको यह अतार्किक युद्ध थोंपने के लिए नसीहत भी दे रहा है। भले ही ट्रम्प अपनी खीज मिटाने के लिए नाटो को कागजी शेर, कायर कह रहे हों, लेकिन इससे वास्तविक तथ्यों को नहीं बदल सकते। ट्रम्प भी जानते हैं कि वह इस युद्ध में फंस चुके हैं। हालात इतने बुरे हो चले हैं, कि उन्हें इस युद्ध से बाहर निकलने के लिए पाकिस्तान जैसे देश की मदद लेनी पड़ रही है।

## आजीविका की समस्याएं गंभीर हो रही



उप्र जैसे बड़े और गरीब राज्य में रोजगार, महंगाई और आजीविका की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं, सरकारें इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल वादों और जुमलेबाजी तक सीमित हैं, जिससे आमजन का जीवन और कठिन हो गया है, वैश्विक तनाव, विशेषकर अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मेहनतकश वर्ग पर पड़ा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं, आत्मनिर्भरता केवल नारा नहीं , बल्कि इसे वास्तविकता में बदलने की जरूरत है, इसके लिए सरकार को दीर्घकालीन और सर्वसम्मति आधारित नीति बनानी चाहिए, जिसमें सभी दलों को शामिल किया जाए।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# ईरान-इस्राईल युद्ध का भारत पर प्रभाव



ईरान-इजराइल युद्ध केवल दो देशों के बीच सैन्य टकराव भर नहीं है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा बाजार, व्यापार व्यवस्था और वित्तीय स्थिरता पर गहरा प्रभाव डालने वाला संकट बन चुका है। पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) लंबे समय से विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र रहा है, और इसी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। भारत जैसे विकासशील और ऊर्जा आयात पर निर्भर देश पर इसका प्रभाव और भी अधिक गहरा पड़ता है। वर्तमान समय में यह युद्ध केवल सीमित क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रहा, बल्कि इसका असर वैश्विक तेल कीमतों, व्यापार मार्गों, मुद्रा विनिमय दर, निवेश प्रवाह और आम जनता की जीवनशैली तक पहुंच चुका है।

हालिया घटनाओं में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार इस संघर्ष ने वैश्विक तेल आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, जिससे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है और कई देशों की आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ा है, यह स्थिति भारत के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है। भारत लगभग 85.90 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका सीधा असर भारत के व्यापार संतुलन, मुद्रा मूल्य और महंगाई पर पड़ता है। ईरान-इजराइल युद्ध के चलते तेल की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। रिपोर्ट्स के अनुसार कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं और भविष्य में 150 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है।

तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत के लिए कई स्तरों पर संकट पैदा करती है। सबसे पहले, भारत का आयात बिल बढ़ जाता है। जब तेल महंगा होता है, तो सरकार को अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ता है। इससे भारतीय रुपये पर दबाव आता है और उसकी कीमत गिरने लगती है। रुपये की कमजोरी का अर्थ है कि भारत को हर आयात के लिए अधिक भुगतान करना पड़ेगा, जिससे महंगाई और बढ़ जाती है।

महंगाई इस युद्ध का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रभाव है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ जाती है। जब परिवहन महंगा होता है, तो इसका असर हर वस्तु पर पड़ता है खाद्यान्न, सब्जियां, दवाइयां, कपड़े, निर्माण सामग्री आदि सभी महंगे हो जाते हैं। इस प्रकार आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ बढ़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल की कीमतों में हर 10 प्रतिशत वृद्धि भारत की जीडीपी वृद्धि दर को 0.20-0.25 प्रतिशत तक कम कर सकती है।

ईरान-इजराइल युद्ध का दूसरा बड़ा प्रभाव व्यापार पर पड़ता है। भारत का एक बड़ा व्यापार पश्चिम एशियाई देशों के साथ होता है। खाड़ी क्षेत्र से भारत को न केवल तेल मिलता है, बल्कि भारत वहां बड़ी मात्रा में सामान निर्यात भी करता है, जैसेकृबासमती चावल, मसाले, दवाइयां, कपड़ा और इंजीनियरिंग उत्पाद। युद्ध के कारण समुद्री मार्गों में असुरक्षा बढ़ जाती है, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल गुजरता है। इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा भारत के व्यापार को सीधे प्रभावित करती है। जब समुद्री मार्ग असुरक्षित होते हैं, तो जहाजों के बीमा और माल ढुलाई की लागत बढ़ जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि भारतीय निर्यातकों की लागत बढ़ जाती है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो जाती है। कई बार निर्यात में देरी या रद्दीकरण भी होता है, जिससे भारत के व्यापार घाटे में वृद्धि होती है। इस युद्ध के कारण भारत के कई उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। विशेष रूप से वे उद्योग जो तेल पर निर्भर हैंकृजैसे परिवहन, विमानन, रसायन, प्लास्टिक, उर्वरक और विनिर्माण। विमानन क्षेत्र पर इसका सीधा असर पड़ा है क्योंकि हवाई ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं और कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े हैं। इससे टिकट महंगे हुए हैं और यात्रियों की संख्या में गिरावट आई है। भारतीय शेयर बाजार भी इस युद्ध से अछूता नहीं रहा। जैसे ही युद्ध की खबरें बढ़ीं, निवेशकों में डर पैदा हुआ और उन्होंने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जैसे सोना और अमेरिकी डॉलर। इससे भारतीय शेयर बाजार में गिरावट आई और विदेशी निवेशकों ने पैसा निकालना शुरू कर दिया। इससे बाजार में अस्थिरता बढ़ी और कई कंपनियों के शेयर मूल्य गिर गए। रुपये की कमजोरी एक और बड़ी समस्या है। जब विदेशी निवेशक पैसा निकालते हैं और आयात बिल बढ़ता है, तो रुपये की मांग कम हो जाती है। इससे रुपये की कीमत गिरती है। रूपए के कमजोर होने से आयात और महंगा हो जाता है, जिससे महंगाई का दुष्चक्र शुरू हो जाता है। इस युद्ध का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। महंगाई बढ़ने से आम लोगों की क्रय शक्ति कम हो जाती है। मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के लिए जीवन यापन कठिन हो जाता है। रोजमर्रा की जरूरतोंकृजैसे खाना, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्यकृकी लागत बढ़ जाती है। इससे सामाजिक असंतोष भी बढ़ सकता है। भारतीय सरकार के सामने इस स्थिति में कई चुनौतियां हैं। एक ओर उसे महंगाई को नियंत्रित करना है, दूसरी ओर आर्थिक विकास को बनाए रखना है। यदि सरकार पेट्रोल और डीजल पर टैक्स कम करती है, तो उसकी आय द्धतमअ. मदनमत्रः घट जाती है। लेकिन यदि टैक्स नहीं घटाती, तो जनता पर बोझ बढ़ता है। यह एक संत. ुलन बनाने की कठिन स्थिति है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक को भी ब्याज दरों को लेकर सावधानी बरतनी पड़ती है।

यदि महंगाई बढ़ती है, तो ब्याज दरें बढ़ानी पड़ती हैं, लेकिन इससे निवेश और विकास पर असर पड़ता है। इस प्रकार युद्ध का प्रभाव मौद्रिक नीति पर भी पड़ता है। भारत के निर्यात क्षेत्र को भी इस युद्ध से नुकसान हुआ है। विशेष रूप से वे वस्तुएं जो खाड़ी देशों को निर्यात की जाती हैं जैसे बासमती चावल, मसाले, दवाइयां और वस्त्र उनकी मांग में कमी आई है या आपूर्ति बाधित हुई है। कुछ मामलों में माल नष्ट भी हुआ है या समय पर नहीं पहुंच पाया, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर खाद्य और उर्वरक की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। युद्ध के कारण आपूर्ति श्रंखला बाधित होती है, जिससे कृषि क्षेत्र पर भी प्रभाव पड़ता है। भारत जैसे देश, जहां बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां इसका प्रभाव व्यापक होता है। ईरान-इजरा. इल युद्ध ने यह भी दिखाया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कितनी कमजोर है। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस स्थिति में किसी भी वैश्विक संकट का सीधा असर भारत पर पड़ता है। इसलिए लंबे समय में भारत को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतोंकृजैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैव ईंधनकृकी ओर तेजी से बढ़ना होगा।

इस संकट का एक सकारात्मक पहलू भी हो सकता है। यह भारत को आत्मनिर्भर बनने और अपनी ऊर्जा नीति में सुधार करने के लिए प्रेरित कर सकता है। साथ ही, यह भारत को अपने व्यापार मार्गों और साझेदार देशों में विविधता लाने के लिए भी मजबूर कर सकता है। अंततः ईरान. इजराइल युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। एक क्षेत्र में होने वाला संघर्ष पूरे विश्व को प्रभावित कर सकता है। भारत के लिए यह एक चेतावनी है कि उसे अपनी आर्थिक और ऊर्जा नीतियों को अधिक मजबूत और लचीला बनाना होगा। यदि यह युद्ध लंबे समय तक चलता है, तो भारत को गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता हैकृजैसे उच्च महंगाई, धीमी आर्थिक वृद्धि, बढ़ता व्यापार घाटा और कमजोर मुद्रा, लेकिन यदि भारत सही नीतिगत कदम उठाता है, तो वह इस संकट को अवसर में भी बदल सकता है। इस प्रकार, ईरान-इजराइल युद्ध केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक आर्थिक संकट है जिसने भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक संरचना को प्रभावित किया है। आने वाले समय में इस युद्ध की दिशा और अवधि यह तय करेगी कि इसका प्रभाव कितना गहरा और दीर्घकालिक होगा।

**-एस.एम.राव**

# जलवायु परिवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय तनाव व बढ़ता संकट

**आजकल वैज्ञानिक 'डिजिटल ट्विन' नामक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कंप्यूटर पर नदी प्रणाली का एक आभासी मॉडल बनाया जाता है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन का नदी पर क्या असर पड़ेगा। चीन की यांग्त्से नदी घाटी में इस तकनीक का इस्तेमाल जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए किया जा चुका है। सिंधु जल संधि कई युद्धों और राजनीतिक तनाव के बावजूद दशकों तक चलती रही।**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार पानी के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया की जल व्यवस्था दम तोड़ रही है। कई नदियां, ग्लेशियर और भूजल भंडार अपनी प्राकृतिक सीमा से ज़्यादा दबाव में हैं, और संभव है कि वे पहले जैसी स्थिति में फिर कभी न लौट सकें।

ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे नदियों का बहाव बदल रहा है। राजनीतिक तनाव इस समस्या को और जटिल बना रहे हैं। कई देशों के बीच पानी बंटवारे से जुड़े समझौते दबाव में आ गए हैं। अप्रैल 2025 में भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया, जो 1960 से सिंधु नदी तंत्र के इस्तेमाल को तय करती थी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान कुनार नदी पर एक बड़े जलाशय निर्माण की योजना बना रहा है, जिससे पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी में कमी आ सकती है। इसी बीच भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल बंटवारे का समझौता भी दिसंबर में खत्म होने वाला है। नया समझौता न होने से नदी पर निर्भर लगभग 63 करोड़ लोग प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, पानी से सम्बंधित पुराने समझौतों को बनाए रखना ही काफी नहीं है बल्कि उन्हें आज की परिस्थितियों के अनुसार ढालना होगा। पहले के समझौते उस समय के स्थिर जल स्तर को ध्यान में रखकर बनाए गए थे। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश, ग्लेशियर पिघलने और नदियों के बहाव के पैटर्न पहले जैसे नहीं रहे। नवीनतम



जानकारी उपलब्ध हो, तो समस्याओं का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। आजकल वैज्ञानिक 'डिजिटल ट्विन' नामक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कंप्यूटर पर नदी प्रणाली का एक आभासी मॉडल बनाया जाता है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन का नदी पर क्या असर पड़ेगा। चीन की यांग्त्से नदी घाटी में इस तकनीक का इस्तेमाल जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए किया जा चुका है। सिंधु जल संधि कई युद्धों और राजनीतिक तनाव के बावजूद दशकों तक चलती रही। इसका एक कारण यह था कि इसमें विश्व बैंक जैसे तटस्थ मध्यस्थ की भूमिका थी और दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञों की एक संयुक्त समिति भी बनाई गई थी। और पानी से जुड़े ढांचे और परियोजनाओं के लिए साझा वित्तीय व्यवस्था भी रखी गई थी। ऐसी संस्थाओं को और मजबूत होना चाहिए, ताकि वे पूरे नदी क्षेत्र के प्रबंधन में डैटा के आधार पर फैसले ले सकें। नदियों को केवल पानी के स्रोत के रूप में देखने की बजाय उन्हें समग्र प्राकृतिक तंत्र के रूप में समझना होगा। बेहतर जानकारी, आपसी सहयोग और लचीले समझौतों की मदद से अभी भी आने वाले वैश्विक जल संकट को टाला जा सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सोशल मीडिया की बढ़ती लत से दिमागी और सामाजिक प्रभाव

सोशल मीडिया का आगमन पिछले एक दशक में हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों ने न केवल हमारी संवाद शैली को बदल दिया है, बल्कि हमारी मानसिकता, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा प्रभाव डाला है। हालांकि, इस तकनीकी प्रगति के साथ-साथ, सोशल मीडिया की लत भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इस लेख में हम सोशल मीडिया की लत के स्वास्थ्य पर प्रभावों की गहराई से चर्चा करेंगे।

**सोशल मीडिया की लत: एक परिचय**

सोशल मीडिया की लत को किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो उनके दैनिक जीवन, कार्यक्षमता, और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यह लत व्यक्तियों को अपने वास्तविक जीवन से दूर कर देती है और उन्हें एक आभासी दुनिया में सीमित कर देती है।

**सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग**

1. जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्ग में प्रभाव

आजकल के युवा और बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि औसतन एक व्यक्ति दिन में लगभग 2-3 घंटे सोशल मीडिया का उपयोग करता है। यह समय न केवल संचार के लिए, बल्कि मनोरंजन, समाचार, और अन्य जानकारी के लिए भी उपयोग किया जाता है।

2. सोशल मीडिया का व्यावसायिक उपयोग

सोशल मीडिया का उपयोग व्यवसायों में भी बढ़ रहा है। कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही हैं। हालांकि, इस व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ, व्यक्तिगत उपयोग भी बढ़ रहा है।

**अवसाद और चिंता**

सोशल मीडिया की लत से अवसाद और चिंता की समस्याएं बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति दूसरों के जीवन को देखकर अपनी स्थिति की तुलना करते हैं, तो उन्हें असुरक्षा का अनुभव होता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**आत्म-सम्मान में कमी**

सोशल मीडिया पर ष्लाइकष और ष्फॉलोअरष की संख्या से व्यक्ति का आत्म-सम्मान प्रभावित होता है। जब व्यक्ति को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो उनकी आत्मछवि पर बुरा असर पड़ता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य**

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग रात में नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार सूचनाओं के कारण व्यक्ति सोने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**शारीरिक गतिविधियों की कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से शारीरिक गतिविधियों की कमी होती है। यह वजन बढ़ने, हृदय रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

**व्यक्तिगत संबंधों में कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से व्यक्ति अपने वास्तविक संबंधों की उपेक्षा करने लगता है। इससे पारिवारिक और मित्रता संबंध कमजोर हो सकते हैं।

**सामाजिक अलगाव**

जब व्यक्ति केवल ऑनलाइन बातचीत में ही उलझा रहता है, तो वे वास्तविक दुनिया से अलगाव का अनुभव कर सकते हैं। यह सामाजिक जीवन में कमी का कारण बनता है।

**प्रभावी शोध और अध्ययन**

अनेक शोधों ने सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने रोजाना अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताया, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए।

**डेटा का विश्लेषण**

एक अन्य अध्ययन में, 18 से 24 वर्ष के युवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को स्थापित किया गया। यह पाया गया कि जिन युवाओं ने अपने आत्म-सम्मान को सोशल मीडिया पर आधारित किया, उनमें अवसाद की संभावना अधिक थी।

**समाधान और उपाय**

सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करना एक प्रभावी उपाय हो सकता है। व्यक्ति को अपनी स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहिए और इसे केवल आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए।

**डिजिटल डिटॉक्स**

डिजिटल डिटॉक्स का अर्थ है कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाना। इससे व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य को पुनः सुधारने और वास्तविक जीवन में जुड़ने का अवसर मिलता है।

**जागरूकता कार्यक्रम**

लोगों को सोशल मीडिया के प्रभावों के बारे में जागरूक



करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

**मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं**

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए पेशेवर मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

**निष्कर्ष**

सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी लत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इसे समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है, ताकि हम इसके फायदों का लाभ उठा सकें और इसके हानिकारक प्रभावों से बच सकें। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल हमारे लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए हमें सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**



इजरायल। पेटाह टिकवा में ईरानी मिसाइल से प्रभावित स्थल का निरीक्षण करते इजरायली सुरक्षा बल और निवासी।

# इजरायल में फलस्तीनी अपराधियों को 90 दिन में फांसी

## अपील करने का अधिकार खत्म, इजरायली संसद 'नैस्ट' ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को दी मंजूरी





■ इसे विशेष स्थिति में 180 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है
■ इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी

**तेल अवीव।** इजरायल की संसद 'नैस्ट' ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को मंजूरी दी है, जो इजरायली नागरिकों की हत्या के दोषी वेस्ट बैंक के फलस्तीनियों के लिए 'मौत की सजा' अनिवार्य बनाता है। इस समय इजरायल की जेल में 1100 कैदी बताए जाते है जिनमें बच्चों की संख्या 250 है।

इस विधेयक की सबसे विवादित बात यह है कि इसमें सजा का दोहरा मापदंड रखा गया है-जहां वेस्ट बैंक के फलस्तीनियों पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाकर उन्हें फांसी दी जाएगी, वहीं समान अपराधों के लिए इजरायली नागरिकों (यहूदियों) पर नागरिक अदालतों में मुकदमा चलेगा, जो उन्हें इस कठोर सजा के दायरे से बाहर रखता है। 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, इस विधेयक के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकी गतिविधियों के दोषी पाए गए वेस्ट बैंक के निवासियों के लिए 'फांसी की सजा' ही मुख्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल कुछ अस्पष्ट 'विशेष परिस्थितियों' में ही उम्रकैद की सजा सुना सकेंगे। इसके मुता. बिक, सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर फांसी देनी होगी। इसे विशेष स्थिति में 180 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है। 120 सीटो वाली नैस्ट में सोमवार को इस विधेयक के पक्ष में 62 वोट पड़े, जिनमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का वोट भी शामिल था। विपक्ष में 48 वोट पड़े और एक सदस्य मतदान से अनुपस्थित रहा। इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी। मतदान के बाद बेन ग्विर ने सार्वजनिक रूप से इसका जश्न मनाया और सोशल मीडिया पर लिखा कि हमने इतिहास रच दिया!!! हमने वादा किया था और उसे पूरा कर दिखाया। इस विधेयक की हालांकि व्यापक स्तर पर निंदा की जा रही है और इसे 'भेदभावपूर्ण' बताया जा रहा है। यूरोपीय देशों, मानवाधिकार समूहों और फलिस्तीनी प्राधिकरण ने दो अलग-अलग कानूनी प्रणालियां बनाने के लिए इस कानून की कड़ी आलोचना की है। 'एसोसिएशन फॉर सिविल राइट्स इन इजरायल' इस विधेयक को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे रही है। उनका तर्क है कि यह कानून संवैधानिक और अधिकार क्षेत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और राष्ट्रीयता के आधार पर असमान व्यवहार (भेदभाव) स्थापित करता है। विधेयक के समर्थकों ने हमलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि वे इजरायली और फलस्तीनियों के बीच 'आतंक के चक्र' को तोड़ना चाहते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने इस पर 'गहरी चिंता' व्यक्त करते हुए कहा कि इस विधेयक से 'लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संबंध में इजरायल की प्रतिबद्धताओं के कमजोर होने' का खतरा है। गाजा पर नियंत्रण रखने वाले हमास ने सोमवार शाम एक बयान में कहा कि इस विधेयक की मंजूरी इजरायली जेलों में बंद फलस्तीनी कैदियों के 'जीवन के लिए खतरा' है। हमास ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से 'अपने कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने' का आह्वान किया।

## ईरान के क्षतिग्रस्त परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से आबादी को कोई खतरा नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के क्षतिग्रस्त परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से देश की आबादी को कोई खतरा नहीं है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के उप प्रमुख मोहम्मद रजा करदान ने यह बात कही है। उन्होंने सोमवार को समाचार एजेंसी आईआरएनए से कहा कि अब तक, नुकसान इस तरह का नहीं है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को कोई खतरा हो। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संभावित नुकसान की रिपोर्ट मिलने के बाद विकिरण सुरक्षा विशेषज्ञ स्थिति का आकलन कर रहे हैं। संगठन ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिका और इजरायल ने दक्षिणी ईरान में 'एलो. केक' के नाम से जाने जाने वाले पाउडर वाले यूरेनियम सांद्रण का उत्पादन करने वाले एक संयंत्र पर हमला किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोपीय संघ परिषद ने ईरान पर लगे प्रतिबंधों को बढ़ाया

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने कथित मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को लेकर ईरान पर लगे प्रतिबंधों को 13 अप्रैल, 2027 तक बढ़ा दिया है। यूरोपीय संघ परिषद ने यह जानकारी दी। परिषद ने सोमवार को एक बयान में कहा कि परिषद ने आज ईरान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के जवाब में यूरोपीय संघ के प्रतिबंधात्मक उपायों को 13 अप्रैल 2027 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। बयान के अनुसार, इन उपायों में ईयू में प्रवेश पर प्रतिबंध और संपत्ति को फ्रीज करना, साथ ही ईरान को दूरसंचार निगरानी उपकरणों के निर्यात पर प्रतिबंध शामिल है।

### यरूशलम में दस धमाकों की आवाज सुनी गई : रिपोर्ट

**यरूशलम।** इजरायल की राजधानी यरूशलम में कम से कम 10 धमाकों की गूंज सुनी गई है। एजेंसी फ्रांस-प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने इससे पहले कहा था कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइल का पता लगाया है और हवाई सुरक्षा प्रणालियां उन्हें रोक रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश के कई हिस्सों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र पर हमलों के साथ ही पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### हैती में मरने वालों की संख्या 70 तक पहुंचने का अनुमान

**मेक्सिको सिटी।** मध्य अमेरिकी देश हैती के आर्टिबोनिट क्षेत्र में एक गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 तक पहुंचने का अनुमान है। रेडियो टेली गैलेक्सी ने आर्टिबोनिट के मेयर के हवाले से यह जानकारी दी। हैती की राष्ट्रीय पुलिस ने पहले सोशल मीडिया पर बताया था कि हमले में मरने वालों की प्रारंभिक संख्या 16 थी, जबकि अन्य 10 स्थानीय निवासी घायल हुए थे।

# ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार डोनाल्ड ट्रम्प

## ट्रम्प होमुर्ज जलडमरूमध्य खोलने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने सहयोगियों के समक्ष अपनी जिद त्यागी



■ अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए
■ ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगियों से कहा है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य खोले बिना ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार हैं। 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' अखबार ने अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प और उनके सहयोगियों ने हाल के दिनों में आकलन किया कि इस अहम जलमार्ग को खोलने का कोई भी अभियान संघर्ष को उनकी तय समय-सीमा (चार से छह सप्ताह) से आगे बढ़ा देगा।

उन्होंने फैसला किया कि अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए, जबकि साथ ही तेहरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए ताकि व्यापार का मुक्त प्रवाह फिर से शुरू हो सके। अधिकारियों ने अखबार को बताया कि अगर यह तरीका नाकाम रहता है, तो अमे. रिका यूरोप और खाड़ी देशों में अपने सहयोगियों पर दबाव डालेगा कि वे जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पहल करें। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिनमें तेहरान भी शामिल था, इन हमलों से काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मौजूद अमे. रिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है। यह मार्ग फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार तक तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। इस नाकेबंदी ने इस क्षेत्र में तेल के निर्यात और उत्पादन के स्तर को भी प्रभावित किया है। इसके परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं।

## होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहने पर बढेंगी तेल की कीमतें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस कासमैन का मानना है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने के लिए बंद रहता है, तो तेल की कीमतें आसमान छूने के साथ 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। ब्रिटिश समाचार पत्र 'द टाइम्स' ने अर्थशास्त्री कासमैन के बयान के हवाले से कहा कि ऐसी स्थिति में, यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने तक बंद रहता है, तो तेल की कीमतें लगभग 150 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं और ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर औद्योगिक उपभोक्ताओं को कमी का सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका-इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान की राजधानी तेहरान सहित देश के विभिन्न ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिससे भारी क्षति हुई और नागरिक हताहत हुए थे। ईरान पे इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है। इस बीच, फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजारों में तेल और तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग-होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला नौपरिवहन प्रभावी रूप से ठप हो गया है।

## नासा के चंद्रमा मिशन आर्टेमिस-II के लिए उल्टी गिनती शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बुधवार को भेजे जाने वाले अपने चंद्रमा मिशन आर्टेमिस-II के लिए मंगलवार से उल्टी गिनती शुरू कर दी है। नासा ने आज एक अपडेट में कहा कि परीक्षण उड़ान के लिए उल्टी गिनती फ्लोरिडा में एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर में चल रही है, जहां चार अंतरिक्ष यात्री अपने कंसोल पर पहुंच रहे हैं। आर्टेमिस II आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत नासा का पहला चालक दल वाला मिशन है, जिसे इसे फ्लोरिडा में एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। इसे एक अप्रैल को शाम 6:24 बजे (भारतीय समयानुसार 2 अप्रैल सुबह 3.54 बजे) लॉन्च किया जाना है। इसमें नासा के तीन और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के एक अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा के चारों की यात्रा और वापसी की लगभग 10 दिनों की यात्रा के लिए भेजा जा रहा है। इस अभियान में एजेंसी पहली बार मानव यात्रियों को ले जाने के लिए ओरियन अंतरिक्ष यान की जीवन रक्षक प्रणालियों का भी परीक्षण करेगी, जिससे भविष्य के चालक दल वाले आर्टेमिस मिशनों के लिए आधार तैयार हो सकेगा। उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू होने के साथ, इंजीनियर 'फ्लाइट हार्डवेयर' को पावर दे रहे हैं, संचार लिक की जांच कर रहे हैं और रॉकेट के क्रायोजेनिक सिस्टम को ईंधन भरने के लिए तैयार कर रहे हैं।

## ट्रम्प के नाम पर होगा फ्लोरिडा एयरपोर्ट का नाम

■ उनके घर के नजदीक यह हवाईअड्डा, पहले राष्ट्रपति होंगे जिनके कार्यकाल में नाम बदलेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर राष्ट्रपति ट्रम्प के नाम पर रखने का फैसला लिया गया है। फ्लोरिडा के गवर्नर रान डीसैंटिस ने एक बिल पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर 'प्रेसिडेंट डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंटरनेशनल एयरपोर्ट' किया जा रहा है।

फ्लोरिडा सरकार के फैसले के बाद अब इस नाम को लागू करने के लिए फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके बाद फ्लाइट चार्ट, नेविगेशन सिस्टम और एयरपोर्ट साइनेज में बदलाव किया जाएगा। एफएए की मंजूरी मिलने पर 1 जुलाई से यह नाम लागू हो सकता है। ऐसा होने पर ट्रम्प पहले ऐसे राष्ट्रपति होंगे, जिनके कार्यकाल के दौरान ही उनके नाम पर एयरपोर्ट रखा जाएगा। पाम बीच इंटरनेशनल अमेरिका का नौवां ऐसा कमर्शियल एयरपोर्ट बन जाएगा, जिसका नाम किसी राष्ट्रपति पर होगा। यह एयरपोर्ट ट्रम्प के मार-ए-लागो एस्टेट के बेहद करीब है, जो उनका मुख्य निवास है। अमेरिका में किसी एयरपोर्ट का नाम बदलना सिर्फ एक प्रशासनिक फैसला नहीं होता, बल्कि इसमें स्थानीय, राज्य और फेडरल तीनों स्तरों पर प्रक्रिया शामिल होती है। अमेरिका के ज्यादातर एयरपोर्ट स्थानीय सरकार या एयरपोर्ट अथारिटी के नियंत्रण में होते हैं। सबसे पहले सिटी काउंसिल एयरपोर्ट बोर्ड नाम बदलने का प्रस्ताव पास करती है। अगर एयरपोर्ट राज्य के अधिकार में है, तो गवर्नर या स्टेट लेजिस्लेचर की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कुछ मामलों में सिर्फ स्थानीय मंजूरी ही काफी होती है, लेकिन बड़े एयरपोर्ट के लिए राज्य का रोल अहम होता है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) अमेरिका में एयरपोर्ट संचालन पर नजर रखने वाली प्रमुख संस्था है। नाम बदलने के बाद एफएए को आफिशियल अपडेट भेजा जाता है। सभी एयर ट्रैफिक सिस्टम, मैप्स और डेटाबेस में नाम अपडेट होता है। हालांकि एयरपोर्ट का कोड आमतौर पर नहीं बदला जाता। इसे बदलना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इससे इंटरनेशनल एविएशन सिस्टम प्रभावित होता है। फ्लोरिडा एयरपोर्ट का कोड भी बदला जा रहा है। अमेरिकी सांसद ब्रायन मस्ट ने एयरपोर्ट का तीन अक्षरों वाला कोड पीबीआई से बदलकर डीजेटी करने का प्रस्ताव भी रखा है, जो ट्रम्प के नाम के शुरुआती अक्षर हैं।

# किसी भी आक्रमणकारी के काट देंगे पैर: ईरान

## अमेरिका के संभावित जमीनी हमले को लेकर ईरान की चेतावनी

■ रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान में तैनाती के लिए तैयार हैं

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार को एक बार अमेरिका को कड़ी चेता. वनी दी। उसने कहा कि अगर कोई देश उस पर हमला करता है, तो उसकी सेना उसे कड़ा जवाब देगी।

तेहरान में इस्लामी रिवाल्यूशन. री गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के खातम अल-अनबिया मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाघरी ने कहा, ईरान की सशस्त्र सेनाएं देश पर हमला करने वाले किसी भी हमलावर के पैर काट देंगी। ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी। प्रेस टीवी के मुता. बिक, रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान में तैनाती के लिए तैयार हैं, खासकर अगर अमे. रिका जमीनी हमला करता है। इस बीच, वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। भले ही होर्मुज जलडमरूमधय बंद ही क्यों न रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने अपने सहयोगियों से कहा कि वह ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर कम करने के लिए तैयार हैं, चाहे होर्मुज जलडमरूमधय पूरी तरह बंद ही क्यों न रहे। इस फैसले से इस अहम जलमार्ग पर तेहरान का नियंत्रण बढ़ सकता है। इसे फिर से खोलने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। ट्रम्प ने संकेत दिया कि ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमता को कमजोर करने जैसे बड़े लक्ष्य हासिल किए जा चुके हैं, इसलिए अब इस संघर्ष को खत्म किया जा सकता है। अमे. रिकी अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रम्प का मानना है कि समुद्री अभियान में लंबे समय तक उलझे बिना अपने मुख्य सैन्य लक्ष्यों को हासिल करके अमेरिका जीत का दावा कर सकता है।

## डब्लूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन रहा बेनतीजा

**याओउंडे (कैमरून)।** विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन सोमवार को गतिरोध के साथ समाप्त हो गया। ब्राजील और तुर्की ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क से मिलने वाली छूट को 2030 के अंत तक बढ़ाने के अमेरिका समर्थित समझौते को रोक दिया। पिछले 28 वर्षों से मिली यह छूट देशों को डिजिटल वस्तुओं पर टैरिफ लगाने से रो. कती है, जो वैश्विक ई-कॉमर्स का प्रमुख आधार है। ब्राजील ने डब्ल्यूटीओ में व्यापक सुधारों का आह्वान किया और चेतावनी दी कि नियमों पर आधारित व्यापार प्रणाली अभूतपूर्व दबाव में है।

# अमेरिकी सैनिक के आने का 'इंतजार' कर रहे: ईरान

■ अमेरिका कथित तौर पर हफ्तों से ईरान में सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को धमकी देते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों के जमीनी आक्रमण का जोरदार जवाब देने के लिए तैयार है और उनके आने का 'इंतजार' कर रहा है।

यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी 'प्राथमिकता ईरान में तेल लेने की होगी'। अमेरिका कथित तौर पर हफ्तों से ईरान में सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है, जिसमें खर्ग द्वीप और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तटीय स्थलों पर छापेमारी शामिल है। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खातम अल-अंबिया मुख्यालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों के आने पर सशस्त्र बल कड़ा जवाब देंगे। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका ने एक सीमित आक्रमण की तैयारी की है जिसमें विशेष अभियान बलों और पारंपरिक पैदल सेना दोनों द्वारा छापेमारी शामिल हो सकती है।

## यूरोपीय संघ का ईंधन आयात बिल 14.9 अरब डॉलर बढ़ा: रिपोर्ट

**मॉस्को।** यूरैक्टिव ने एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज के हवाले से कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यूरोपीय संघ को ऊर्जा आयात के बिल में 13 अरब यूरो (14.9 अरब डॉलर) की अतिरिक्त लागत चुकानी पड़ी है। ऊर्जा मंत्रियों की मंगलवार को होने वाली ऑनलाइन बैठक से पहले ब्रुसेल्स ने यूरोपीय संघ के देशों को भेजे दस्तावेज में कहा कि 28 दिनों के संघर्ष ने संघ के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में पहले ही 13 अरब यूरो जोड़ दिए हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे।

# पाकिस्तान में सरकारी स्कूल पर हमला

## उग्रवादियों ने झंडा फहराया, सेना के साथ मुठभेड़ में नौ उग्रवादी ढेर



■ पाक सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सरकारी स्कूल पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले के बाद सुरक्षा बलों की कार्वाई में कम से कम नौ उग्रवादी मारे गए।

पाकिस्तान पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को उग्रवादियों ने खैबर जिले के बारा तहसील के आका खेल इलाके में स्थित गवर्नमेंट हाई स्कूल ख्वाजा मीर कलाय पर हमला कर दिया। हमलावरों का मकसद स्कूल भवन पर कब्जा करना था। हमले के दौरान उग्रवादियों ने स्कूल से पाकिस्तान का राष्ट्रीय धवज उतारकर अपनी झंडा फहरा दिया। इसकी सूचना मिलते ही पाकिस्तानी सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने नौ उग्रवादियों को मार गिराया और स्कूल पर दोबारा कब्जा हासिल कर लिया। इसके बाद स्कूल पर फिर से पाकिस्तान का राष्ट्रीय धवज फहरा दिया गया। अभी तक किसी उग्रवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उग्रवादियों ने हमले के दौरान स्कूल पर कब्जे और झंडा फहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जारी किया था, जिसका उद्देश्य प्रचार करना बताया जा रहा है। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर सर्च आपरेशन शुरू किया, ताकि किसी भी फरार उग्रवादी और उनके सहयोगियों को पकड़ा जा सके। फिलहाल स्कूल परिसर को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है और हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

## पाक में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत, 49 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी वर्षा के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें 10 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ए हादसे बन्नू, उत्तरी वजीरिस्तान और कोहाट जिलों में हुई, जहां भीषण वर्षा के कारण छतों के गिरने और कई घरों को आंशिक क्षति पहुंचने की खबरें हैं। वर्षाजनित हादसों में 49 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार तक प्रांत के कई जिलों में रुक-रुक कर वर्षा होने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और उचित सुरक्षा सावधानी बरतने की सलाह दी है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108